सूर्योदय 6:09 सूर्यास्त 6:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.8 न्यू | 14.2 अधि |
| धर्मशाला | 12.0 न्यू | 19.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74014.55 |
| निफ्टी | 22462.00 |
| सोना 69,380 | चांदी 78,068 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 2 अप्रैल, 2024 | 20 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 104, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- एयरपोर्ट प्रभावित नहीं डालेंगे वोट
- पढ़ाई के लिए उठाएं मेधा प्रोत्साहन योजना का लाभ

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- कभी करीब रहे सुधीर-जग्गी धर्मशाला में होंगे आमने-सामने!
- धर्मशाला बीजेपी का रहा गढ़ किशन कपूर ने जीते 5 चुनाव

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- राहुल गांधी को नहीं मालूम है लोकतंत्र की परिभाषा: कंगना रनौत
- जल्द शुरू किया जाए बल्ह सब्जी मंडी का निर्माण

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- ऑल इंडिया क्रॉसमिंटन नेशनल चैंपियनशिप में छाए प्रदेश के खिलाड़ी
- चेतावनी : इस साल 20 दिन रहेगी हीटवेव

पृष्ठ 14 पर पढ़ें





## आज का मैच

रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु vs लखनऊ सुपर जायंट्स

स्थान: बेंगलुरु, समय : रात 7:30 बजे

# केजरीवाल को 15 तक भेजा तिहाड़ जेल

## शराब घोटाला मामला: दिल्ली के सीएम बैरक नंबर दो में रहेंगे, जेल से सरकार चलाने पर सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आबकारी** घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। केजरीवाल को तिहाड़ की बैरक नंबर-2 में रखा जाएगा। केजरीवाल के जेल के भीतर से सरकार चलाने पर कई सवाल हैं। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि केजरीवाल हमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। वह हमें गुमराह कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने पूछा कि ज्यूडिशियल कस्टडी के लिए ये दलीलें कितनी सही हैं? एएसजी राजू ने कहा कि केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं शेयर कर रहे हैं। केजरीवाल जांच को भ्रमित करना चाहते हैं।

**कोर्ट में पहली बार आतिशी-सौरभ के नाम का खुलासा**

ईडी ने कोर्ट में सौरभ भारद्वाज और आतिशी का नाम लिया है। ईडी जब राउज एवेन्यू कोर्ट में मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी का जिक्र कर रही थी तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस दौरान चुप रहे। एसवी राजू ने दलील दी कि विजय नायर सीएम केजरीवाल के करीबी रहे हैं। केजरीवाल ने पूछताछ में कहा था कि विजय नायर उन्हें रिपोर्ट नहीं करता था, वह आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। वहीं, दूसरे मामले की दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह मामला केजरीवाल के जेल से सरकारी आदेश के खिलाफ था। सुरजीत सिंह यादव ने पीआईएल दाखिल कर जेल से सरकारी आदेश देने पर रोक लगाने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए याचिका खारिज कर दी।



### ये रहेगी केजरीवाल की रूटीन

- **सुबह 6:30 बजे** उठना होगा। ब्रेकफास्ट में चाय और ब्रेड
- **10:30 से 11 बजे** लंच में दाल, एक सब्जी और पांच रोटी या चावल
- **दोहपर 3 बजे** तक अपने सैल के अंदर रहेंगे
- **3:30 बजे** चाय और दो बिस्कुट
- **4 बजे** अपने वकील से मिल सकेंगे
- **5:30 बजे** डिनर
- **7 बजे** वापस अपने सैल में जाएंगे

**जेल में ये सुविधाएं मिलेंगी**

- टीवी देख सकेंगे, न्यूज, एंटरटेनमेंट और खेल सहित 18 से 20 चैनलों की अनुमति होगी
- 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।
- डायबिटिक होने की वजह से रोजाना जांच की जाएगी।
- हफ्ते में दो बार परिवार के सदस्यों से मिल सकेंगे। जेल सुरक्षा की ओर से नाम तय होंगे।

**ईडी ने कहा- सहयोग नहीं, कर रहे गुमराह**

**फोन का पासवर्ड भी शेयर नहीं कर रहे**

### केजरीवाल बोले- मेरे खिलाफ साजिश

**पेशी** के दौरान केजरीवाल ने कहा कि यह राजनीतिक साजिश है, जनता इसका जवाब देगी। सुनवाई के दौरान अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और उनका बेटा भी कोर्ट रूम में मौजूद था। केजरीवाल ने कोर्ट में अपनी बात रखते हुए कहा था कि असली घोटाला तो ईडी की जांच के बाद शुरू हुआ। ईडी के दो मकसद थे। एक स्मोक क्रिएट करना था कि आप पार्टी भ्रष्टाचारी है। दूसरा मकसद उगाही करना है।

### केजरीवाल ने मांगी तीन किताबें

**केजरीवाल** के वकील ने जेल में कुछ जरूरी दवाएं और तीन किताबें उपलब्ध कराने की मांग की है। केजरीवाल की ओर से पेश वकील रमेश गुप्ता ने न्यायिक हिरासत के दौरान भागवत गीता, रामायण और हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड नामक पुस्तक पढ़ने की अनुमति देने की मांग की। उन्होंने मांग की कि न्यायिक हिरासत के दौरान केजरीवाल को विशेष भोजन और जेल में कुर्सी और मेज उपलब्ध कराई जाए।

### चुनाव में केजरीवाल को जेल में रखना भाजपा का मकसद: सुनीता

**अरविंद** केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि भाजपा का मकसद चुनाव के दौरान केजरीवाल को जेल में रखना है। उनसे 11 दिन पूछताछ की गई, पूछताछ पूरी हो गई। कोर्ट ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया। फिर उन्हें जेल में क्यो रखा जा रहा है?

### तिहाड़ जेल में बंद हैं और चार नेता

| जेल नंबर-1 | जेल नंबर-5 | जेल नंबर-6 | जेल नंबर-7 |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
| मनीष सिसोदिया | संजय सिंह | के. कविता | सत्येंद्र जैन |

## न्यूज शॉर्ट्स

### तोशाखाना मामला: इमरान खान और बुशरा बीबी की सजा रद्द

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इस मामले में इमरान और बुशरा की 14 साल की जेल की सजा को निलंबित कर दिया है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद तय की जाएगी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई थी।

### सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। सेंथिल को धनशोधन से जुड़े मामले में पिछले साल गिरफ्तार किया था। उन्होंने इस मामले में हाईकोर्ट से राहत न मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुयन की बेंच ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए एजेंसी से 29 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है।

### कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे तीनों निर्दलीय विधायक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायक अपने इस्तीफे पर हाईकोर्ट का रुख करेंगे। हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा, देहरा से होशियार सिंह और नालागढ़ से केएल ठाकुर इस्तीफा मंजूर न होने पर मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। तीनों निर्दलीय विधायक 10 दिन पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को अपना इस्तीफा सौंप चुके हैं, लेकिन चूंकि स्पीकर ने अभी तक इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है, इसलिए तीनों विधायक अपना इस्तीफा मंजूर कराने के लिए हाईकोर्ट से हस्तक्षेप की मांग करेंगे।

**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

### चुनाव आयोग की घोष और श्रीनेत को फटकार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने भाजपा सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को महिलाओं के खिलाफ दिए आपत्तिजनक बयान को लेकर फटकार लगाई है। आयोग ने दोनों नेताओं को चेतावनी दी है कि वे अपने बयानों को लेकर सावधान रहें और आयोग की अब उन पर चुनाव के दौरान खास नजर रहेगी।

चुनाव आयोग ने दोनों नेताओं को चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी माना है और भविष्य में सार्वजनिक बयानों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। भाजपा सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत के बयानों को लेकर चुनाव आयोग ने दोनों नेताओं को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

### प्रदेश सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचने के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई

## आशीष शर्मा और चैतन्य के पिता की अग्रिम जमानत बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हाईकोर्ट** में प्रदेश सरकार को गिराने के लिए षड्यंत्र रचने के मामले की सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने गगरेट से कांग्रेस के बागी विधायक चैतन्य शर्मा के पिता पूर्व मुख्य सचिव राकेश शर्मा और हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा की अग्रिम जमानत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

**अब 26 अप्रैल को होगी मामले की सुनवाई**

राकेश शर्मा और आशीष शर्मा ने केस को वापस लेने के लिए भी याचिका दायर की है। कोर्ट ने आशीष शर्मा और राकेश शर्मा की पिटीशन का सरकार से भी 26 अप्रैल तक जवाब मांगा है। वकील जनरल अनूप रत्न ने कहा कि राकेश शर्मा ने जांच में पुलिस का सहयोग नहीं किया।

इस मामले में उन्होंने इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर को धमकाया है। यह सारी बातें कोर्ट के ध्यान में लाई हैं। कोर्ट ने अग्रिम जमानत देते वक्त स्पष्ट कहा कि जब जब पुलिस राकेश शर्मा और आशीष शर्मा को जांच के लिए बुलाएगी, तो उन्हें जांच के लिए आना होगा।

#### विधायकों की खरीद-फरोख्त का है आरोप

**आरोप** है कि इन्होंने राज्यसभा चुनाव में सरकार गिरने के लिए षड्यंत्र रचा और विधायकों की खरीद-फरोख्त की। आशीष शर्मा और राकेश शर्मा पर करोड़ों रुपए के लेन-देन के आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा है कि आरोपियों ने सरकार गिराने के लिए साजिश रची। शिकायतकर्ताओं ने हमीरपुर के निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और बागी विधायक चैतन्य शर्मा के पिता के बैंक खातों की जांच करवाने जाने की मांग की है।

#### कांग्रेस के विधायकों ने दर्ज करवाई है एफआईआर

**कांग्रेस** विधायक संजय अवस्थी और भुवनेश्वर गौड़ ने बालूगंज थाना में एफआईआर करवाई है। इसमें आशीष शर्मा और राकेश शर्मा पर सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र रचने का आरोप है। इसी मामले में दोनों ने हिमाचल हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत ले रखी है। इनकी अग्रिम जमानत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी है।

### नयना देवी में निजी बस की चपेट में आई महिला, मौत

**श्री नयना देवी।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में सोमवार को निजी बस की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की रहने वाली विमलेश कुमारी (45) सोमवार सुबह नयना देवी बस अड्डे के पास माता के दर्शन के लिए पैदल जा रही थी। इस दौरान वह अलीगढ़ की बस (यूपी 81-बीटी-5377) की चपेट में आ गई।

डीएसपी विक्रांत ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी हुई है। एसपी विवेक चहल ने बताया कि मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और रक्षा के लिए बिलासपुर पुलिस दिन-रात तैनात है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। मंदिर प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को 20 हजार रुपए की राहत राशि दी गई है।

### तीन से फिर बिगड़ेगा मौसम, येलो अलर्ट जारी

**शिमला।** प्रदेश में तीन से छह अप्रैल तक फिर मौसम बिगड़ेगा। हिमाचल में अभी भी 265 सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से एक बार फिर प्रदेश में बारिश व बर्फबारी का दौर शुरू होगा।

**प्रदेशभर में अभी भी 265 सड़कें बंद**

राज्य में अंधड़ चलने व बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। लाहौल-स्पीति जिले में अभी भी 250 सड़कें अवरुद्ध हैं। मंडी में पांच, कुल्लू व किन्नौर में तीन-तीन, चंबा में दो और शिमला व कांगड़ा में एक-एक सड़क बंद है। लाहौल-स्पीति में दो और कुल्लू में एक नेशनल हाईवे अवरुद्ध है। इसके अलावा 340 बिजली ट्रांसफार्मर ठप रहे। लाहौल-स्पीति में सबसे ज्यादा 239, हमीरपुर में 41, किन्नौर में 28, सोलन में 16, चंबा में 12 और ऊना में चार ट्रांसफार्मरों के खराब होने से बिजली आपूर्ति बंद है।

### 3500 करोड़ के टैक्स मामले में बड़ी राहत

## आयकर विभाग कांग्रेस पर नहीं करेगा कार्रवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट में सोमवार को कांग्रेस के 3500 करोड़ की टैक्स डिमांड मामले पर सुनवाई हुई। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकसभा चुनावों के मुद्देनजर विभाग कांग्रेस के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेगा।

हम चुनाव के दौरान किसी भी पार्टी के लिए परेशानी खड़ी नहीं करना चाहते। मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने की। बेंच ने कहा कि 3500 करोड़ रुपए की मांग का इन अपीलों से कोई संबंध नहीं।

अब इस मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। कांग्रेस को 29 मार्च को आयकर विभाग से पहला नोटिस मिला था, जिसमें करीब 1823 करोड़ रुपए की डिमांड की गई। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं।

### ऊना में पकड़ी दो लाख की नकदी

**ऊना।** इलेक्शन फ्लाइंग स्क्वायड ने उपमंडल बंगाणा के तहत टिहरा में नाके के दौरान एक वाहन से दो लाख रुपए की नकदी पकड़ी है। पुलिस के पूछताछ करने पर वाहन में बैठा व्यक्ति सही जानकारी नहीं दे पाया।



पुलिस ने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश पर इस व्यक्ति के कब्जे से बरामद दो लाख की नकदी को सरकारी खजाने में जमा करवाया है। पुलिस ने जिस व्यक्ति से यह पैसा बरामद किया गया है, वह तलाई गांव का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीजेआई का आदेश: ज्ञानवापी के परिसर में जारी रहेगी पूजा

**एजेंसी, वाराणसी**

**ज्ञानवापी** मस्जिद के व्यासजी तहखाने में पूजा-पाठ करने के मामले में मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है। सोमवार को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि ज्ञानवापी तहखाने का प्रवेश दक्षिण से है, जबकि मस्जिद का उत्तर से।

दोनों एक-दूसरे को प्रभावित नहीं करते हैं। फिलहाल पूजा और नमाज दोनों अपनी-अपनी जगहों पर जारी रहेगी। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सीजेआई ने यह फैसला दिया। मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की है। इसमें हाई कोर्ट ने वाराणसी कोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा था, जिसमें हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में पूजा करने की इजाजत दी गई थी।



**आयोजन** डीसी ने किया राज्य स्तरीय मेले का शुभारंभ, देवी-देवताओं की निकली भव्य जलेब

## जोगिंद्रनगर में पांच दिन लघु शिवरात्रि मेले की धूम

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**राज्य** स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर का सोमवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। यह मेला पांच अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। पुराने मेला मैदान में चौहारघाटी के अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व पहाड़ी बजीर देव श्री पाशाकोट सहित उपस्थित समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व देव श्री पाशाकोट की अगुआई में देवी-देवताओं की भव्य जलेब निकली।

डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने जलेब की अगुआई की। डीसी मेला मैदान जोगिंद्रनगर में मेले का झंडा फहराकर विधिवत शुभारंभ किया। वही, डीसी ने पुराने मेला मैदान में लगी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार उत्पादों का अवलोकन किया। इस मौके पर निदेशक राजस्व प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर सतीश कुमार शर्मा मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

पहले दिन भव्य जलेब



### सिग्नेचर कैंपेन व सेल्फी प्वॉइंट को किया लांच

**मेला** मैदान से डीसी ने लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए सिग्नेचर कैंपेन तथा सेल्फी प्वॉइंट को भी लांच किया। उन्होंने आगामी एक जून को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने और सिग्नेचर कैंपेन व सेल्फी प्वॉइंट से जुड़ने का भी आहवान किया। उन्होंने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव में प्रत्येक मत अति महत्वपूर्ण है। ऐसे में सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के माध्यम से अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाने का आह्वन किया है।

## अरुणाचल की 30 जगहों के नाम बदल चीन ने बताया अपना हिस्सा

### भारत ने कहा- काल्पनिक नाम रखने से सच्चाई नहीं बदल जाती

**एजेंसी, बीजिंग**

**चीन** अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पिछले कुछ दिनों में अरुणाचल प्रदेश पर ड्रैगन ने अपना दावा बार-बार दोहराया है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर वहां की 30 जगहों के नाम बदल दिए हैं।

वहीं, भारत ने कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश का अभिन्न अंग है और 'काल्पनिक' नाम रखने से इस सच्चाई में कोई बदलाव नहीं आएगा। हांगकांग मीडिया हाउस साउथ चाइना के मुताबिक, 11 रिहायशी इलाके, 12 पर्वत, चार नदियां, एक तालाब और एक पहाड़ों से निकलने वाला रास्ता है। इन जगहों के नाम क्या रखे गए हैं, यह जानकारी नहीं दी गई। इन नामों को चीनी, तिब्बती और रोमन में जारी किया। सात साल में ऐसा चौथी बार हुआ है, जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदला हो। चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। 2021 में 15 जगहों और 2017 में छह जगहों के नाम बदले थे।

#### आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा : जयशंकर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन के दावे पर कहा कि अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तब क्या वह मेरा हो जाएगा? अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य था, है और रहेगा। नाम बदल देने से कुछ नहीं होता है और न ही इससे कोई प्रभाव पड़ता है। हमारी सेना वहां (एलएसी पर) तैनात है। जयशंकर का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है, जब सोमवार को ही बीजिंग ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की।

# सलियाणा छिंज मेले में कलाकारों ने जमाया रंग



छिंज मेला सालियाणा में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति छोटी बच्ची।

**अजय पाल, पंचरुखी**

राज्य स्तरीय ऐतिहासिक छिंज मेला सलियाणा की दूसरी सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ में कुलपति चौधरी सरवन कुमार, हिमाचल कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर डॉ. डीके वात्सा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेला समिति की ओर से एसडीएम एवं अध्यक्ष राज्य स्तरीय छिंज मेला समिति नेत्रा मेती ने शाल, टोपी व स्मृति चिंह देकर मुख्यातिथि को सम्मानित किया।



डॉ. डीके वात्सा दीप प्रज्वलित करते हुए।

संध्या में संजीव दिक्षित, अमित मीतू व पायल ठाकुर और इशांत भारद्वाज सहित लगभग 40 से अधिक लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान तहसीलदार अरुण, कमेटी सदस्य सहित अन्य उपस्थित हुए।

वहीं राज्य स्तरीय सलियाणा छिंज मेला पंचरुखी क्षेत्र की ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर है। यह मेला 18वीं शताब्दी से निरंतर चल रहा है। 18वीं शताब्दी में बार-बार सूखा पड़ने के कारण अकाल पड़ गया था। इस भयंकर स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय लोगों ने इस क्षेत्र की सिंचाई के लिए एक बड़ी कूहल का निर्माण करवाया। पानी खेतों में पहुंचने के कारण खेत हरे भरे हो गए।

स्थानीय जनता ने छिंज करवाना शुरू किया। धीरे-धीरे यह छिंज एक विराट मेले के रूप में विकसित हो गया। काफी वर्षों से इस मेले को स्थानीय पंचायत कमेटी का गठन करके करवाती रही, लेकिन जब से सरकार ने



जानकारी देते मनजीत डोगरा व अन्य।

इस मेले को अपने अधीन लिया है तब से इसका स्तर लगातार गिरता जा रहा है। किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि सरकार सलियाणा छिंज मेले की ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन में बिल्कुल विफल हुई है। मेले में महंगाई चरम पर है क्योंकि प्रशासन के द्वारा प्लाटों को महंगे दामों में व्यापारियों को दिया गया।

# शहीद जसवीर का गांव गमगीन थम नहीं रहे हर किसी के आंसू

**अनिल छांगू, जवाली**

फतेहपुर उपमंडल की लरहूं पंचायत के 28 वर्षीय सैनिक जसवीर सिंह की शहादत पर पूरा गांव गमगीन हो गया है। मां के कलेजे का टुकड़ा और पत्नी का सुहाग तथा दो बेटियों के सिर का साया चले जाने से हर किसी के आंसू थम नहीं रहे हैं।

जसवीर के तीन भाई हैं। जसवीर दो भाइयों से छोटा था। जसवीर सिंह बचपन से ही सेना में भर्ती होने का जज्बा रखता था। उन्होंने रैहन स्कूल में 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की और उसके बाद सेना में भर्ती होने के लिए तैयारी शुरू कर दी। सेना में जाने के लिए इतने बेताब थे कि दिन-रात मेहनत करते थे और छोटी सी उम्र (18 वर्ष) में ही सेना में भर्ती हो गए।

जसवीर सिंह का बड़ा भाई प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है, जबकि दूसरा भाई एसएसबी में तैनात है। जसवीर सिंह भारतीय सेना में बंगाल इंजीनियरिंग में तैनात



शहीद जसवीर सिंह की फाइल फोटो।

था। जसवीर सिंह का विवाह 23 वर्ष की उम्र में फतेहपुर की शालू देवी से हो गया था। उनकी दो बेटियां हैं। एक बेटी चार साल, जबकि दूसरी छह महीने की है। बड़ी बेटी तो पापा-पापा कह रही है, लेकिन छोटी बेटी को क्या पता है कि उनके सिर से अब पिता का साया उठ गया है। मंगलवार को ही जसवीर छुट्टी काट कर ड्यूटी पर गया था। उसके परिवार को भी पता नहीं था कि अब जसवीर

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सिंह दोबारा अपने घर तिरंगे में लिपट कर आएगा। ऐसा किसी ने भी नहीं सोचा था कि 27 वर्ष की उम्र में ही पत्नी शालू देवी का सुहाग उजड़ जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## भूल सुधार

पहली अप्रैल, 2024 के अंक में कांगड़ा के पेज नंबर दो पर 'अंतिम यात्रा पर निकला फतेहपुर का हीरो जसवीर सिंह' शीर्षक से प्रकाशित समाचार में मुखाग्नि की जगह गलती से गुखाग्नि छप गया, जिसका हमें बेहद खेद है। शहीद का अपमान करना हमारी मंशा नहीं है। हम शहीदों के बलिदान के प्रति हमेशा कृतज्ञ थे और आगे भी रहेंगे। कृपया खबर में गलती से प्रकाशित हुए गुखाग्नि शब्द को मुखाग्नि पढ़ा जाए। अनंत ज्ञान समाचार पत्र एक बार फिर इस गलती के लिए शहीद परिवार से क्षमायाचना करता है। – संपादक

## न्यूज ब्रीफ

### राकेश शर्मा बने ब्राह्मण सभा राजोल के प्रधान

**धर्मशाला।** शाहपुर के अंतर्गत ब्राह्मण सभा राजोल का चुनाव आज सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। ब्राह्मण सभा ने प्रधान पद पर राकेश शर्मा, उपप्रधान राकेश कुमार, सचिव शिशिर शर्मा, कोषाध्यक्ष बृजभूषण एवं मीडिया प्रभारी नंदी शर्मा को नियुक्त किया है। उक्त पदाधिकारियों को कार्यकाल अगले 5 वर्ष तक रहेगा। नवनियुक्त प्रधान राकेश शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण सभा के सदस्यों ने जो दायित्व उन्हें सौंपा है, उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### आईटीआई शाहपुर में स्पोर्ट्स मीट आज से

**शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के प्रांगण में 17वीं हिमाचल प्रदेश आईटीआई जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट (पुरुष) 2024 के खेलों का शुभारंभ 2 अप्रैल से होगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि इस जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट का आगाज तकनीकी शिक्षा के निर्देशक अक्षय सूद के कर कमल द्वारा होगा। उन्होंने बताया कि खेलें 2 अप्रैल से शुरू होंगी और 5 अप्रैल तक चलेंगी। इस जिला स्तरीय स्पोर्ट्स मीट में खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, लॉन्ग जंप, हाई जंप आदि खेलें आयोजित करवाई जाएंगी।

### उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

**धर्मशाला।** बोर्ड द्वारा संचालित की जाने वाली बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं के स्थल मुल्यांकन का कार्य 4 अप्रैल से प्रदेश के 51 स्थल मूल्यांकन केंद्रों में आरंभ किया जा रहा है। मूल्यांकन के प्रथम चरण में जमा दो कक्षा के अंग्रेजी, फिजिक्स, रसायन विज्ञान, राजनीतिक शास्त्र, इतिहास, विजीनेस स्टडीज, अकाउंटेंसी व संस्कृत तथा दसवीं कक्षा के गणित, सोशल साइंस, हिंदी व कंप्यूटर साइंस विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं को मूल्यांकन कार्य के लिए बोर्ड कार्यालय द्वारा नियुक्त समस्त परीक्षकों को सूचित किया गया है कि मूल्यांकन हेतु नियुक्ति पत्र बोर्ड वैबसाइट पर उनके स्कूल यूजर में 2 अप्रैल को उपलब्ध होंगे। समस्त परीक्षक 4 अप्रैल को अपने स्थल मूल्यांकन केंद्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने दी है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ फार्माथॉन का समापन



**इंदौरा।** मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा (कांगड़ा) में फार्माथॉन मनाया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों द्वारा बहुत ही उम्दा प्रदर्शन किया गया। डॉ. कपिल कुमार वर्मा ने अतिथियों को टोपी व शॉल देकर उनका कार्यक्रम में स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. कपिल कुमार वर्मा के साथ डॉ. अश्वनी कुमार (प्रिंसिपल, मिनर्वा कॉलेज ऑफ आटर्स साइंस एंड कॉमर्स) व डॉ. प्रशांत (प्रिंसिपल, मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन) व अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताएं करवाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ फार्माथॉन का समापन हुआ। अर्पणा कश्यप के क्लासिकल संगीत ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। छठे सत्र की क्लास को क्लास ऑफ द ईयर' से नवाजा गया।

### सानवी ने पास की नवोदय विद्यालय की परीक्षा



**कांगड़ा।** जवाहर नवोदय विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें महाराणा प्रताप पब्लिक विद्यालय की छात्रा सानवी शर्मा ने इस परीक्षा को पास किया है इससे पहले भी विद्यालय इस प्रकार की उपलब्धियां हासिल करता आया है। सत्र 2021-22 में रिद्धिमा ने जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा पास की थी। सत्र 2022-23 में आकर्ष शर्मा ने नवोदय की परीक्षा पास की तथा 2023- 24 में तीन छात्रों सानवी शर्मा, आरव और शिवांश ने सैनिक स्कूल की परीक्षा पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधक कर्नल एसएस राणा ने बच्चों व अध्यापकों को बधाई दी। स्कूल प्रधानाचार्या शालिनी राणा ने इसका सारा श्रेय बच्चों की मेहनत उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को दिया।

### इसरो के लिए बनखंडी की यतिका का चयन



**देहरा।** अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में ऊंचा मुकाम हासिल करने की हसरत पाले जिला कांगड़ा स्थित गांव बनखंडी की होनहार बेटी यतिका शर्मा ने इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) के युविका प्रोग्राम-2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस परीक्षा में देशभर से केवल 350 छात्रों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश से करीब आधा दर्जन छात्राएं चयनित हुई हैं। इन्हीं में कांगड़ा जिला के छोटे से गांव बनखंडी की होनहार बेटी यतिका भी शामिल है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद अब यतिका का चयन इसरो युविका-2024 के लिए हुआ है। यतिका भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान (आईआईआरएस) देहरादून में 13 से 24 मई तक आयोजित होने वाले 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी। यतिका के पिता विनय शर्मा व चाचा संदीप पठानिया ने बताया कि यतिका गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनखंडी में नवीं कक्षा में पढ़ती है। भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान (आईआईआरएस) देहरादून से यतिका को इस शिविर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यतिका की इस उपलब्धि से परिजन खुश हैं।

## आठ साल से फरार आरोपी देहरा से गिरफ्तार

**ज्वालामुखी।** पुलिस ने 8 साल से फरार चल रहे उदघोषित अपराधी को देहरा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसएचओ ज्वालामुखी विजय कुमार, हेड कांस्टेबल सतीश और कांस्टेबल शीतल द्वारा ये कारवाई अमल में लाई गई है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मनोज कुमार उम्र (45) पुत्र स्वर्गीय मदन लाल निवासी भटेर तहसील अम्ब जिला ऊना के रूप में हुई है।

यह पुष्टी डीएसपी ज्वालामुखी राम प्रसाद जसवाल ने की है। पुलिस ने उदघोषित अपराधी को देहरा से गिरफ्तार किया है, ओर उसे अंब कोर्ट में पेश किया जाएगा। आरोपी मनोज कुमार ने बणी नामक स्थान पर मोटरसाइकल के साथ खड़े एक व्यक्ति को नैनो कार जिसे वह चला रहा था उससे टक्कर मार दी थी।

# एयरपोर्ट प्रभावित नहीं डालेंगे वोट

## किसी भी नेता ने उजाड़ीकरण के विरुद्ध नहीं दिया कोई बयान

**अनंत ज्ञान, गगल**

गगल हवाई अड्डा विस्तार प्रभावित समाज कल्याण कमेटी की बैठक आज कमेटी के अध्यक्ष रजनीश मोना की अध्यक्षता में हुई जिसमें संघर्ष समिति के सदस्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान महासचिव हंसराज चौधरी, वेद प्रकाश चट्टानी, हरीश चंद कटोच, वीरेंद्र कुमार, हरिचंद हरनाम सिंह, सुरेंद्र कुमार, विजय चौधरी सुरजीत सोनू, रमेश चंद, नवीन, मनोज कुमार, संजय कुमार, नवीन बलिया, बलबीर, प्रदीप कुमार, फकीर चंद, अश्विनी कुमार, वेद चौधरी, प्रवीण कुमार, सुरेश बलिया, जगदीप चंद, गौतम चट्टानी, कुसुम लता, स्वर्ण देवी, वृंदा देवी, सुनीता धीमान व अन्य उपस्थित थे।

बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि अगर हवाई अड्डे के विस्तार के कारण जो लोगों का



उपस्थित संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

उजाड़ीकरण हो रहा वह समस्त परिवार लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

किसी भी राजनेता ने गगल हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के कारण हो रहे उजाड़ीकरण के विरुद्ध कोई भी बयान नहीं दी और न ही कोई सहानुभूति दर्शाई है, केवल विधायक पवन काजल ने ही गगल हवाई अड्डे के विस्तार करने के विरुद्ध है।

बैठक में रजनीश मोना ने कहा कि जिला प्रशासन एवं हिमाचल प्रदेश सरकार सर्वे रिपोर्ट को बार-बार बदल रही है तथा कंपनियों को टेंडर देकर सरकार खजाने पर बोझ डाल रहे हैं, लेकिन सरकार उसे निरस्त कर दिया वह अब उसमें अपनी रिपोर्ट में लगभग 4500 करोड़ दर्शाया वह पहली कंपनी जो पुणे की थी उसने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि मांझी खड्ड पर पुल निर्माण का खर्च 11995 करोड़ होगा, इसकी आगामी राय आईआईटी रुड़की से परमश किया जाए परंतु सरकार ने ऐसा नहीं किया है।

वहीं राजोल से समलोटी तक फोरलेन सड़क का निर्माण जो पहले वह भू अर्जन हेतु जो अधिसूचना जारी की गई थी उसी अनुसार फोरलेन का निर्माण जल्द किया जाए। हाइट टेंशन 132 केवी लाइन जिस पर बहुत अधिक खर्च होगा इसके साथ हिमाचल सरकार पंजाब सरकार का केस माननीय सुप्रीम कोर्ट ने यथा स्थिति रखने का आदेश पारित किया। इन उपरोक्त कारणों से लोकसभा के चुनाव के भविष्य कार का फैसला लिया गया है।

# एचआरटीसी की लग्जरी बसों में महंगा नहीं सफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**यात्री बेधड़क होकर करें निगम की बसों में सफर**

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की लग्जरी बसों में सफर बिलकुल भी महंगा नहीं है। यात्री बेधड़क होकर निगम की बसों में सफर करें। एचआरटीसी लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हमेशा प्रयासरत है।



यह बात सोमवार को एचआरटीसी शिमला के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि एचआरटीसी का फिलहाल लग्जरी बसों में निगम ने किसी भी तरह का बस किराया नहीं बढ़ाया है। वर्तमान में निर्धारित किराया ही यात्रियों से लिया जा रहा है। परिवहन निगम की ओर से सिर्फ दस प्रतिशत छूट स्मार्ट कार्ड धारकों को पहली अक्तूबर से 31 मार्च तक लग्जरी बसों में हर वर्ष दी जाती है।

वहीं, धर्मशाला के एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने भी कहा कि निगम ने किसी बस का कोई भी किराया नहीं बढ़ाया है। निगम की ओर से वर्तमान में निर्धारित किराया ही यात्रियों से लिया जा रहा है। यात्री स्मार्ट कार्ड बनाकर 10 प्रतिशत की छूट पूरे साल भर साधारण बस और 6 महीने के लिए लक्जरी बस में इसकी सुविधा प्राप्त कर सकते हैं

## पूर्व विधायक बीजेपी के लिए बने आत्मघाती दस्ता : सुदर्शन

**संजीव महाजन, नूरपुर**

प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने कहा कि प्रदेश के पूर्व विधायकों की स्थिति एक राजनीतिक आत्मघाती दस्ता के बराबर हो गई है। एक ऐसी हास्यास्पद स्थिति बन चुकी है कि जिस भी दल में जा रहे है उस दल में राजनीतिक विस्फोटक होता जा रहा है।



यह नौ पूर्व विधायक जिनमें अभी तीन विधायक अपनी विधायकी को मौजूदा विधानसभा स्पीकर महोदय के आगे गुहार लगा कर अपने आपको अयोग्य करार देने के लिए व विशेष रूप से विधानसभा प्रांगण में एक धरना देकर अपने पांच वर्ष के जनादेश को मात्र 15 महीनों में समाप्त करना चाहते हैं जो हिमाचल के इतिहास में आज तक की सबसे शर्मनाक स्थिति से गुजरना पड़ रहा है।

सुदर्शन शर्मा ने केंद्र सरकार की हिटलरशाही पर बताया कि देश की जनता त्राहिमाम से गुजर रही है, देश के दो रखबालों ने अराजकता की स्थिति बना कर देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी है।

## सेवानिवृत्ति अर्ध सैनिक बल की बैठक 10 अप्रैल को

**डाडासीबा।** सेवानिवृत्त अर्ध सैनिक बल कल्याण संस्था इकाई डाडासीबा के प्रधान लाजपत राय ने जानकारी देते हुए बताया 10 अप्रैल 2024 को राधा कृष्ण मंदिर में सभा का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान काफी समय से सभा का आयोजन नहीं हो पाया इसलिए सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 10 अप्रैल को राधा कृष्ण मंदिर डाडा सीबा में उपस्थित रहे। इस बैठक में सभा आयोजन में कुछ विशेष निर्णय सभा के सदस्यों की सहमति से निर्णय लिए जाएंगे

## हाईकमान के आदेश पर देहरा से सुरेंद्र सिंह लड़ेंगे उपचुनाव

**सालबिया शर्मा, गरली**

पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिह मनकोटिया ने कहा कि अगर हाईकमान का आदेश हुआ तो देहरा विधानसभा क्षेत्र में खाली हुई सीट पर जरूर उपचुनाव लड़ूगा।



जबकि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के खास कहे जाने वाले सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का नाम भी देहरा विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने की दावेदारी के लिए सबसे ऊपर माना जा रहा है।

कहा जा रहा है कि सुरेंद्र सिह मनकोटिया जसबां परागपुर से ताल्लुक रखते है और देहरा विधान सभा क्षेत्र में भी इनकी मजबूत पकड़ मानी जा रही है।

लिहाजा आजाद विधायक होशियार सिंह द्वारा हाल ही में इस्तीफा दोने के बाद अब देहरा विधानसभा क्षेत्र की सीट खाली हो चुकी है और ऐसे में सुरेंद्र सिंह मनकोटिया की टिकट लगभग देहरा से पक्की मानी जा रही है।

## अवैध खनन करने पर वसूला जुर्माना

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत लगातार खनन माफिया के चलते दिन-रात ब्यास दरिया, चक्की खड्ड तथा अन्य खड्डों से अवैध रूप पर ट्रैक्टर चालकों द्वारा लगातार अवैध खनन करके इसे मोटे मुनाफे के लिए पंजाब में बेचा जा रहा है।

माइनिंग ऑफिसर नूरपुर नीरज कांत द्वारा दिए गए निर्देशानुसार आज माइनिंग फ्लाइंग गार्ड सनी जसवाल द्वारा इंदौरा के अलग-अलग क्षेत्र से सात ट्रैक्टरों से अवैध खनन के चलते 31 हजार 500 का जुर्माना वसूल पाया गया। इस मौके नीरज कांत ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार आगे भी जारी रहेगी।

# कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

शांति-निवास ठम्बा दुरगेला में आज श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। एक अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 तक पठानिया-परिवार द्वारा भागवत कथा भक्ति ज्ञान-यज्ञ सप्ताह के दिव्य आयोजन किया जा रहा है।

मंडपाचार्य पं. बाणी भूषण गैरोला ने समस्त पठानिया परिवार एवं इष्टमित्रों के साथ देव-पूजन करवाया व कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

कथा प्रवक्ता पं. बद्री प्रसाद शास्त्री जी ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि भागवत का वक्ता और



श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के मौके कलशयात्रा के दौरान मौजूद महिलाएं।

श्रोता यदि दोनों सात्विक हो और श्रद्धा, विश्वास, प्रेम और आदर से श्रीमद् भागवत का श्रवण करे तो आज भी भागवत में इतनी शक्ति है कि हम सबको ही नही अपितु पूर्वजों को भी मुक्ति प्रदान कर सकती है।

कथा वाचक ने कहा कि भगवान सच्चिदानंद स्वरूप हैं जिसमें तीन शब्द जुड़े हैं सत्-चित्-आनंद सच्चिदानन्द कभी न मिटने वाला होता है। कथा प्रवक्ता पं. बद्री प्रसाद शास्त्री ने कहा कि धर्म के चार स्तंभ सत्य, तप, पवित्रता एवं दया का महत्व बताया कलियुग में इन्ही चार स्तंभों पर धर्म टिका है।

द्रोणाचार्य महाविद्यालय प्रबंधक निदेशक जीएस पठानिया व बीएस पठानिया ने श्रोताओं का आभार जताया।

## प्रदेश सरकार उन्नति व प्रगति के मार्ग पर अग्रसर : संजय

**राकेश डोगरा, डरोह**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुलाई, जिसमें कांग्रेस के मजबूत प्रदर्शन व सुदृढ़ स्थिति होने की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार कुशल प्रशासन का प्रमाण देते हुए उन्नति और प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है।



प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो ग्रीन पंचायतें बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें सौर ऊर्जा, स्वच्छ जल, आधुनिक व व्यवस्थित भवन तथा सड़क निर्माण, अच्छी निकासी व्यवस्था इत्यादि से परिपूर्ण सुविधाएं होंगी, जिसे जल्द ही अमल में लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश में हरित हिमाचल समृद्ध हिमाचल परियोजना के तहत हरित हाइड्रोजन व अमोनियम परियोजना के अंतर्गत प्रदेश में 4000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश तथा 3500 से अधिक रोजगार सृजन का भी लक्ष्य रखा है। (अनंत ज्ञान)

**शिक्षा** उच्च शिक्षा व प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग के लिए मिलेगा एक लाख रुपए का अनुदान

# पढ़ाई के लिए उठाएं मेधा प्रोत्साहन योजना का लाभ

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

यदि किसी छात्र को पढ़ाई अथवा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग लेने में धन की कमी आड़े आ रही है तो वह हिमाचल प्रदेश मेधा प्रोत्साहन योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत 12वीं पास और जो छात्र स्नातक स्तर पर सरकारी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें राज्य सरकार द्वारा कोचिंग के लिए एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है।



इस योजना का लाभ उन मेधावी छात्रों को मिलता जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और आगे पढ़ना चाहते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा हंटर मीडिएट के 350 मेधावी छात्रों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाती है और स्नातक के 150 विद्यार्थियों की सूची बनाई जाती है।

इस योजना के तहत अभ्यर्थी बीपीएल परिवार, एससी, एसटी अथवा ओबीसी वर्ग से होने चाहिए। इसके अतिरिक्त जिन परिवारों की सालाना आय अढ़ाई लाख से कम होगी, वे इस योजना में आवेदन के लिए पात्र होंगे। योग्य उम्मीदवार यदि सभी पात्रता मापदंड को पूरा करता है तो वे लाभ पाने के योग्य होंगे। (अनंत ज्ञान)

### योजना की वेबसाइट से करें आवेदन

**इस** योजना का लाभ पाने के लिए योजना की अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश मेधा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभार्थी छात्रों की मेरिट लिस्ट जारी की जाती है और उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें अपने ही राज्य के अंदर कोचिंग दिलाई जाती या फिर अन्य राज्य में कोचिंग के लिए भेजा जाता।

### योजना से गरीब परिवारों के बच्चों को मिल रहा लाभ : धीमान

**उपनिदेशक** उच्च शिक्षा, जिला कांगड़ा माहिंद्र धीमान ने बताया कि इस योजना से गरीब परिवारों के बच्चों को लाभ मिल रहा है और जिला कांगड़ा से भी प्रति वर्ष बच्चे योजना के तहत उच्च शिक्षा एवं अच्छे संस्थानों में कोचिंग हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश मेधा प्रोत्साहन योजना के तहत छात्राओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है।
उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है व अधिक जानकारी के लिए उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# राजीव ने मनकोटिया से लिया आशीर्वाद

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

लोकसभा चुनाव को लेकर देशभर में राजनेताओं की बैठकों और जनसभाओं का दौर जारी है। इसी कड़ी में जिला चंबा और कांगड़ा के संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने शाहपुर के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया से मिले और आशीर्वाद भी लिया।

इस मौके पर पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह ने कहा कि डॉक्टर राजीव भारद्वाज भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हैं। वह हमेशा से बेवाकी के साथ लोगों की समस्याएं उठाते रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है डा. राजीव भारद्वाज संसद में जाकर जिला चंबा और कांगड़ा के लोगों की मुश्किलों को उठाएंगे। चंबा और कांगड़ा के लोग भारी बहुमत के साथ उन्हें दिल्ली भेजेंगे।



पूर्व मंत्री मनकोटिया से मुलाकात के दौरान राजीव भारद्वाज व अन्य।

इस दौरान डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा कि वह व्यक्तित्व रूप से पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया से प्रभावित हैं। इनके बेबाक अंदाज को लोग आज भी पसंद करते हैं। मुझे आशा है कि इस चुनाव में उनका आशीर्वाद उन्हें मिलेगा। इस मौके पर राकेश चौहान महामंत्री, मंडल अध्यक्ष रवि दत्त, महामंत्री जन्म सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सीमा चौधरी, हिमाचल भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश आईटी संयोजक प्रणव शर्मा, मोनी बाला, सुनीता चौधरी, प्रदीप चौधरी, राजेश चौधरी, गीता वर्मा, विजय चौधरी, विपिन चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, रवि चौधरी, जीवन चौधरी, सुमन चौधरी, जन्म सिंह चौधरी, जोगिंद्र चौधरी और सुदेश कपूर आदि मौजूद थे।

**विधानसभा चुनाव- 2022**

**27,323** मतों से जीते थे कांग्रेस के सुधीर शर्मा

**24,038** मत प्रतिद्वंद्वी भाजपा के राकेश चौधरी को मिले थे

**7,416** वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे आजाद प्रत्याशी विपिन नैहरिया

**527** वोट आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कुलवंत सिंह राणा को मिले थे, जमानत जब्त



गढ़ जमूला आईटीआई में मतदान के प्रति जागरूक करती स्वीप टीम।

## चुनावी टकी

### बापू जी के तीन बंदर शर्मिंदा... न्याय के लिए दिया धरना



**बापू** जी के तीन बंदर शर्मिंदा हैं। उनकी शिमला से लेकर सूबे भर में खूब बदनामी के साथ चर्चा हो रही है। सुना जा रहा है कि उन्होंने शिमला में न्याय के लिए धरना भी दिया है। उनको बुरा भी बोला जा रहा है, बुरी नजर से देखा भी जा रहा है और कहा भी जा रहा है। अब वे स्वतंत्र होकर सेवा नहीं करना चाहते! उनको आजादी रास नहीं आ रही है, और कौन सा उन्हें बापू जी देख रहे हैं। वे वहां जाना चाहते हैं, जहां कोई उनका कुछ न बिगाड़ पाए। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी यह सब देख अजीब उलझन में हैं। ताऊ सोच रहा है बापू के तीन बंदरों का चेहरा और चरित्र कैसे बदल गया है! उनको बदनाम करने की साजिश हो रही है, लेकिन ताऊ ये नहीं समझ पा रहे हैं, कि आजादी में उनको अचानक घुटन क्यों हो गई है। क्या उनसे कोई बड़ी गड़बड़ी हो गई है। बापू जी के तीन बंदर इतने कमजोर तो नहीं थे। बापू जी के तीन बंदरों को तो कोई गुड़ खिलाता भी नहीं सुना। अब इनपर जो आरोप लगाया जा रहा है, उसे ताऊ पचा नहीं पा रहा है। ताऊ कहां पीछे रहने वाला है, उसने पता लगा ही लिया है। बापू के तीन बंदर ठीक शर्मिंदा हैं, सियासत के खेल में चेहरे पर मुखौटा लगाए सियासी बंदर अभी जिंदा हैं। -**राजेश शर्मा**

### राणा के भाजपा में शामिल होने पर बखेड़ा क्यों?



**हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राजेंद्र राणा की भाजपा में एंट्री धूमल परिवार को नीचा दिखाने के लिए करवाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में राजेंद्र राणा ने कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ा और भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री पद से उम्मीदवार प्रेम कुमार धूमल को हराया। चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का बहुमत होने के बावजूद धूमल मुख्यमंत्री पद हासिल करने से चूक गए। 'एक्सिडेंटल चीफ मिनिस्टर' जयराम ठाकुर पद संभालने के बाद एक बार भी प्रेम कुमार धूमल से मिलने उनके घर नहीं गए, लेकिन अब उपचुनाव से पहले जयराम ठाकुर को धूमल परिवार की याद आई है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला की जनता अभी भी पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में धूमल और उनके परिवार के साथ हुए दुर्व्यवहार को भूली नहीं है।

# सत्ता के साथ चली है धर्मशाला की जनता, आंकड़े गवाह

## प्रदेश की राजनीति को भांपने में धर्मशाला की जनता माहिर

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश में भले ही सरकार किसी भी पार्टी की बने, लेकिन उपचुनावों की दहलीज पर खड़ी धर्मशाला विधानसभा हमेशा सत्ता में रही है। कांगड़ा जिले के धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होने जा रहे हैं। उपचुनाव का नतीजा क्या रहेगा, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा, लेकिन धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हमेशा सत्ता के साथ ही चले हैं।

1993 के विधानसभा मध्यावधि चुनाव को छोड़ दें तो 1985 से 2022 तक धर्मशाला के लोग सत्ता के साथ ही चले हैं, यानी कि प्रदेश में जिसकी सरकार धर्मशाला में उस पार्टी का ही विधायक चुना गया है। पूर्व में हुए विधानसभा चुनाव के आंकड़े भी इस बात की गवाही देते हैं। हालांकि इतिहास में मात्र एक बार ऐसा हुआ है, जब धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र सत्ता से बाहर रहा है। (अनंत ज्ञान)



### ऐसा रहा है धर्मशाला का चुनावी सफर



**वर्ष** 1985 में स्व. मूलराज पाधा कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीते और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। 1990 विधानसभा चुनाव में किशन कपूर ने जीत दर्ज की थी और प्रदेश में शांता कुमार की अगुआई में भाजपा सरकार बनी थी। सरकार अढ़ाई साल ही चल पाई और 1993 में विधानसभा के मध्यवर्ति चुनाव हुए। इन चुनाव में कांग्रेस ने फिर सत्ता हासिल की, लेकिन धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी किशन कपूर दोबारा चुनाव जीते थे। 1998 में हुए विधानसभा चुनाव में धर्मशाला से एक बार फिर किशन कपूर ने जीत दर्ज की और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। हालांकि, 1998 के चुनाव काफी रोचक रहे थे। भाजपा और कांग्रेस को 31-31 सीटें मिली थीं। पांच सीटें हिमाचल विकास कांग्रेस और एक सीट आजाद ने जीती थीं। ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र से आजाद जीते रमेश धवाला के बूते भाजपा ने सरकार बनाई थी। 2003 विधानसभा चुनाव में धर्मशाला में चंद्रेश कुमारी कांग्रेस की टिकट से चुनाव जीतीं और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में फिर भाजपा के प्रत्याशी किशन कपूर ने जीत दर्ज की। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। 2012 में हुए चुनाव में कांग्रेस से सुधीर शर्मा चुनाव जीते और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी। वर्ष 2017 में भाजपा से किशन कपूर चुनाव जीते और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। तत्कालीन मंत्री किशन कपूर को लोकसभा चुनाव में उतारने के बाद और उनके जीतने के बाद खाली हुई सीट पर उपचुनाव हुए। इन उपचुनाव में भाजपा के विशाल नेहरिया चुनाव जीते थे। 2022 में हुए चुनाव में कांग्रेस के सुधीर शर्मा चुनाव जीते और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। कांग्रेस के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा की विधानसभा सदस्यता रद्द होने के बाद अब एक बार फिर धर्मशाला सीट खाली हो गई है और एक जून को उपचुनाव होना तय है। अब देखना दिलचस्प होगा कि धर्मशाला की जनता इस बार भी सत्ता के साथ चलती है या विपरीत। क्योंकि मौजूदा परिस्थितियों में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में है।

# कभी करीब रहे सुधीर-जग्गी धर्मशाला में होंगे आमने-सामने!

### सुधीर शर्मा ने जीते चार चुनाव प्रदेश सरकार में रहे मंत्री



- विरासत में मिली राजनीति
- प्रदेश में प्रभावी मंत्री रहे
- एक पक्का वोट बैंक
- सौम्य और बेहतर वक्ता
- विधानसभा चुनावों का अनुभव
- ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में प्रभाव

### देवेंद्र जग्गी ने एनएसयूआई से की शुरुआत, रहे मेयर



- धर्मशाला की राजनीति में सक्रिय
- शहर के मुद्दों की समझ
- जिला परिषद व निकाय चुनावों में जीत
- सीएम सुक्खू के साथ अब अच्छे रिश्ते
- ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसार की जरूरत

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

राजनीति में न तो कोई स्थायी मित्र और न ही शत्रु होता है। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की टिकट पर जहां सुधीर शर्मा उपचुनाव लड़ेंगे, तो कांग्रेस उम्मीदवार घोषित करने में लोकसभा समेत उपचुनावों में भी पिछड़ी नजर आती है। वहीं, संभावनाओं को देखें तो कांग्रेस के पास यहां कांग्रेस नेता तथा पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी बेहतर विकल्प हैं।

अतीत में करीबी रहे सुधीर शर्मा तथा देवेंद्र जग्गी में अब छत्तीस का आंकड़ा है। यही वजह है कि जग्गी अपने बयानों से अक्सर सुधीर शर्मा पर निशाना साधते रहते हैं। 6 में से 4 विधानसभा चुनाव जीत चुके सुधीर शर्मा पूर्व में मंत्री भी रह चुके हैं तथा उनको राजनीति दिवंगत पिता पूर्व मंत्री पंडित संत राम से विरासत में मिली है। दूसरी ओर देवेंद्र जग्गी ने एनएसयूआई की छात्र राजनीति से दखल दी। वह 2018 से 2021 तक धर्मशाला नगर निगम के मेयर रहे हैं तथा 2016 से 2018 तक डिप्टी मेयर रहे। वह धर्मशाला के निगम बनने से पहले 2001 से 2005 तक रामनगर पंचायत के प्रधान रह चुके हैं। 2003 में उन्हें युवा कांग्रेस के राज्य महासचिव बनाया गया।



मेयर बनने के बाद विधायक सुधीर शर्मा के साथ देवेंद्र जग्गी, साथ में विधायक केवल सिंह। फाइल फोटो

2005 से 2010 तक वह जिला परिषद सदस्य रहे। इसके अलावा नगर निगम पार्षद व ब्लॉक तथा प्रदेश कांग्रेस में अहम पदों में वह सेवाएं दे चुके हैं। इस बीच वार्ड बदलने जैसी परिस्थितियों में जग्गी ने जीत दर्ज करवा धर्मशाला की राजनीति में खुद को स्थापित किया है।

उधर, इस बारे में जब कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि निर्णय करना हाईकमान के हाथों में है तथा अगर उन्हें मौका दिया जाता है तो वह कांग्रेस की जीत पक्की करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा बेगानों को गले लगाने के चक्कर में अपनों से अनजान

## जीतने वालों को गले लगाया, जो नहीं जीते उन्हें बाहर बिठाया

**अरविंद शर्मा, शिमला**

प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालातों के बीच कांग्रेस से भाजपा में शामिल छह बागी विधायकों को तो जगह मिल गई, लेकिन लंबे अरसे से भाजपा के लिए दिन-रात काम करने वाले कई नेताओं को भाजपा अपनाने से कतरा रही है। लोकसभा चुनावों में भाजपा अपनों को दरकिनार कर जीताऊ उम्मीदवारों को अपनाकर दोहरी नीति अपनाती प्रतीत हो रही है।

भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने सत्ता की चाहत में कांग्रेस के बागी विधायकों सहित तीन जीते हुए निर्दलीय उम्मीदवारों को तो अपना लिया, लेकिन इसके साथ ही वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ खड़े अन्य 18 बागियों को वापस लाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। यहां यह देखने योग्य है कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में नालागढ़ विधानसभा से भाजपा से बागी हुए केएल ठाकुर ने भाजपा से ही बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत हालिस की। वहीं, हमीरपुर विधानसभा के आशीष शर्मा भी भाजपा से बागी होकर ही चुनाव लड़े और जीते।

### अनुराग ने विधानसभा चुनाव के बाद शुरू किया था डैमेज कंट्रोल

**भाजपा** सांसद और केंद्रीय मत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के बाद पार्टी से बागी नेताओं को पार्टी में वापस लाने के लिए डेमैज कंट्रोल शुरू किया था। इन नताओं में भोरंज से निर्दलीय चुनाव लड़े, पवन कुमार, बड़सर से संजीव शर्मा शामिल थे।

देहरा के विधायक होशियार सिंह ने भी वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशि के तौर पर चुनाव जीतने के बाद विकास के साथ चलने और भविष्य में भाजपा द्वारा टिकट की चाह में भाजपा को अपनाया था, लेकिन उन्हें भी 2022 में भाजपा ने टिकट नहीं दिया उसके बाद होशियार सिंह ने फिर से निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीते। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हालांकि देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में पिरोने के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन अपने ही प्रदेश में अपनों के प्रति अनजान बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

## वेंटिलेटर पर है सुक्खू सरकार: जयराम ठाकुर



**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के बाद अल्पमत में चल रही सुक्खू सरकार चंद दिनों की मेहमान है। पूरी तरह वेंटिलेटर पर आ चुकी यह सरकार अंतिम सांस ले रही है। जनता की चिंता छोड़ कांग्रेसी नेता कुर्सी के लिए अंतर्कलह में उलझे हुए हैं। 15 माह में एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है। बेरोजगार, रोजगार और महिलाएं 1500 रुपए मिलने की राह देख रही हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी पूरी ताकत विकास के बजाय सरकार बचाने में लगा रखी है। जयराम ठाकुर सोमवार को मंडी के भीमाकाली मंदिर परिसर में आयोजित मंडी संसदीय क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान सत्ता प्राप्ति के लिए कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से कई बड़े वादे किए थे। अब उन्हें पूरा करने से कन्नी काट रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेसी हमसे पूछते थे कि राज्यसभा में प्रत्याशी तो उतार दिया, मगर जीतेंगे कैसे? अब पूछ रहे हैं कि भाजपा प्रदेश में सरकार बनाने के लिए बहुमत कहां से लाएगी। जैसे राज्यसभा में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन की जीत हुई ठीक वैसे ही आने वाले दिनों में भाजपा की सरकार बनेगी और कांग्रेसी देखते रह जाएंगे।

# धर्मशाला बीजेपी का रहा गढ़ किशन कपूर ने जीते 5 चुनाव

## 1977 के बाद 12 विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 8, कांग्रेस ने जीते 4

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश की हॉटसीट धर्मशाला में 1977 के बाद हुए 12 विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 8 तो कांग्रेस ने 4 बार चुनाव जीते हैं। पंजीकृत मतदाताओं की 1977 में कुल संख्या 24920 से अब तक 83000 के करीब पहुंच चुकी है। राजनीतिक अतीत पर गौर करें तो 1977 तथा 1982 में यहां से बृज लाल पहला चुनाव जनता पार्टी तथा दूसरा चुनाव भाजपा से लड़ते हुए 2 चुनाव जीते।

1977 में उन्हें कुल पंजीकृत वोटर 24920 में से 59.9 तो 1982 में कुल पंजीकृत वोटर 27477 से उन्हें 76.3 प्रतिशत मत मिले। 1985 में यहां कांग्रेस के मूलराज पाधा ने कुल 30347 मतों में से 72.7 प्रतिशत वोट लेकर जीत दर्ज की। 1990, 1993 तथा 1998 में भाजपा के किशन कपूर ने जीत की हैट्रिक लगाई। 1990 में उन्हें कुल 41660 वोटरों के 65, 1993 में 43576 पंजीकृत मतदाताओं में से 73.7 तथा 1998 में पंजीकृत 48849





मतों के 70 प्रतिशत वोट मिले। 2003 में कांग्रेस की प्रत्याशी चंद्रेश कुमारी ने कुल पंजीकृत 56549 मतों में से 75.5 प्रतिशत वोट लेकर जीत दर्ज की। 2007 में किशन कपूर ने कुल पंजीकृत 64219 मतों में से 71.08 प्रतिशत वोट लेकर वापसी की। 2012 में कांग्रेस के सुधीर शर्मा ने पंजीकृत कुल मतों 64598 में से 73.7 मत प्रतिशतता के साथ अपना विधानसभा क्षेत्र बदलने की चुनौती के बावजूद जीत दर्ज की। 2017 में भाजपा के किशन कपूर ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2019 में हुए उपचुनावों में भाजपा प्रत्याशी विशाल नेहरिया ने कुल मतदान के करीब 65 प्रतिशत वोट लेकर जीत हासिल की। 2022 में कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने फिर से जीत दर्ज की।

## युवा मतदाता



**ऐसे** उम्मीदवार को वोट दूंगी जो बिना भेदभाव के सभी की मदद करता रहे। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास परक सोच वाला हो और जनता की समस्याएं दूर करे। जो सभी वर्गों का समान विकास करवाए और लोगों को साथ लेकर चले, ऐसे उम्मीदवार को ही वोट दूंगी। पहली बार मतदान करूंगी, इसको लेकर काफी उत्साहित हूं।

**मृकुला शर्मा, भुंतर**



प्रदेश में दलबदल होना, नेताओं का फैसला है, लेकिन आम जनता को उपचुनाव झेलने पड़ेंगे। जहां तक धर्मशाला के स्मार्ट सिटी होने की बात है तो स्मार्ट सिटी के तहत विकास हो तो रहे हैं, लेकिन धीमी रफ्तार से। सरकार को तोड़ने का प्रयास बेहद गलत है। जनता इस बार विचार-विमर्श और सूझबूझ से अपने मत का प्रयोग करेगी।

**अमरजोत, धर्मशाला**

## पुरुष मतदाता



**सुधीर** शर्मा ने धर्मशाला के विकास के लिए काफी काम किया है। जब मौजूदा सरकार से धर्मशाला के विकास को लेकर मदद नहीं मिली, तो उन्होंने पार्टी से किनारा किया। मैक्लोडगंज में मॉल रोड के अलावा स्थानीय टैक्सी चालकों को काम देने के लिए प्रयास करना जरूरी है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने धर्मशाला के विकास को अनदेखा किया है।

**वीरेंद्र शर्मा, धर्मशाला**



**राजनीति** में हो रही दलबदल नीति बेहद गलत है, जनता को विचार करना चाहिए और सोच समझकर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। प्रदेश सरकार 5 वर्षों के लिए आई है, उसे अपना कार्यकाल पूरा करने का मौका देना चाहिए न कि उसे तोड़ने के प्रयास किए जाने चाहिए। जनता टैक्स अदा करती है। जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं निशुल्क मिलनी चाहिएं।

**हेमराज, धर्मशाला।**



**सरकार** को आर्थिक आधार पर निशुल्क सुविधाएं देनी चाहिएं, न कि सभी को। सब्जी बिक्रेता होने के नाते हमें कई समस्याओं को सामना करना पड़ता है। नगर निगम आए दिन हमारी रेहड़ियों-फड़ियों को उठा देते हैं, जिससे हमें नुकसान होता हैं। जहां तक प्रदेश में हुए दलबदल की बात है तो प्रदेश की जनता समझ रही है कि सरकार को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जनता अपने मत का इस बार सोच विचार कर प्रयोग करेगी।

**जसवीर सिंह, धर्मशाला**

**राजनीति**

## लाहौल-स्पीति में 1972 से लेकर अभी तक नौ बार रहा है कांग्रेस का कब्जा, दो बार जीती है भाजपा

# कांग्रेस का दुर्ग भेदने को भाजपा ने रवि ठाकुर पर खेला दांव

### कब कौन बना विधायक

| वर्ष | विधायक | दल |
|---|---|---|
| 1967 | देवी सिंह ठाकुर | निर्दलीय |
| 1972 | लता ठाकुर | कांग्रेस |
| 1977 | देवी सिंह ठाकुर | कांग्रेस |
| 1982 | देवी सिंह ठाकुर | कांग्रेस |
| 1985 | देवी सिंह ठाकुर | कांग्रेस |
| 1990 | फुंचोंगे राय | कांग्रेस |
| 1993 | फुंचोंग राय | कांग्रेस |
| 1998 | राम लाल मार्कंडेय | हिविंका |
| 2003 | रघुवीर सिंह ठाकुर | कांग्रेस |
| 2007 | रामलाल मार्कंडेय | भाजपा |
| 2012 | रवि ठाकुर | कांग्रेस |
| 2017 | रामलाल मार्कंडेय | भाजपा |
| 2022 | रवि ठाकुर | कांग्रेस |

### रवि दूसरी बार बने थे विधायक

**रवि ठाकुर** 1972 में लाहौल-स्पीति की विधायक रही लता ठाकुर के पुत्र हैं। रवि ठाकुर वर्ष 2012 में पहली बार लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से विधायक बने और उसके बाद वर्ष 2017 में वह भाजपा के रामलाल मार्कंडेय से चुनाव हार गए। उसके बाद 2022 के आम चुनावों में वह भाजपा के रामलाल मार्कंडेय को हराकर जीत दर्ज कर और विधानसभा पहुंचे थे।

**कमलेश वर्मा, केलांग**

कांग्रेस के गढ़ रहे लाहौल-स्पीति विस क्षेत्र में इस बार भाजपा को सीट निकालने की आस है। कांग्रेस के इस दुर्ग को भेदने के लिए भाजपा ने इस बार कांग्रेस पृष्ठभूमि से संबंधित और अब भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक रवि ठाकुर पर दांव खेला है।


भाजपा ने इस बार होने जा रहे विस उपचुनाव में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. रामलाल मार्कंडेय को दरकिनार कर पूर्व में कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़कर जीत हासिल करने वाले पूर्व विधायक रवि ठाकुर पर दांव खेला है। ऐसे में जहां रामलाल मार्कंडेय ने बगावत करते हुए जहां आजाद या फिर कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। वह कांग्रेस नेताओं से लगातार संपर्क करने में जुटे हुए हैं।

हालांकि यह अभी भविष्य के गर्भ में है कि मार्कंडेय कांग्रेस का हाथ थामते हैं या फिर भाजपा की ओर से उन्हें भी मनाने की कोशिशें होती हैं, लेकिन यह साफ है कि मार्कंडेय अपने राजनीतिक विरोधी के साथ आगे नहीं चलेंगे। ऐसे में भाजपा के लिए लाहौल-स्पीति में टिकट निकालना बहुत बड़ी चुनौती है। गौर रहे कि 1967 से बने इस विस क्षेत्र में जहां शुरुआत में एक बार देवी सिंह ठाकुर ने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी वहीं, 1972 में रवि ठाकुर की माता स्व. लता ठाकुर कांग्रेस की विधायक बनी थीं। वहीं, उसके बाद 1977 और उसके बाद 1982 व 1985 तक लगातार तीन बार देवी सिंह ठाकुर कांग्रेस के टिकट पर यहां काबिज रहे। 1990 और फिर 1993 में दो बार कांग्रेस के फुंचोंग राय और 1998 में रामलाल मार्कंडेय ने हिविंका से टिकट लेकर जीत हासिल की थी। 2003 में रघुवीर सिंह ठाकुर कांग्रेस से विधायक बने। 2007 में पहली बार इस जनजातीय जिला में डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने पहली बार भाजपा का फूल यहां पर खिलाया था। 2012 में रवि ठाकुर कांग्रेस से विधायक बने, 2017 में रामलाल मार्कंडेय, जबकि 2022 में रवि ठाकुर कांग्रेस से टिकट लेने के बाद विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे, लेकिन वर्तमान में उन्हें सदस्यता खोनी पड़ी और हालात ऐसे पैदा हुए कि उन्हें भगवा का दामन थामना पड़ा और अब रवि यहां से भाजपा के प्रत्याशी हैं, लेकिन कांग्रेस के इस गढ़ में रवि ठाकुर को फूल खिलाने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। लिहाजा, इस बार लाहौल-स्पीति विस क्षेत्र में राजनीति समीकरण पूरी तरह से बदल गए हैं। भाजपा ने जहां रवि को मैदान में उतारा है वहीं, कांग्रेस पार्टी में टिकट की दावेदारी के लिए एक लंबी पांत खड़ी हो गई है। ऐसे में कांग्रेस के लिए यहां उम्मीदवार का चयन करना और रवि ठाकुर के जाने के बाद अब इसका डैमेज कंट्रोल करना सबसे बड़ी चुनौती होगा।

अब देखना है कि कांग्रेस और भाजपा किस तरह से इन चुनौतियों को पार कर पाती है और कांग्रेस के दुर्ग को भाजपा भेदने में सफल रहेगी या फिर जीत कांग्रेस की होती है। (अनंत ज्ञान)



**1972 में लाहौल-स्पीति की विधायक रही लता ठाकुर के पुत्र हैं रवि ठाकुर**



### लाहौल-स्पीति में कांग्रेस का रहा दबदबा

**1972** से लेकर अब तक लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के विधायक ज्यादा बार जीते हैं और इस सीट को कांग्रेस पार्टी की परंपरागत सीट कहा जाए तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, तब से लेकर अब तक सिर्फ दो बार ही यहां से भाजपा के विधायक बने हैं, जिसमें रामलाल मार्कंडेय ऐसे नेता रहे हैं जिन्होंने इस सीट में कांग्रेस के इस दुर्ग को भेदकर इस सीट को वर्ष 2007 में पहली बार भाजपा की झोली में डाला था। उसके बाद 2017 में एक बार फिर मार्कंडेय ने इस सीट को कांग्रेस से छीनकर भाजपा की झोली में डाल दिया था। हालांकि रामलाल मार्कंडेय लाहौल-स्पीति से तीन बार विधायक बने हैं, जिसमें वे पहली बार 1998 में पंडित सुखराम की राजनीतिक पार्टी हिविंका से चुनाव लड़े थे और जीत दर्ज करवाई थी, जबकि दो बार भाजपा के विधायक बने।

### 2022 में रवि ने 1616 मतों से दर्ज की थी जीत

**2022** के विधानसभा चुनाव में जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रवि ठाकुर ने पूर्व विधायक डॉ. रामलाल मार्कंडेय को 1616 मतों से हराकर जीत दर्ज की थी। पूर्व में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रवि ठाकुर को 9948, जबकि डॉ. रामलाल मार्कंडेय को 8332 और आप पार्टी के सुदर्शन को जस्पा 454 मत पड़े थे।

# प्रो. प्रदीप नायर को मिली ऑस्ट्रेलिया की फेलोशिप

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर प्रदीप नायर को मार्च 2024 से मार्च 2027 तक तीन वर्षों के लिए फ्यूचर अर्थ कोस्ट्स फेलो के रूप में नियुक्त किया गया है।



फ्यूचर अर्थ कोस्ट्स फ्यूचर अर्थ का एक वैश्विक अनुसंधान नेटवर्क है, जो सस्टनेबल ज्ञान को क्रियान्वित करने के लिए एक मंच है जिसमें संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां, अंतर सरकारी निकाय और अंतरराष्ट्रीय विज्ञान परिषद जैसे संगठन शामिल हैं।

प्रो. नायर वर्तमान में न्यू मीडिया स्टडीज, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान भी हैं। यह फेलोशिप उन्हें वैश्विक स्तर पर विशेषज्ञों, संभावित सहयोगियों और साथियों के वैश्विक नेटवर्क तक पहुंच बनाने में मदद करेगी। (अनंत ज्ञान)

## योजना का लाभ लेने को आधिकारिक वेबसाइट पर करें आवेदन

**इस** योजना का लाभ पाने के लिए योजना की अधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश मेधा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभार्थी छात्रों की मेरिट लिस्ट जारी की जाती है और उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें अपने ही राज्य के अंदर कोचिंग दिलाई जाती या फिर अन्य राज्य में कोचिंग के लिए भेजा जाता।

## सूचना पर्यावरण पर गठित अंतरराष्ट्रीय पैनल में हुआ प्रोफेसर नायर का चयन

**इस** अंतरराष्ट्रीय संस्था का सचिवालय इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में है। अमरीका की राजधानी वाशिंगटन में आयोजित नोबेल पुरस्कार शिखर सम्मेलन 2023-24 में उनके चयन की घोषणा न सिर्फ भारत बल्कि हिमाचल प्रदेश के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि थी। प्रोफेसर नायर के रूप में देश के एकमात्र प्रोफेसर का चयन सूचना पर्यावरण पर गठित अंतरराष्ट्रीय पैनल में हुआ है। दरअसल कोरोना काल में विश्व भर में जिस प्रकार गलत एवं भ्रामक सूचनाओं, अफवाहों तथा झूठी खबरों का अथाह प्रवाह देखने को मिला, उसको देखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक ऐसी नीति निर्धारक संस्था की आवश्यकता महसूस की गई जो सूचना के प्रवाह में इस असंतुलन पर कार्य कर सके। इसके परिणामस्वरूप गत वर्ष नोबल पुरस्कार शिखर सम्मेलन के दौरान इंटरनेशनल पैनल ऑन द इनफॉरमेशन एनवायरमेंट के गठन की घोषणा की गई। इनफॉरमेशन साइंटिस्ट्स के इस पैनल में प्रोफेसर प्रदीप नायर का चयन किया गया।

# भाजपा ने लोकसभा चुनाव पर बनाई योजना

**अनंत ज्ञान, देहरा**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला देहरा की बैठक जिला कार्यालय देहरा में हुई बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए योजना बनाई गई। बैठक के बाद भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संजीव टिंका व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डॉ. सुकृत सागर ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने बीते वर्षों में किसानों के हितों के लिए बहुत से लाभकारी निर्णय लिए है।

उन्होंने कहा जहां 2014 से पहले किसानों के लिए बजट में मात्र 27 हज़ार करोड़ खर्च किए जाते थे वही मोदी सरकार ने इस बजट को पांच गुना बढ़ाते हुए एक लाख पच्चीस हजार करोड़ से ज्यादा कर दिया



भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी बैठक के दौरान जानकारी देते हुए।

जिसके परिणाम स्वरूप देश का 42 प्रतिशत कृषि निर्यात बड़ा है और खाद्य उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से 78 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई। किसान सम्मान निधि से 11.8 करोड़ किसानों को 2.8 लाख करोड़ की राशि वितरित की गई. बैठक में जिला महामंत्री पंजाब सिंह, मंडल अध्यक्ष ज्वालामुखी मनमोहन सिंह, मंडल अध्यक्ष जसवां प्रागपुर देसराज, महामंत्री संजय, तरसेम, केवल उपाध्यक्ष लेखराज तथा सोशल मीडिया अध्यक्ष शशि उपस्थित रहे।

# लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता : राजेश

**सोनाली संधू, धर्मशाला**

प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में डा. राजेश गुलेरी ने सीएमओ का पदभार संभाला है। इससे पहले डा. राजेश गुलेरी जोनल अस्पताल धर्मशाला में सीनियर मेडिकल सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत थे। इससे पहले वह सीएमओ चंबा के रूप में भी कार्य कर चुके हैं तथा वर्ष 2015 से 2018 तक जिला स्वास्थ्य अधिकारी कांगड़ा के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं।



डा. गुलेरी ने कहा कि उन्होंने बतौर बीएमओ और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 5 साल किए गए कार्यों के आधार पर उन्हें लगता है कि कमजोर कड़ी मॉनिटरिंग इवेल्यूशन की है। धरातल पर चल रहे कार्यों की नियमित तौर पर समीक्षा और मूल्यांकन करके यह जानने का प्रयास किया जाए कि कौन से ऐसे क्षेत्र हैं जहां जितना हम चाहते हैं, उतनी बेहतर सुविधाएं लोगों को उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। मेरा प्रयास रहेगा कि खंड स्तर से पीएचसी और हेल्थ वर्कर तक इस सुपरविजन मॉनिटरिंग को सुदृढ़ किया जाए। जिला स्तर से खंड स्तर की मॉनिटरिंग सुदृढ़ की जाए।

खंड स्तर पर बैठकों का आयोजन करके यह पता लगाया जाएगा कि किस तरह लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सकें। इसके अलावा अस्पतालों में लोगों को दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रयास किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला भाजपा की बैठक आज

**धर्मशाला।** आज हेरीटेज नरवाना रिजॉर्ट को भाजपा द्वारा परिचय बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धर्मशाला भाजपा मंडल के संपूर्ण कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर जी भी उपस्थित रहेंगे।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा भाजपा के प्रभारी व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार, प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर, कांगड़ा के विधायक पवन काजल भी उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का दामन थामेंगे। इस दौरान भाजपा संगठनात्मक कांगड़ा जिला के अध्यक्ष सचिन शर्मा, कांगड़ा-चंबा भाजपा संयोजक चंद्र भूषण नाग, कार्यकारिणी सदस्य वीरू वालिया सहित आदि मौजूद रहेंगे।

# राजीव भारद्वाज का शाहपुर में स्वागत



डॉक्टर राजीव भारद्वाज का शाहपुर में स्वागत करतीं महिलाएं व अन्य।

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**

लोकसभा चुनाव को लेकर नेताओं की बैठक और जनसभा का दौर जारी है। इसी कड़ी में चंबा और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा के उम्मीदवार डॉक्टर राजीव भारद्वाज का शाहपुर में भव्य स्वागत किया गया।

भारद्वाज का स्वागत जिला महामंत्री राकेश चौधरी के नेतृत्व में किया गया, सबसे पहले भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने डॉक्टर राजीव भारद्वाज को बधाई दी।

इस मौके पर जिला महामंत्री राकेश चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी। मोदी सरकार की योजनाओं और नीतियों ने प्रभावित होकर देश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने जा रही है।

उन्होंने कहा कि डॉक्टर राजीव भारद्वाज भाजपा के कर्मठ नेता हैं। महामंत्री राकेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष अशोक, वशिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नैना देवी, मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, महामंत्री जन्म सिंह सिंह ठाकुर, सदस्य जरासंध, जिला आईटीआई के संयोजक जसविंदर सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा की सचिव रजनी ठाकुर, महिला सदस्य निशा शर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मोनी बाला, मोर्चा के अध्यक्ष सुजान सिंह आदि मौजूद थे।

# अवैध शराब बरामद

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के तहत विभिन्न क्षेत्रों में करीब 80 हजार एमएल देसी शराब और वीयर की बड़ी खेप बरामद की गई है। पुलिस थाना रक्कड़ के तहत सरड़ दाई में कश्मीर सिंह निवासी सरड़ डोगरी तहसील रक्कड़ जिला कांगड़ा से अंग्रेजी शराब बरामद की है।

पुलिस थाना रक्कड़ के तहत शांतला बाजार में बलवंत सिंह निवासी साई डाकघर निहारी तहसील रक्कड़ जिला कांगड़ा से 9,000 मिलिलीटर शराब बरामद की है। पुलिस थाना धर्मशाला में अतुल भारती निवासी धलूं से 12 बोतलें देशी शराब बरामद की है। पुलिस थाना मैक्लोड़गंज कर्मू मोड़ पर एक स्कूटी सवार से शराब बरामद की है।

महिला पुलिस थाना धर्मशाला के तहत श्यामनगर में अभिषेक निवासी मनेहड़ डाकघर चौतड़ू तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा से वीयर बरामद की है।

# कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्र स्तरीय पदाधिकारी पहुंचे धर्मशाला



जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उप-चुनाव को लेकर धर्मशाला कांग्रेस ने कमर कस ली है। चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्र स्तरी कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी धर्मशाला पहुंचने शुरू हो गए हैं।

पंजाब युवा कांग्रेस सचिव एवं युवा कांग्रेस धर्मशाला प्रभारी राज कर्ण और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कोऑर्डिनेटर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल एवं उतराखंड युवा कांग्रेस मीडिया कांग्रेस राजन मदान सहित विभिन्न पदाधिकारी धर्मशाला पहुंचे। यहां पहुंचने पर इन्होंने पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण, पूर्व महापौर देवेंद्र सिंह जग्गी, नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी सहित विभिन्न पदाधिकारियों से मुलाकात की और आगामी रणनीति पर विस्तापूर्वक चर्चा की। राजन मदान ने कहा कि सुधीर शर्मा ने कांग्रेस छोड़ कर बहुत बड़ी गलती है और इसका फल उन्हें आगामी चुनावों में भुगतना पड़ेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### बेला में टैंपो से 8 पेटी देसी शराब बरामद

**नादौन।** पुलिस ने एक टैंपो से देसी शराब की 8 पेटी पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार पुलिस बेला में गश्त कर रही थी कि एक टैंपो आया लेकिन पुलिस को देखकर चालक टैंपो को तेज रफतार से भगाने लगा, पुलिस ने पकड़कर जब टैंपो की तलाशी ली तो टैंपो में 8 पेटी शराब बरामद हुई। इन 8 पेटियों में 96 बोतल देसी शराब की थी। पुलिस ने आरोपी सतबीर सिंह पुत्र पंजाब सिंह गांव जलाड़ी के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दंपती ने लगाया हमला करने का आरोप

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत जलाड़ी के गांव बरेटी के सुरेंद्र कुमार पुत्र विश्न दास जो चिल्लियां में दुकान करते हैं। उन्होंने कुछ लोगों पर उसके साथ व उनकी पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में सुरेंद ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ दुकान से घर आ रहे थे कि रास्ते में घात लगाकर बैठे तीन लोगों ने उन पर लात-घूसों से हमला कर दिया और जमकर पिटाई की, जिससे उनकी पत्नी मौका पर बेहोश हो गई। इसके बाद उनका प्राथमिक उपचार करवाया। सुरेंद्र ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### बसों का बीच रास्ते में खराब होने का दौर जारी

**हमीरपुर।** हमीरपुर डिपो में बसों का बीच रास्ते खराब होने का दौर जारी है। सोमवार शाम को हमीरपुर से हरिद्वार रूट पर जा रही बस रोटरी चौक मट्टनसिद्ध में बीच रास्ते खराब हो गई। बस के चालक ने बस को दोबारा स्टार्ट करने का भ्रसक प्रयास किया, लेकिन बस दोबारा स्टार्ट नहीं हो पाई। ऐसे में बस में बैठे यात्रियों की परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं निगम के उपमंडलीय प्रबंधक राजकुमार पाठक का कहना है कि हमीरपुर से हरिद्वार रूट पर भेजी गई बस मट्टनसिद्ध के पास खराब हो गई थी। ऐसे में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए वर्कशॉप से दूसरी बस भेजी गई, ताकि यात्री समय पर अपने स्टेशनों पर पहुंच सकें।

### दो बच्चों ने पास की सैनिक स्कूल परीक्षा

**भरेड़ी।** भोरंज के तहत ईस्ट पॉइंट सीसे पब्लिक स्कूल सुलगवान कि कृतिका शर्मा नौंवी व सूर्यांश पांचवीं ने सैनिक स्कूल की परीक्षा पास की है इन दोनों बच्चों को इस शानदार उपलब्धि के लिए स्कूल प्रधानाचार्य रमन वर्मा ने व स्कूल स्टाफ ने बधाई दी व बंच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### घिरथेड़ी स्कूल के दो बच्चों का जेएनवी में चयन

**हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला घिरथेड़ी के दो बच्चों प्रियांश और शिवांशी का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी में हुआ है। बच्चों के अभिभावकों ने चयन का संपूर्ण श्रेय पाठशाला मुख्याध्यापक नरेश शर्मा और संपूर्ण अध्यापकों की कड़ी मेहनत को दिया है। पाठशाला मुख्य अध्यापक नरेश शर्मा ने बताया कि इन बच्चों के नवोदय में चयनित होने पर पाठशाला का नाम रोशन हुआ है। लोगों से यह अपील की है कि सरकारी पाठशालाओं में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को दाखिल करवाएं, क्योंकि सरकारी स्कूलों में छात्रों को फ्री सुविधाएं दी जा रही हैं।

### शहर में किताबों की दुकानों में उमड़ी भीड़



हमीरपुर शहर में किताबों की एक दुकान में उमड़ी लोगों की भीड़।

**हमीरपुर।** शहर में रविवार के साथ सोमवार को भी किताबों की दुकानों में दिनभर भीड़ उमड़ी रही। आपको बता दें कि छात्रों के रिजल्ट घोषित हो चुके हैं और अब अगली कक्षा के लिए किताबों व कॉपियां खरीदने के लिए अभिभावकों की भीड़ दुकाना में उमड़ना शुरू हो गई है। दुकानदारों ने कॉपियां बे चने के लिए कइ आकर्षक ऑफर भी निकालें हैं। दुकानों में कहीं छह के साथ छह कॉपियां फ्री, तो कहीं पर 10 के साथ 10 कॉपियां फ्री में दी जा रही हैं। ऐसे में लोग भी ऑफर का जमकर लाभ उठा रहे हैं।

### 17 गोशालाओं में वितरित की 525 क्विंटल फीड

**हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर लगभग 20 वर्षों से मानवता की सेवा में लगी हुई है और मेडिकल कालेज हमीरपुर में मरीजों व तीमारदारों को तीन समय का निशुल्क भोजन उपलब्ध करवा रही है। इसी के साथ गौवंश के संरक्षण के लिए भी हर वर्ष लाखों रुपए की फीड उपलब्ध करवा रही है। संस्था द्वारा गौ ग्रास योजना के तहत हमीरपुर जिला 17 पंजीकृत गोशालाओं को 13 लाख रुपए की 525 क्विंटल फीड वितरित की है। यह फीड हिमफेड के माध्यम से खरीदी गई, जिसे काउंसिल के सदस्यों ने फीड का निरीक्षण कर उसे हर गोशालाओं में स्वयं पहुंचाया है वहीं हिमाचल सरकार द्वारा चलाई जा रही काउ सेंचुरी खैरी के लिए भी सीनियर सिटीजन काउंसिल द्वारा 200 बैग फीड दी है।- 14
उक्त जानकारी सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान विजय कुमार पुरी ने दी।

### विनय ने पहले प्रयास में पास की आईबीपीएस परीक्षा

**हमीरपुर।** ग्राम पंचायत डिडवीं टिक्कर के तहत गांव कथरियाणा निवासी विनय भाटिया ने 'इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन' (आईबीपीएस) एग्जाम पास कर लिया है। परीक्षा पास करने के बाद विनय भाटिया अब केनरा बैंक में बतौर बैंक ऑफिसर अपनी सेवाएं देंगे। विनय भाटिया की प्रारंभिक शिक्षा के डिडवीं टिक्कर के होली हर्ट पब्लिक स्कूल में हुई और गुरुकुल पब्लिक स्कूल हमीरपुर से प्लस टू पास किया। विनय एनआईटी हमीरपुर से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक है। विनय भाटिया ने आईबीपीएस परीक्षा पहले ही अटैम्प में बिना किसी कोचिंग के पास की है। उनके पिता विद्युत विभाग हमीरपुर में बतौर सहायक अभियंता कार्यरत हैं व उनकी माता कुशल गृहणी है। गौरतलब है कि विनय के बड़े भाई भी केनरा बैंक आगरा में बतौर प्रबंधक अपनी सेवाएं दे रहे हैं और इनकी भाभी भी केनरा बैंक में बैंक ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। विनय ने अपनी सफलताक श्रेय अपने दादा-दादी, माता-पिता, भाई भाभी व गुरुजनों को दिया है।



### नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शुरू

**बिझड़ी।** नीलकंठ महादेव मंदिर बुठाण में ग्रामीणों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है। कथावाचक पंडित सुशील शर्मा ने प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि भगवान का वश में करने का सबसे सरल और सुगम मार्ग भक्ति है। क्योंकि भगवान यह कभी भी नहीं देखते हैं कि उसकी अर्चना करने वाला प्राणी किसी धर्म, किसी जाति व किस समुदाय से संबंध रखता है। शर्मा ने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए आयु सीमा को भी कोई बंधन नहीं होता। जीव का रूप व कुरूप होना भी इस संबंध में बाधक नहीं होता। केवल सच्चे मन से यदि कोई कोई भगवान का स्मरण करता है, तो प्रभु उसके वश में हो जाते हैं। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने कृष्ण लीला का रसपान किया।

# खबर छपने के बाद हरकत में आया पशुपालन विभाग, जिले में आज से शुरू होगी एंबुलेंस सेवा

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

जिले के चार ब्लॉक मुख्यालय में पशुपालन विभाग की एंबुलेंस सेवा 2 अप्रैल यानी आज से शुरू हो जाएगी। यह सेवा शिमला में पिछले महीने फ्लैग ऑफ होने के बाद भी हमीरपुर जिला में शुरू नहीं हो पाई थी। इसका कारण चाहे कोई भी रहा हो लेकिन चारों ब्लॉकों में एंबुलेंस के पहिए यहां पर जम रहे। चर्चा यह भी रही कि इन्हें चलाने के लिए पेट्रोल डीजल के लिए बजट नहीं है। इसलिए इन सभी चारों एंबुलेंस सेवाओं को वेटरनरी विभाग ने ताल के पास पार्क करवा दिया था।

अब क्योंकि 'अनंत ज्ञान' में 31 मार्च को इस बाबत समस्या को उठाया गया था और अब विभाग हरकत में आया है। जिस कंपनी के द्वारा यह एंबुलेंस सेवा ऑपरेट की जानी है, उसे सोमवार को पशुपालन विभाग द्वारा इन्हें हैंडओवर कर दिया गया है। पशुपालन विभाग के अधिकारियों की माने तो मंगलवार से यह सेवा ऑपरेट हो जाएगी। अब किसान 1962 नंबर डायल

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**



हमीरपुर के ताल में खड़ीं पशुपालन विभाग की एंबुलेंस।

करके अपनी समस्या का हल करवा सकेंगे। उनकी यह कॉल शिमला में स्थित कंपनी के केंद्रीय ऑफिस में ली जाएगी। उसके बाद संबंधित इलाके के लोगों को यह सेवा उपलब्ध होगी।

दीगर बात क्या है कि फ्लैग ऑफ होने के बाद भी पिछले तकरीबन एक महीने से यह तमाम एंबुलेंस हमीरपुर जिला को छोड़कर अन्य सभी जिलों में बराबर सेवाएं देने में जुट गई थी। इसीलिए सीएम के गृह जिला में इन सेवाओं के मामले को लेकर कई तरह के सवाल उठने लगे थे। अब चुनाव की ऐन बेला में एंबुलेंस के रुके हुए पहिए कोई मुद्दा न बन जाए, इसीलिए विभाग फौरी तौर पर हरकत में आ गया है, लेकिन एक समस्या रहेगी कि अपने-अपने हेड क्वार्टर से कितनी दूरी तक इस एंबुलेंस सेवा का लाभ फार्मर्स को मिल पाएगा, इस पर अभी सवाल हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं पशुपालन विभाग के अधिकारी

पशुपालन विभाग के हमीरपुर स्थित डिप्टी डायरेक्टर अजय चौधरी ने बताया कि संबंधित कंपनी को यहां चारों एंबुलेंस सौंप दी गई है। संभवतः मंगलवार से यहां सेवा ऑपरेट होना शुरू हो जाएगी। उनका कहना है कि डीजल पेट्रोल की कमी नहीं थी। दरअसल में चुनावी डुगडुगी बजने के बाद आचार संहिता को लेकर जिला प्रशासन और विभाग के विचार अधिकारियों से जवाब मांगा गया था। अब क्योंकि इसकी पुष्टि हो गई है। इन्हें ऑपरेशन मोड पर लाया जा रहा है।

## सुजानपुर में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज संभावित प्रत्याशी करेंगे शक्ति प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सुजानपुर में उपचुनाव के लिए कांग्रेस की महत्वपूर्ण पहली बैठक 2 अप्रैल यानी आज हो रही है। प्रदेश कांग्रेस के वर्किंग प्रेसिडेंट और विधायक चंद्रशेखर इसमें विशेष रूप से हिस्सा लेंगे। उधर, इस बैठक के आयोजन को लेकर सुजानपुर में सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ लोगों की अच्छी खासी चहल-कदमी देखी गई। अभी इस उपचुनाव के लिए प्रत्याशी कौन होगा? उस पर भी यहीं पर चर्चा होगी। माना यही जा रहा है कि संभावित प्रत्याशी अपने साथ वर्कर्स की अच्छी तादाद लेकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, ताकि उनकी इस बैठक में अच्छी पहचान बन सके।

उधर, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी द्वारा हायर की गई एक निजी कंपनी प्रत्याशी के माहौल को लेकर सर्वे भी करवा रही है। इसके लोग दो दिनों के भीतर इस सर्वे को मुकम्मल करके रिपोर्ट पार्टी हाईकमान को देंगे। सूत्रों के मुताबिक चार लोगों की यह टीम दो दिनों से क्षेत्र में पहुंची हुई है और अभी तक सैकड़ों लोगों से बातचीत कर चुकी है। अब क्योंकि यहां के तीन मर्तबा के विधायक राजेंद्र राणा का भाजपा प्रत्याशी बनने के बाद से चुनावी समीकरण यहां नए 'हिचकोले' खा रहे हैं। कांग्रेस को अचानक मिली यह परिस्थितियों कार्यकर्ताओं के लिए परेशानी का सबक भी बनी है, लेकिन उन्हें इस बैठक में किस स्तर पर 'बूस्टर डोज' मिलेगी? यह बैठक के बाद ही पता चलेगा। पार्टी का कुनबा एकजुट होकर राणा के खिलाफ चुनाव में उतरने की जो योजना तैयार कर रहा है, लेकिन कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती जिताऊ उम्मीदवार की है।

ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजिंद्र वर्मा का कहना है कि वर्कर्स की तकरीबन 800 की संख्या का अनुमान लगाया जा रहा है। यह बैठक सैनिक स्कूल के खेल मैदान के बगल में आयोजित होगी। सुबह 11:00 बजे शुरू हो जाएगी।

## नगर परिषद के ईओ ने मेले में लगी दुकानों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

सुजानपुर के चौगान में चल रहे होली मेले में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर परिषद मुस्तैद हो गई है। नगर परिषद के ईओ संजय कुमार ने सोमवार को टीम के साथ दुकानों का निरीक्षण करके गीला व सुखा कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में रखने के निर्देश दिए, वहीं प्लास्टिक का उपयोग न करने की हिदायत दी गई। उन्होंने नियमों की अनदेखी करने दुकानदारों से कहा कि यदि व्यवस्था को नहीं सुधारा तो 2 अप्रैल को शिकंजा कसना शुरू कर दिया जाएगा तथा बाकायदा से चालान किया जाएगा।

सुजानपुर चौगान में राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव के चलते अलग-अलग व्यवसाय की दुकानें सजी हुई हैं। मेले में खान-पान इत्यादि की दुकानों के अलग-अलग स्टॉल सजे हुए हैं, लेकिन दुकानदारों द्वारा सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग डस्टबिन में न रखने के कारण



होली मेले में लगी दुकानों का निरीक्षण करते ईओ संजय।

सफाई व्यवस्था में दिक्कत आ रही है। इस संबंध में नगर परिषद के ईओ संजय कुमार ने बताया कि प्रत्येक दुकानदार को अलग-अलग कूड़ा एकत्रित करने के निर्देश दिए हैं। सभी दुकानों में प्लास्टिक का उपयोग न हो इसकी भी हिदायत दी गई है। नियमों कि अनदेखी करने वाले दुकानदार व्यापारी कारोबारी का मंगलवार से चालान काटना शुरू हो जाएगा तथा सफाई व्यवस्था सुचारू ढंग से बने समय समय पर निरीक्षण किया जाएगा।

**नियमों की अनदेखी करने वालों का आज से कटेगा चालान**

## राजेंद्र राणा अब कभी भी विधायक नहीं बनेंगे : विवेक

अनंत ज्ञान, नादौन



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर बैक गियर में सरकार चलाने का आरोप लगाने वाले पूर्व विधायक राजेंद्र राणा का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। यह बात कांग्रेस नेता विवेक कटोच ने जारी प्रेस बयान में कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक राजेंद्र राणा को यह नहीं समझ आ रहा है कि राजेंद्र राणा खुद बैक गियर में चले हैं। कांग्रेस में रहते राजेंद्र राणा विधायक थे और अब पार्टी बदलते ही पूर्व विधायक हो चुके हैं और अब कभी भी विधायक नहीं बनेंगे। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा को आम परिवार से निकले सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पहुंचना कभी हजम ही नहीं हुआ। सीएम सुक्खू न जाने कितने बार अपने गृह जिला हमीरपुर के दौरे पर आए लेकिन पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने एक भी बार उनके स्वागत में आने या फिर साथ आने की जहमत नहीं उठाई। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा को जरूरतमंदों के विकास से कोई सरोकार नहीं है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कभी भी हमीरपुर को मिलने वाले बड़े पद या फिर मुख्यमंत्री के पद का सम्मान नहीं किया। हमेशा अपने गृह जिला के बड़े पद या मुख्यमंत्री पद विराजमान व्यक्ति की टांगे खींचते ही नजर आए हैं इसके लिए अब हमीरपुर की जनता पूर्व विधायक राजेंद्र राणा को कभी माफ नहीं करेगी। एक जून को हमीरपुर की जनता पूर्व विधायक राजेंद्र राणा को सबक सिखाने के लिए एक दम तैयार बैठी है।

### बाबा बालक नाथ मंदिर में चढ़ा 27.42 लाख का चढ़ावा

**बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास के मेलों के चलते सोमवार को हुई चढ़ावे की गणना पर बाबा के भक्तों ने 27 लाख 42 हजार 850 रुपए नकद, 4 ग्राम 610 मिलीग्राम सोना, 140 ग्राम 610 मिलीग्राम चांदी तथा विदेशी मुद्रा के रूप में इंग्लैंड के 190 पौंड, यू.एस.ए.के 24, कनाडा के 120 डॉलर, यू.ए.ई.के 140 दिरहम, मलेशिया 35 तथा ऑस्ट्रेलिया डॉलर 1325 बाबा की सेवा में अर्पित किए। इस दौरान हजारों की संख्या में बाबा के भक्तों ने बाबा जी की पवित्र गुफा में शीश नवाकर पूजा अर्चना की।

### गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी का वार्षिक अधिवेशन 14 को

**भरेड़ी।** प्रधान अरुण कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी की मासिक में निर्णय लिया गया कि संस्था का वार्षिक अधिवेशन 14 अप्रैल को दस बजे होटल में मनाया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि राजेश कुमार कौंडल आई डी एस ई चीफ इंजीनियर मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज होंगे। समारोह में विशेष अतिथि भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप होंगे। संस्था की कार्यकारिणी का चुनाव भी उसी दिन करवाया जाएगा। संस्था के संस्थापक डॉ पीसी सैणी ने बताया कि इस संस्था के मौजूद समय में 1867 सदस्य हैं, संस्था द्वारा सभी सदस्यों के जल पान व खाने का विशेष प्रबंध भी किया जाएगा।

### भोरंज की 13 पंचायतों में आज से चलेगा मतदाता जागरूता अभियान

**भरेड़ी।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र की 13 पंचायतों के 13 बूथों में 2 अप्रैल से मतदाता जागरूकता अभियान शुरू होगा। खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह ने बताया कि 2 अप्रैल को 11 बजे भोरंज पंचायत के धिरवीं बूथ, टिक्करी मिन्हासां पंचायत के खतरवाड में1 बजे, 3 अप्रैल को भकेडा पंचायत के भकेडा बूथ में, कड़ोहता पंचायत के मनोह बूथ, 4 अप्रैल को भौंखर के खुथड़ी बूथ व मुंडखर पंचायत के जमली बूथ पर मतदाता जागरूकता अभियान होगा। इसी तरह 5 अप्रैल को पलपल के नगरोटा बूथ, 6 अप्रैल को लझियाणी पंचायत के लझियाणी बूथ, 9 अप्रैल को जाहू पंचायत के जाहू बूथ में, 10 अप्रैल को मन्वीं पंचायत के लगमन्वीं बूथ, 18 अप्रैल को खरवाड़ पंचायत के जख्योल बूथ, पटटा पंचायत के पटटा बूथ तथा 19 अप्रैल को 11 बजे धमरोल पंचायत के जोल बूथ पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बारे में पंचायत प्रधान व सचिवों को सूचित कर दिया गया है।

### कक्कड़, उहल, टिक्कर व जंदड़ू में 3 अप्रैल को बंद रहेगी बिजली

**टौणी देवी।** विद्युत उपमंडल कक्कड़ के अंतर्गत 33 केवी सब-स्टेशन में 3 अप्रैल को उपकरणों की मरम्मत एवं आवश्यक रख-रखाव के कार्य के चलते गांव बजरोल, कक्कड़, पलभू, गुब्बर, खनौली, भेरड़ा, उटपुर, पुरली, भटेड़, ननोट, उहल, कलोह, पौहंज, सुराह, परनाली, लगदेवी, जंदड़ू, टेला, थाना टिक्कर, कढियार तथा साथ लगते गांवों में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल कक्कड़ के सहायक अभियंता जितेंद्र ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### नवोदय विद्यालय में हुआ रंघाड़ स्कूल के प्रियांश का चयन

**नादौन।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला रंघाड़ के प्रियांश का चयन नवोदय विद्यालय में हो गया है। स्कूल के हैडमास्टर बोध राज और अध्यापक विजय कुमार ने प्रियांश को इस सफलता के लिए स्कूल में स्मृति चिन्ह दिया तथा प्रियांश का मुंह मीठा करवाया।ते हुए उसे शुभकामनाएं दी। प्रियांश ने नवोदय विद्यालय में चयन होने का श्रेय स्कूल के अध्यापकों व पिता दवेंद्र कुमार और माता सुधा कुमारी को दिया है।

### सुभाष ढटवालिया ने कांग्रेस टिकट की जताई दावेदारी



**बिझडी।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के सिपाही रहे सुभाष ढटवलिया ने कांग्रेस पार्टी के टिकट के लिए दावेदारी जताई है। पंचायती राज संस्थाओं में सक्रिय रहे कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता समाजसेवा के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। सुभाष ढटवलिया विभिन्न विधानसभा चुनाव में भी लगातार कांग्रेस पार्टी के टिकट के लिए आवेदन करते रहे हैं, लेकिन उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया। ऐसे में उन्होंने पार्टी का साथ भी नहीं छोड़ा। ढटवलिया ने कहा कि सुखविंदर सुक्खू ने मुख्यमंत्री बनने के बाद पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव के विकासात्मक कार्य करवाए हैं। कांग्रेस पार्टी की बडसर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए टिकाऊ तथा वर्षों से पार्टी की सेवा में समर्पित रहे कार्यकर्ता को टिकट दी जानी चाहिए और वह सभी योग्यताओं को पूरा करते हैं। पार्टी हाईकमान तथा मुख्यमंत्री से उन्होंने बड़सर से कांग्रेस का प्रत्याशी उन्हें बनाने की अपील की है।

## सी-विजिल ऐप पर करें शिकायत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला हमीरपुर में आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कड़े प्रबंध किए गए हैं। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसे 24 घंटे सक्रिय रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबरों पर किसी भी समय आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1950 पर भी शिकायत की जा सकती है। इसकी की शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल मोबाइल ऐप भी विकसित किया है। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

अमरजीत ने बताया कि इस ऐप में आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो अपलोड किए जा सकते हैं। सी-विजिल ऐप पर शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित अधिकारी या टीम को 100 मिनट के भीतर कार्रवाई करनी पड़ती है। शिकायतकर्ता को शिकायत करने के लिए अपना नाम और मोबाइल नंबर देने की कोई बाध्यता नहीं है, लेकिन अगर शिकायतकर्ता अपने नाम या मोबाइल नंबर से शिकायत करता है तो वह शिकायत के संबंध में हुई कार्रवाई को देख सकता है।

उन्होंने बताया कि सी-विजिल ऐप में हुई शिकायत से उड़न दस्तों को आदर्श आचार सहिता के उल्लंघन की जगह की सटीक लोकेशन का पता चल जाता है और इस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है।

**आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना के लिए किए कड़े प्रबंध**

## गौड़ीय मठ की शोभायात्रा में शामिल हुए सैकड़ों भक्त

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

दंगड़ी स्थित गौड़ीय मठ की स्थापना के 25 वर्ष मुकमल होने की खुशी में सोमवार को इससे जुड़े श्रद्धालुओं ने हमीरपुर शहर में विशाल शोभा यात्रा निकालकर जश्न मनाया। इसमें कलकता से करीब 200 भक्तों ने भी शिरकत की जो इसी उपलक्ष्य में विशेष रूप से आए हुए हैं।

गौड़ीय मठ सेवा ट्रस्ट के संस्थापक आचार्य श्री भक्ति प्रसाद विष्णु स्वामी महाराज जी को लेकर भक्तों ने शहर में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी नाचते गाते



हमीरपुर शहर में शोभा यात्रा निकालते भक्त व गांधी चैक पर जश्न मनाते भक्त।

हुए शहर में 'हरि बोल,हरि बोल' का जाप करते हुए शहर में से गुजर रहे थे, जिन्हें देखने के लिए लोगों की भी खासी भीड़ उमड़ी रही। गौड़ीय मठ में यह कार्यक्रम 8 अप्रैल तक मनाया जाएगा। उसके बाद वहां पर भंडारा आयोजित किया जाएगा।

काबिले गौर है कि इस गौड़िय मठ के परिसर को भक्तों ने निजी सहयोग से अब बेहद सुंदर बना दिया है। इसके भक्तों में भी अब इजाफा हो रहा है। शोभा यात्रा निकालने के बाद दोपहर बाद दंगड़ी पहुंचने पर स्वामी का बड़े स्तर पर अभिनंदन समारोह किया गया।

**हमीरपुर शहर में नाचते-गाते हुए मनाया जश्न**

## पूर्व विधायक बलदेव शर्मा से मिले भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल

अनंत ज्ञान, बिझड़ी

पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मिलने के बाद भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल अब पूर्व विधायक बलदेव शर्मा से मिलने भी उनके घर गए। उन्होंने बलदेव शर्मा को गुलदस्ता भेंट किया और गिले शिकवे दूर किए।

हालांकि विधानसभा चुनावों के दौरान इंद्रदत्त लखनपाल ने बलदेव शर्मा के खिलाफ ऐसी टिप्पणी या शब्दबाण नहीं चलाए हैं जिससे उनके बीच कोई मनमुटाव हो, लेकिन स्वागत समारोह में पूर्व विधायक बलदेव शर्मा के न आने से ऐसा लग रहा था कि वो इंद्रदत्त लखनपाल को भाजपा का प्रत्याशी पर स्वीकार नहीं करेंगे और विस उपचुनावों में बतौर आजाद



पूर्व विधायक बलदेव से मिलते इंददत्त लखनपाल

उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से भी इंद्रदत लखनपाल ने आशीर्वाद लिया है। उन्होंने भी बड़सर विधानसभा क्षेत्र के नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा है कि इंद्रदत्त लखनपाल जैसा ईमानदार नेता प्रत्याशी के रूप में दिया है।

**बदलाव** होली मेले में मिट्टी के बर्तनों का कभी लगता था बड़ा हाट बाजार, अब बचे कम व्यवसायी

## आधुनिकता की दौड़ में मिट्टी के बर्तन लुप्त होने की कगार पर

अनूप पुवारी, सुजानपुर

सुजानपुर और आसपास पहले कुम्हारों के परिवार होते थे जो वर्षों तक मिट्टी के बर्तन बनाकर होली में बेचते आ रहे थे, मिट्टी के घड़े अब भी होली में बेचे जाते हैं, लेकिन अब खरीददार बहुत कम रह गए हैं। होली मेले में मिट्टी के बर्तनों का बाजार सज तो रहा है, लेकिन अब न वो खरीददार रहे और न ही मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार। ऐसे में मिट्टी के घड़े धीरे-धीरे लुप्त होने की कगार पर पहुंच गए हैं।

मिट्टी के बर्तनों का महत्व कम नहीं हुआ है, लेकिन आधुनिक मशीनरी की दौर में इस जाति के



होली मेले में दुकानदार सतीश कुमार मिट्टी के बर्तन दिखाता हुआ।

लोगों ने अपने इस हुनर को तवज्जो देना कम कर दिया है। गरीबों का रेफ्रिजरेटर मिट्टी के बर्तन का घड़ा, सुराही आज भी गर्मी के मौसम में हाथों हाथ बिक रहे हैं। मिट्टी के बर्तनों की कला का हुनर एक विशेष जाति जिसे कुम्हार कहा जाता है को प्राप्त है। कभी इनकी मुख्य आय का स्रोत मिट्टी के बर्तनों की बिक्री ही हुआ था। वर्ष भर सीजन के मुताबिक दीपावली पर्व में त्योहार व गर्मियों में सीजन के चलते पानी को ठंडा रखने के लिए मटके, घड़े, सुराही बर्तन बनाकर अपनी आजीविका का चलाते हैं।

ठंड के मौसम में हीटर की जगह मिट्टीकी कांगड़ी की अपनी पहचान है। मिट्टी के बर्तनों को बनाने के लिए जमीन से करीब 20 फुट गहरी मिट्टी को निकाल कर मिट्टी से बना एक बड़ा चक्कर जिसमें घूमा मिट्टी के अलग-अलग बर्तन को ढाल कर बनाते हैं तथा अच्छी तरह आग में सेक इसको तैयार करते हैं। मिट्टी के बर्तन का पानी जहां पीने के लिए ठंडा होता है वहीं स्वादिष्ट के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा माना जाता है। मिट्टी के दीपक, गुल्लक, पानी का मटका, सुराही कई प्रकार के अलग-अलग डिजाइनों में इन चीजों को इस जाति के लोग तैयार करते हैं। होली मेले में एक बड़ा बाजार देखने को मिलता था। हाथों से बनाए गए यह बर्तन आज भी अपना अलग महत्व है। मशीनरी के युग में हाथों की जगह इन से उत्पादन किया जा रहा है, लेकिन मिट्टी के हाथों के बर्तनों का अपना ही अलग लुक होता है, लेकिन बढ़ते खर्च के चलते मशीनरी यूग में आहिस्ता आहिस्ता लोगों ने अपना पुराना व्यवसाय छोड़ दिया है। शायद यही कारण है कि आज मेले में यह बाजार देखने को नहीं मिलता है। इक्का दुक्का ही रोजगार लोग संभाले हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सतीश बोले- अगली पीढ़ी मोड़ रही मुंह

**वर्तमान** में मेले में हाथ से बनाने वाला कुम्हार जाति से सुजानपुर का सतीश ही मेले में बैठा हुआ हैजबकि इस मेले में सुजानपुर नादौन, बगेहडा, तलवाड़, गंदड आदि गांव में इस जाति के लोग साल भर मिट्टी के बर्तन तैयार करके मेले में बिक्री की उम्मीद लगाकर अपने हाट सजाते थे। दुकानदार सतीश कुमार ने बताया कि हाथों से बने बर्तन का अपना ही महत्व है, लेकिन आधुनिक मशीनरी की दौड़ में इस व्यवसाय से बनाने वाले कारीगर की अगली पीढ़ी मुंह मोड़ रही है तथा सरकार की ओर से भी कोई प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है।

# राहुल गांधी को नहीं मालूम है लोकतंत्र की परिभाषा : कंगना रनौत

## बोली-सुप्रिया श्रीनेत को मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता जल्द देगी जवाब

**अनिल शर्मा, मंडी**

सोमवार को भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं और विधायकों की मंडी संसदीय क्षेत्र की बैठक का आयोजन भीमाकाली मंदिर सभागार में किया गया।

इस दौरान राज्य अध्यक्ष राजीव बिंदल नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत उपस्थित रही। पत्रकारों को जारी बयान में कंगना रनौत ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है और सभी कार्यकर्ताओं से आज पहली बार मुलाकात भी हुई। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिय श्रीनेत और राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकतंत्र की परिभाषा मालूम नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी किस लोकतंत्र कि हत्या की बात कर रहे हैं। हम लोकतंत्र में रहकर ही चुनाव लड़ रहे हैं और इसे ही असली लोकतंत्र कहते हैं।

कंगना ने कहा कि कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत के बयान पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। इसको लेकर मंडी संसदीय क्षेत्र के मतदाता खुद वोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेत्री के इस बयान से मंडी के लोग आहत हुए हैं। आज मंडी संसदीय क्षेत्र के नेताओं और पदाधिकारियों से परिचय किया है। कंगना रनौत ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा चारों लोकसभा क्षेत्रों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। (अनंत ज्ञान)



नमो टी-स्टाल में चाय बनाती हुई कंगना रनौत।

## कंगना रनौत ने मंडी में लिया भगवान भूतनाथ का आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने भूतनाथ मंदिर में माथा टेक कर जलाभिषेक किया। वहां से युवा कार्यकर्ताओं के नारों के साथ चौहट्टा व सेरी बाजार होते हुए संकन पार्क पहुंची।

वहां पर नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर जयराम, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, स्थानीय विधायक अनिल शर्मा समेत कई अन्य विधायकों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ खुले में लगाई गई नमो टी स्टाल पर चाय की रस्म अदायगी कर सभी पदाधिकारी मीडिया से रू-ब-रू हुए।

बहरहाल, भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने भूतनाथ मंदिर में माथा टेक कर जलाभिषेक किया। वहीं, माथा टेक कर भगवान का लिया आशीर्वाद।

### जगह-जगह मांगे वोट

**सरकाघाट।** भाजपा की मंडी संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कंगना ने भांबला अपने गांव से मंडी जाते समय जगह-जगह एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को तथा मोदी को भारी से भारी वोट देने का आग्रह किया। भांबला से कलखर तक पार्टी कार्यकर्ताओं तथा आमजनों ने कंगना के स्वागत किया। विभिन्न नुक्कड़ जनसभाओं में कंगना ने भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने के लिए वोट मांगे।

## एसपीयू मंडी के तीसरे स्थापना दिवस पर प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने किया ध्वजारोहण



सरदार पटेल विश्वविद्यालय में भारत माता की जयकारे लगाते प्रोफेसर और विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रोफेसर अनुपमा सिंह सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी ने सोमवार को ध्वजारोहण कर विश्वविद्यालय के तीसरे स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की उसके बाद उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित की।

परीक्षा नियंत्रक ई. सुनील वर्मा, प्रमोद जसवाल, फाइनेंस ऑफिसर और डीन सीडीसी प्रो. राजेश शर्मा द्वारा भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। डॉ. पवन चंद ने उपस्थित और स्टूडेंट को संबोधित करते हुए स्थापना दिवस के महत्व को समझाया इसके बाद राष्ट्रगान और भारत माता की जय के नारों से एसपीयू मंडी कैंपस गूंज उठा। इसके उपरांत रानी लक्ष्मीबाई भवन के कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक इंजीनियर सुनील वर्मा ने अनुपमा सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक इंजीनियर सुनील वर्मा ने सरदार वल्लभभाई पटेल क्लस्टर यूनिवर्सिटी से सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के सफर में अपने अनुभवों को सभी के साथ साझा किया। एसपीयू मंडी के स्टेट यूनिवर्सिटी बनने में जिन लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया उनको याद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑडिशन को छह अप्रैल तक करें आवेदन

**पधर।** उपमंडल पधर में 15 से 19 अप्रैल तक होने वाले जिला स्तरीय किसान मेला में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि मेले के दौरान लोक संस्कृति और स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने का पूरा प्रयास किया जाएगा। किसान मेले में होने वाली सांस्कृतिक संध्या के लिए मिनी सचिवालय पधर के सभागार में में ऑडिशन आठ और नौ अप्रैल को 11 बजे से आयोजित किए जाएंगे। ऑडिशन के पहले दिन आठ अप्रैल को उपमंडल पधर, जोगिंद्रनगर के कलाकारों की स्वर परीक्षा होगी। नौ अप्रैल को सरकाघाट, धर्मपुर, उपमंडल गोहर करसोग, सराज व अन्य जिलों के कलाकारों की स्वर परीक्षा होगी। स्वर परीक्षा के लिए कलाकारों के आवेदन छह अप्रैल तक लिए जाएंगे।

### भोजन की थाली से गायब हुए पारंपरिक व्यंजन

**मंडी।** राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी की वनस्पति विज्ञान की सहायक प्रो. तारा सेन का कहना है कि मौजूदा समय में जो भोजन हम लोग आमतौर पर ले रहे हैं वह बहुत ही सीमित फसलों से आ रहा है और धीरे-धीरे भोजन के रूप में प्रयुक्त होने वाली कुल फसलों की संख्या कम से कम होती जा रही है। उनका कहना है कि वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भोजन के लिए उगाई जाने वाली कुल 6000 पौधों की विविधता में से लगभग 66 प्रतिशत भोजन की आपूर्ति सिर्फ नौ पौधों से होती है। परिणामस्वरूप कई फल और सब्जियों जो कि कभी हमारी रसोई के महत्वपूर्ण अंग रहे। अब खाद्य प्लेट से गायब हो रहे हैं और उन्हें विस्मृत आहार या भुला हुआ भोजन माना जा रहा है। लेकिन अब पारंपरिक व्यंजन धीरे-धीरे हमारे भोजन की थाली से गायब होते जा रहे हैं।

### त्रिफालाघाट की हर्षिता जेएनवी में करेगी पढ़ाई

**मंडी।** जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा 2024-25 के लिए छठी कक्षा प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला त्रिफालघाट से हर्षिता का चयन हुआ है। इस से पूरे क्षेत्र में खुशियों का माहौल बना हुआ है हर्षिता एक साधारण परिवार से आती हैं और बहुत ही परिश्रमी छात्रा हैं। साथ में त्रिफालघाट स्कूल से अरमान ठाकुर ने शिक्षा खंड गोपालपुर द्वितीय की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान हासिल किया है।

## बिलासपुर के अनीश और ऊना की ज्योति बाला ने जीती मैराथन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के अवसर पर थीम रन फॉर डेमोक्रेसी पर आधारित मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मैराथन प्रतियोगिता का मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम मनीश चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने तथा मत के महत्व बारे जागरूक करने के लिए यह मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदाताओं से लोकतंत्र की मजबूती के अपने मत का इस्तेमाल करने का भी आह्वान किया। एसडीएम ने सभी विजेता प्रतिभागियों को नकद इनामी राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया। राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला के अवसर पर आयोजित पुरुष वर्ग की 15 किलोमीटर तथा महिला वर्ग की 10 किलोमीटर मैराथन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में बिलासपुर जिला के अनीश और महिला वर्ग में ऊना जिला की ज्योति बाला विजयी रही। इसके अलावा पुरुष वर्ग में मंडी जिला के राजेंद्र कुमार व रमेश कुमार ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह महिला वर्ग में ऊना जिला की रवीना कुमारी तथा हमीरपुर जिला की शिवाली क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष व महिला वर्ग में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 71 सौ, 61 सौ तथा 51 सौ रुपए की नकद इनामी राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा महिला व पुरुष वर्ग की मैराथन में अन्य दस धावक व धाविकाओं को भी एक-एक हजार रुपए की प्रोत्साहन ईनामी राशि प्रदान की गई। इसी मैराथन प्रतियोगिता के अंडर-16 लड़कियों के वर्ग में आयोजित 6 किलोमीटर दौड़ में ऊना जिला की रितिका पहले, ऊना की ही नव्या शर्मा दूसरे तथा नेहा तीसरे स्थान पर रहीं। इन तीनों प्रतिभागियों को पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 41 सौ, 31 सौ तथा 21 सौ रुपए की ईनामी राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त दस अन्य धाविकाओं को भी एक-एक रुपए की सांत्वन्ना राशि प्रदान की है।



राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला मैराथन में भाग लेते प्रतिभागी

### धावकों को भी एक-एक हजार की राशि की प्रदान

**मैराथन** प्रतियोगिता के अंडर-14 लड़कों के वर्ग में आयोजित तीन किलोमीटर दौड़ में ऊना के अभिषेक, ऊना के ही कृष्णा व मंडी के मुकेश ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन तीनों विजेताओं को क्रमशः 41सौ, 31 सौ और 21 सौ रुपए की इनामी राशि प्रदान की। इसी वर्ग में दस अन्य धावकों को भी एक-एक हजार रुपए की इनामी राशि प्रदान की गई।

## पुरानी चीजों से उपयोगी वस्तुएं तैयार करने को सजी कार्यशाला



कार्यशाला में शामिल शिक्षक और विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय जीरो वेस्ट दिवस के मौके पर राजकीय महाविद्यालय पनारसा में भी जीरो वेस्ट सप्ताह मनाया जा रहा है। इसमे प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों में जागरूकता लाने और वेस्ट से उपयोगी वस्तुएं बनाने के लिए चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

चार दिनों की कार्यशाला के उपरांत अगले तीन दिन उन्हीं व्यर्थ चीजों से उपयोगी कलाकृतियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण के सौंदर्यीकरण के लिए प्रयोग में लाया जाएगा। कार्यशाला के समन्वयक और समिति के सदस्यों डॉ. डिंपल जामटा, प्रो. निशा, लाइब्रेरियन बिंदु सूर्यवंशी ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला से जहां एक ओर व्यर्थ की वस्तुओं का फिर से इस्तेमाल करके कूड़े का समाधान होगा। वहीं, उससे सुंदर कलाकृतियां बनाना सीखकर विद्यार्थी अपने घरों और मोहल्लों में भी एसी जागरूकता फैलाने में सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने प्रथम चरण में इस कार्यशाला के लिए पेंट के खाली डिब्बे, बाल्टियां, ड्रम, प्लास्टिक की बोतलें, टायर आदि आसपास और घरों से एकत्र करेंगे तत्पश्चात महाविद्यालय प्रांगण का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। प्राचार्य उरसेम लता ने बताया कि कार्यशाला स्नातकोत्तर पेंटिंग के प्रशिक्षक सुरेश सोनी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सहयोग से उनकी ही देखरेख में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर प्रो. चारु अहलूवालिया, प्रो. हीरा सिंह, प्रो. रतन नेगी, प्रो. अनिता तथा प्रो. कृष्ण लाल भी सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं।

## पंचायत सचिवों के साथ बैठक, मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के दिए निर्देश

**सरकाघाट।** सरकाघाट के तहत आने वाली समस्त पंचायतों के पंचायत सचिवों की एक बैठक एसडीएम कार्यालय सरकाघाट में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सरकाघाट विस की प्रत्येक पंचायत में डेडिकेटेड एनरोलमेंट सेंटर स्थापित किए जा चुके है। उन्होंने पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि पंचायत क्षेत्र में पहली अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण करना सुनिश्चित करें, ताकि वे आगामी लोकसभा चुनावों में मताधिकार का प्रयोग कर सकें। बैठक में खंड विकास अधिकारी विवेक पाल, इलेक्शन विभाग से दीपक कुमार व विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिव मौजूद थे। वहीं, सरकाघाट के तहत आने वाली समस्त पंचायतों के पंचायत सचिवों की एक बैठक एसडीएम कार्यालय सरकाघाट में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

## उपलब्धि: देशभर के विद्यार्थी पढ़ेंगे सुंदरनगर के पवन चौहान की रचनाएं

### सीबीएसई और आईसीएसई सिलेबस में शामिल हुई कविताएं और कहानियां

**अनंत ज्ञान, धनोटू**

**हिमाचल** प्रदेश के सुंदरनगर क्षेत्र के युवा साहित्यकार पवन चौहान के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। इस बार पवन चौहान की चार और रचनाएं पाठ्यक्रम में शामिल हुई हैं।



ये रचनाएं सीबीएसई और आईसीएसई संबद्ध निजी विद्यालयों के पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 से पढ़ाई जाएंगी। वीवा एजुकेशन की पाठ्य पुस्तक श्रृंखला 'अविरल' के तहत इन्हें देशभर के विद्यार्थी पढ़ेंगे। कक्षा दूसरी में जहां 'दादा जी का कोट' कविता शामिल हुई है। तीसरी कक्षा में कविता 'बड़े हो रहे हो बेटा तुम' और पांचवीं कक्षा में 'देवीदहड़' यात्रा वृतांत व छठी कक्षा में 'काफल' नामक बाल कहानी विद्यार्थियों को पढ़ाई जाएगी। यह पाठ्य पुस्तकें एनईपी 2020 व एनसीएफ 2023 के मानदंडों के अनुरूप तैयार की गई हैं। इसमें रचना 'दादा जी का कोट' में एक नन्हें बालक का अपने दादा को नया कोट लाने का जिक्र है।

वहीं 'बड़े हो रहे हो बेटा तुम' कविता में बड़े हो रहे बालक को सही मार्ग पर चलने की सलाह दी जा रही है।

### गौरव की बात

**इन** पुस्तकों में साहित्यकार कबीर, रहीम, वृंद, रवींद्रनाथ, रामनरेश त्रिपाठी, सुभद्रा कुमारी चौहान, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, सोहनलाल, विष्णु प्रभाकर, मुंशी प्रेमचंद, अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध', केदारनाथ अग्रवाल, राजा चौरसिया, मार्क ट्वेन, कवि प्रीत, पंकज चतुर्वेदी, सुदर्शन, मधु पंत, राम नरेश त्रिपाठी, अनवारे इस्लाम, दिविक रमेश, त्रिपुरारि, गुरप्रीत शर्मा, शशि प्रकाश द्विवेदी, संगीता गुप्ता आदि की रचनाओं को भी शामिल किया गया है। पवन का कहना है कि जिनकी रचनाओं को पढ़कर हम बड़े हुए, उनके साथ उनकी रचनाओं का प्रकाशन होना एक गौरव जैसा है।

## एसडीएम ने किया 'वोट करेगा बल्ह' कार्यक्रम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा द्वारा लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया।

सोमवार को बल्ह एसडीएम के द्वारा वोट करेगा बल्ह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी बल्ह सिकंदर, स्वीप टीम व उप मण्डल बल्ह के कर्मचारी मौजूद रहे। विशाल शर्मा द्वारा स्वीप टीम के माध्यम से विधानसभा के प्रत्येक मतदान केंद्र पर पंजीकरण व मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान शुरू किया है प्रथम चरण में उन पात्र मतदाताओं पर लक्ष्य रखा गया है जो कि मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है। इसके लिए खंड विकास अधिकारी बल्ह, पंचायत सचिव व बूथ स्तर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे पहली अप्रैल, 2024 की अर्हता तिथि अनुसार बचे हुए सभी पात्र नागरिकों को जल्द से जल्द पंजीकृत करें। मतदाता सूची में 18-19 वर्ष की आयु वर्ग में अनुमानित जनसंख्या के अनुसार 16 प्रतिशत कम मतदाता पंजीकृत है। जिन्हें पंजीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा बताया गया कि इसके पश्चात उन मतदान केंद्र पर ध्यान दिया जायेगा जहां लोकसभा चुनाव 2019 में मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत से कम रहा था। इसके लिए ग्रामसभा में नुक्कड़ नाटक, महिला मंडल, युवक मंडल व स्वयं सहायता समूह के द्वारा बूथ स्तर पर प्रत्येक मतदान केंद्र में मत के प्रति जागरूकता का अभियान चलाया जायेगा। मतदाता जागरूकता के लिएअधिकाधिक प्रचार-प्रसार व स्वीप गतिविधियों के आयोजन के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएग।



राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के शुभारंभ अवसर पर पूजा-अर्चना करते हुए अधिकारी।



जोगिंद्रनगर। राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर के शुभारंभ अवसर पर पुराने मेला मैदान में चौहारघाटी के अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व पहाड़ी बजीर देव श्री पाशाकोट सहित उपस्थित समस्त देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद अराध्य देव श्री हुरंग नारायण व देव श्री पाशाकोट की अगवानी में देवी-देवताओं की भव्य जलेब निकली।

## डीसी ने किया पंडोह के समीप कैंची मोड़ क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने सोमवार को राष्ट्रीय उच्च मार्ग कीरतपुर-मनाली के पंडोह कैंची मोड़ पर क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पंडोह के समीप कैंची मोड़ तक भारी बरसात में बादल फटने व भूस्खलन के कारण यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका निर्माण कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा नई तकनीक के आधार पर लगभग पूरा कर लिया गया है ।

उन्होंने बताया कि पहाड़ को स्थिर रखने के लिए रॉक बोल्ट को लगाकर हाइड्रोसीडिंग प्रणाली का प्रयोग किया गया है, जिसके तहत पहाड़ के स्लोप को स्थिर रखने के लिए बीजारोपण के द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के लिए भी कार्य किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान में पंडोह-मंडी के कैंची मोड़ तक सड़क यातायात को सुरक्षा की दृष्टि से एकतरफा वाहनों की आवाजाही के लिए आज बहाल कर दिया गया है तथा एक सप्ताह बाद नाली बनाने का कार्य पूरा होने पर यातायात को दोनों ओर से आवाजाही के लिए बहाल कर दिया जाएगा। वहीं, उन्होंने बातया कि एक सप्ताह के बाद नाली बनाने का कार्य पूर्ण होने पर कैंची मोड़ मार्ग को दोनों तरफ के यातायात को आवाजाही के लिए बहाल कर दिया जाएगा।

**मांग** — मांग न पूरी करने पर किसान सभा के सदस्य ने दी आंदोलन की चेतावनी

## जल्द शुरू किया जाए बल्ह सब्जी मंडी का निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल की किसान सभा बल्ह इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान प्रेमदास चौधरी की अध्यक्षता में एसडीएम बल्ह से मिला।

उन्होंने एसडीएम के माध्यम से उपायुक्त, जिला मंडी व अध्यक्ष एपीएमसी संजीव गुलेरिया को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने मांग कि है की बल्ह में सब्जी मंडी के लिए जरलू मुहाल में जमीन आवंटित की गई है और बल्ह सब्जी मंडी के निर्माण हेतु बजट का प्रावधान कर दिया गया है, परंतु अभी तक निर्माण कार्य को शुरू नहीं किया गया है। कुछ महीनों बाद टमाटर ब अन्य नकदी फसलों का सीजन शुरू हो जाएगा और फिर निर्माण मुश्किल हो जाएगा। अत: मांग करते हैं कि सब्जी मंडी का निर्माण तत्काल शुरू किया जाए, ताकि बल्ह के सब्जी उत्पादकों को जल्द से जल्द सब्जी मंडी की सुविधा मिल सके। किसान सभा के सचिव रामजी दास व अध्यक्ष प्रेम दास चौधरी ने बताया कि किसान सभा को उम्मीद है कि इसमें प्रशासन मुस्तेदी से काम करेगा अन्यथा किसानों को मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल में जोगिंदर वालिया, रामजीदास, प्रेमदास चौधरी, नंदलाल वर्मा व परस राम शामिल हुए।



एसडीएम बल्ह को ज्ञापन सौंपते हुए किसान सभा के सदस्य।

## नगर निगम ने काटे आठ अतिक्रमणकारियों के चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान कुछ छोटे व्यापारी रास्तों में ही अतिक्रमण कर अपना सामान बेचने के लिए बैठ जाते हैं। इससे राहगीरों को चलने के लिए पगडंडी छोड़ सड़क पर उतरना पड़ता है। नगर निगम मंडी द्वारा जो भी रास्ते में बैठे अतिक्रमणकारियों को पहले तीन से चार बार हिदायत दी, लेकिन अतिक्रमणकारी हटने का नाम नहीं ले रहे थे।

इस पर सोमवार को नगर निगम ने औचक निरीक्षण के दौरान रास्ते में जितने भी अतिक्रमणकारी बैठे थे उनके चालान काटे गए और रास्ते को खाली किया गया। नगर निगम मंडी सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया ने बताया कि इस बारे में बहुत सी शिकायतें स्थानीय लोगों की आ रही थी जिस पर इन्हें चार दिन पहले हटनें की हिदायत दी। लेकिन बात न मानने पर नगर निगम द्वारा आठ अतिक्रमणकारियों के चालान काटे गए। उन्होंने बताया कि रास्ते में फड़िया लगाने पर लोगों को चलने में भी दिक्कत होती है और सड़क में भी आजकल ट्रैफिक भी ज्यादा है। इससे कोई भी हादसा हो सकता है इसलिए न मानने पर इन लोगों के चालान करके रास्ते के अवरोध को दुरुस्त करवाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### साधुओं को छकाया लंगर, गुरु घर की रीत ताजा



बाबा सरबजोत सिंह बेदी साध-संगत के साथ।

**ऊना।** श्री गुरु नानक देव जी के वंशज व ऊना नगर के संस्थापक बाबा साहिब सिंह बेदी जी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। श्री गुरु नानक देव वंश को परंपरा के अनुसार धार्मिक समागम आयोजित किया गया। इस उपलक्ष्य पर गुरु नानक देव जी की ओर से चलाई गई साधुओं को लंगर ग्रहण करवाने की प्रथा को भी निभाया गया। इस अवसर पर बाबा अमरजोत सिंह जी बेदी, बाबा तेग्वीर सिंह जी बेदी द्वारा विभिन्न स्थानों से आए साधुओं को वस्त्र व अन्य भेंटें दी गईं।

### भागवत अनुसरण से दूर होते हैं कष्ट : जोशी



कथा व्यास कृष्ण कन्हैया जोशी कथा के प्रवचन सुनते हुए गणमान्य व अन्य।

**अंब।** नगर पंचायत अंब के वार्ड नंबर 8 नजदीक सीधी विनायक मंदिर के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के अंतिम दिन सोमवार को कथा व्यास कृष्ण कन्हैया जोशी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में बताई बातों को अगर मनुष्य अपने जीवन में अनुसरण करता है, तो कभी भी दुखी नहीं रह सकता। जोशी ने कहा श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय होता है। कथा समापन से पहले विधिवत पूर्णाहुति डाली गई वा आरती की गई व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथा आयोजक गौरव गौतम, सुभाष गौतम, मुनीश गौतम, विवेक प्रधान, अनिल शर्मा, व गौतम परिवार के सदस्यों ने सभी भक्तों का कथा सुनने आने के लिए आभार व्यक्त किया।

### गलती हो जाए तो प्रायश्चित जरूर करें : स्वामी शरण



बदोली गांव में श्रीमद् भागवत कथा सुनते हुए श्रद्धालु।

**ऊना।** जिला ऊना के गांव बदोली में आयोजित की जा रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास स्वामी भागवत शरण ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं, लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। श्रीमद्भागवत कथा जीवन के सत्य का ज्ञान कराने के साथ ही धर्म और अधर्म के बीच के फर्क को बताती है। कथा श्रवण से सूना जीवन धन्य हो जाता है। श्रीमद् भागवत कथा में जीवन का सार छिपा है। यह प्रेम और करुणा की महत्ता समझाती है। इस अवसर पर कथा पंडाल श्रोताओं से खचाखच भरा था।

### बीडीओ चतर सिंह धीमान हुए सेवानिवृत्त




सेवानिवृत्ति के दौरान चतर सिंह धीमान व अन्य।

**झंडूता।** झंडूता विकास खंड अधिकारी चतर सिंह धीमान सेवानिवृत्त हो गए। 35 वर्ष की नौकरी के कार्यकाल में उन्होंने विभिन्न जिलों में कार्य किया और अंततः झंडूता बीडीओ पद से सेवानिवृत्त हुए। उनके बेहतर कार्य करने के चलते कई बार उन्हें श्रेष्ठ अधिकारी के रूप में सरकार की ओर से सम्मानित भी किया गया है। शांत व सरल स्वभाव के अधिकारी रहे चतर सिंह धीमान देहरा जिला कांगड़ा, हमीरपुर में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें स्टाफ सहित पंचायत प्रधानों और सचिवों द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति निरीक्षक सुभाष कुमार, सहायक अभियंता विजय अत्री, कनिष्ठ अभियंता वीरेंद्र चड्डा, राजकुमार, विकास खंड अधिकारी श्री नयना देवी जी विनय शर्मा, पंचायत समिति अध्यक्ष अभिषेक चंदेल, प्रधान निक्कू राम, रंजला देवी, प्रकाश चंदेल, रमेश चंद, विहारी लाल शर्मा, सतीश कुमार, सचिव राजेंद्र कुमार, ब्रह्म दत्त, विपन तकनीकी सहायक कश्मीर सिंह, पवन कुमार, सपना, मनोज मौजूद रहे।

### सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को घेरा

**बिलासपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा है कि अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए एक भी बैठक नहीं करवा पाए। उन्होंने कहा है कि अनुराग ठाकुर पहली बार मई 2008 में उपचुनावों में लोकसभा के लिए चुने गए थे। उसके उपरांत वे चौथी बार 14वीं, 15वीं, 16वीं और 17वीं लोकसभा के सदस्य हैं। अपने राजनीतिक सिफारिशी करियर में तुकबंदी से हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं। हिमाचल प्रदेश राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव, हॉकी हिमाचल प्रदेश के महासचिव, भारतीय ओलंपिक संघ के कार्यकारी सदस्य, बीसीसीआई के संयुक्त सचिव रहे और फिर बीसीसीआई के अध्यक्ष चुने गए। उसके उपरांत अनुराग ठाकुर प्रादेशिक सेना का हिस्सा बने, बाद में उन्हें कैप्टन के पद पर पदोन्नत किया गया। संदीप सांख्यान ने कहा कि अब सवाल उठता है कि अनुराग ठाकुर ने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति की है और हिमाचल के हितों से खिलवाड़ किया।

### मेडल लेकर आए खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**बिलासपुर।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बच्चों को खेलों का बेहतरीन मंच देने के लिए छेड़े गए अभियान के सुखद परिणाम आना शुरू हो गए हैं। ठाकुर कुश्ती एकेडमी के दो बच्चों द्वारा अभी हाल ही में नोएडा में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में दो बच्चों द्वारा मेडल प्राप्त किए गए हैं। यह बात सोमवार को चांदपुर में कुश्ती कोच विवेक ठाकुर द्वारा संचालित ठाकुर कुश्ती एकेडमी में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि बीसीसीआई सीनियर टूर्नामेंट सेलेक्शन कमेटी मेंबर व बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन के सचिव विशाल जगोता ने कही। आयोजकों द्वारा मुख्यातिथि विशाल जगोता का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें शॉल व टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ठाकुर कुश्ती एकेडमी के वंश और ऋषिका ने नोएडा में हुई नेशनल रैस्लिंग गेम्स में हिमाचल के लिए रजत और कांस्य पदक जीते हैं। इसके लिए कोच विवेक ठाकुर के साथ अन्य सहयोगी स्टाफ बधाई का पात्र है। वापस पहुंचे दोनों पहलवानों का बल्ह बुल्हाना पंचायत में 500 से ज्यादा लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मेधावी खिलाड़ियों को शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

# मतदाता बनने के लिए 4 मई तक कर सकते हैं आवेदन : जतिन

## एक अप्रैल तक 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा भी ले सकते हैं लोकतंत्र के महाकुंभ में भाग

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक 4 मई तक मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव 2024 के लिए तिथियों की घोषणा कर दी गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने बताया कि इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 मई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता को अपना नाम दर्ज करवाने के लिए फार्म नंबर 6, आयु प्रमाण पत्र, एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो व निवास स्थान प्रमाण पत्र (राशन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली का बिल व पानी का बिल) दस्तावेज अनिवार्य रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस बारे संबंधित मतदाता मतदान केंद्र में नियुक्त बीएलओ अथवा संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**सी-विजिल ऐप पर कर सकते हैं आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों की शिकायत सी-विजिल ऐप के माध्यम से दर्ज की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति इस ऐप के जरिए आदर्श आचार संहिता की अवहेलना करने वालों की शिकायत आसानी से सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है।

### कार्रवाई करने के लिए उड़नदस्ते गठित

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त, रिश्वत देने और लेने वालों दोनों के विरुद्ध मामले दर्ज करने और ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए उड़नदस्ते गठित कर दिए गए हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे किसी प्रकार की रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि किसी व्यक्ति को रिश्वत की पेशकश की जाती है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने/धमकाने के मामलों की जानकारी है तो टोल फ्री नंबर 1950 पर शिकायत की जा सकती है। उन्होंने बताया कि ऐसा करने पर एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला ऊना के सभी संवाददाता समाचार पत्रों को निर्देश दिए है कि वे जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय में गठित एमसीएमसी के पूर्व प्रमाणीकरण के बिना राजनीतिक दलों/चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों या किसी अन्य संस्था से प्राप्त राजनीतिक प्रकृति के किसी भी प्रकार के विज्ञापन को प्रकाशित न करें।

### सुविधा ऐप पर मिलेगी चुनावी कार्यक्रमों की अनुमति

**जतिन** लाल ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने चुनावी कार्यक्रमों संबंधी विभिन्न अनुमतियों को लेकर 'सुविधा ऐप' बनाई है। इसके माध्यम से चुनावी रैलियों, नुक्कड़ बैठकें और लाउडस्पीकर के प्रयोग समेत चुनाव प्रचार से जुड़ी विभिन्न प्रकार की अनुमतियां प्राप्त की जा सकती हैं।

इसमें स्टार प्रचारकों और पार्टी पदाधिकारियों के लिए वाहन की अनुमति, हेलिकॉप्टर और हेलिपैड के उपयोग, पार्टी का अस्थायी कार्यालय खोलने, व्हीकल परमिट, गाड़ियों में लाउड स्पीकर लगाने की परमिशन, उम्मीदवार और चुनाव एजेंट के लिए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में वाहन की अनुमति समेत चुनावी कार्यक्रमों से जुड़ी विभिन्न अनुमतियां प्राप्त की सकती हैं।

### गीत संगीत और नुक्कड़ नाटकों से दिया जा रहा मतदान का संदेश

**ऊना।** ऊना जिले में स्वीप कार्यक्रमों के तहत मनोरंजन और लोक शिक्षा के समन्वय से मतदाता जागरूकता गतिविधियों का बहुस्तरीय आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रयोजन से जिले में पहली अप्रैल से विशेष जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है। इसमें गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के जरिए मतदाता जागरूकता की अलख जगाने पर फोकस रहेगा। अभियान के पहले दिन एक अप्रैल को ऊना बस स्टैंड तथा मैहतपुर टैक्सी स्टैंड पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें नाट्य दलों के कलाकारों ने लोगों को वृद्ध हों या जवान पहली जून को जरूर करें मतदान,को लेकर जागरूक किया। इन कार्यक्रमों के दौरान निर्वाचन कानूनगो हरजीत सिंह, ऊना उपमंडल के स्वीप नोडल अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा, विनोद कुमार, रामपाल तथा कमल देव, टैक्सी यूनियन मैहतपुर के प्रधान अमरीक सिंह, यूनियन सचिव बबलू जोशी, अजायब सिंह (प्रवक्ता) तथा श्री हरदीप सिंह (एमसी, वार्ड नंबर 8) सहित अन्य गणमान्य तथा स्थानीय लोग व अन्य उपस्थित रहे। ऊना जिले में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 8 अप्रैल को हरोली बस स्टैंड और पंजावर बस स्टैंड, 19 अप्रैल को बढ़ूही तथा अंब बस स्टैंड, 22 अप्रैल को बंगाणा तथा थानाकलां बस स्टैंड और 30 अप्रैल को गगरेट व दियोली बस स्टैंड में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा।



लोक संपर्क विभाग के कलाकार मतदान को लेकर जागरूकता संदेश देते हुए।

### बिहड़ू उपतहसील के गांव में युवती ने मौत को गले लगाया

**ऊना।** कुटलैहड़ क्षेत्र के बिहड़ू उपतहसील के एक गांव में पंद्रह वर्षीय युवती ने अपनी चुनरी से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस की दी तो पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में बाहरी राज्य के युवक का शव मिला

**ऊना।** गगरेट क्षेत्र के मवाकोहलां के जंगल में एक बाहरी राज्य के युवक का शव मिला है। थाना गगरेट के अंतर्गत गांव मवाकोहलां में एक प्रवासी का शव मिलने की पुलिस को सूचना मिली थी। शव कुछ दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, लेकिन उसका शरीर झुलसने जैसा भी प्रतीत हुआ है। इसकी पहचान नितेश जिला खुशीनगर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए नहीं मिल रहे प्रत्याशी : भुट्टो



कुटलैहड़ अनुसूचित जाति मोरचा की बैठक में भुट्टो व अन्य नेता।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि राज्य हो या देश, कांग्रेस पार्टी की हालत क्या है, यह किसी से छिपा नहीं है। रात को कांग्रेस पार्टी लोकसभा का टिकट चुनाव लड़ने के लिए दे रही है, वही कांग्रेस नेता सुबह भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं क्योंकि भाजपा के पास विजन है, नीति है, नीयत है और नेतृत्व है। कांग्रेस पार्टी केवल झूठी गारंटियों के सहारे भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कुशल नेतृत्व से हर मतदाता उनका फैन बन चुका है। हम सभी मिलकर केंद्र में लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ और मजबूत करने के लिए अनुराग सिंह ठाकुर को एक एक वोट भाजपा के निशान पर डालेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, राज्य भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राज्य सचिव सूरम सिंह, मनोहर लाल शर्मा, सुदर्शन शर्मा, अभय राणा के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वैदिक परंपरा से नए सत्र पर छात्रों का प्रवेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ठ पब्लिक स्कूल ऊना में पहली अप्रैल से नए सत्र का वैदिक संस्कृति के साथ शुभारंभ हुआ। अध्यापकों की ओर से सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

अध्यापकों ने प्रेरणादायक टैग लगाकर बच्चों का स्वागत किया। नए सत्र की शुरुआत में पहले दो दिन सभी बच्चों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जाएंगी।

स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट ने नए सत्र की शुरुआत पर अध्यापकों, बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि नए सत्र में हम शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए और नए आयाम हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों को नैतिक शिक्षा और अनुशासन के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों और अध्यापकों का हार्दिक स्वागत किया।



वशिष्ठ पब्लिक स्कूल ऊना में नए सत्र के पहले रोज छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत करते अध्यापक।

## नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने दिया इस्तीफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हमेशा राजनीतिक विवादों में रही नगर परिषद बिलासपुर एक बार सुर्खियों में आ गई है। सोमवार को नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप ने इस्तीफा दे दिया है। अपनी शक्तियों का सही से उपयोग न होना व नगर परिषद में नेताओं के रिश्तेदारों का अधिक हस्तक्षेप रहना को कमलेंद्र कश्यप ने इस्तीफे का मुख्य कारण बताया है।

उन्होंने कहा कि वह हमेशा से शहर के विकास को लेकर कार्यरत रहे हैं, लेकिन कुछ समय से नगर परिषद बिलासपुर में हो रहे षड़यंत्र से पूरी तरह से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनको काफी समय से नगर परिषद अध्यक्ष पद से हटाने की साजिशें रची जा रही हैं परंतु अब अपने आप ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कमलेंद्र कश्यप ने प्रेस वार्ता में कहा कि वह जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि है और जनता और यहां के पार्षदों द्वारा

**शहर के विकास के लिए नहीं कर पा रहे शक्तियों का सही प्रयोग**



कमलेंद्र कश्यप।

उनको अध्यक्ष पद पर बिठाया गया है। कुछ समय से उनकी शक्तियां तक उनके पास नहीं है। उनकी अधिक शक्तियों का प्रयोग प्रशासन कर रहा है। वहीं, दूसरी ओर नगर परिषद में नेताओं के रिश्तदारों का अधिक हस्तक्षेप हो गया है, जिससे वह पूरी तरह से हताश और निराश है। ऐसे में उन्होंने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गौरतलब है कि कमलेंद्र कश्यप शुरुआती दौर में युवा कांग्रेस के नेता भी रह चुके हैं। वहीं, उसके बाद वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की श्रेणी में भी आए, परंतु कुछ साल पहले वह कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए थे, ऐसे में भाजपा समर्पित पार्षदों और अन्य पार्षदों ने कमलेंद्र कश्यप का समर्थन करके उन्हें निविरोध अध्यक्ष चुना था। ऐसे में अभी कुछ समय पहले ही कमलेंद्र कश्यप भाजपा को छोड़ फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

वहीं, बिलासपुर नगर परिषद की बात करें तो यहां पर भाजपा समर्थित अधिक पार्षदों की संख्या है। अब कमलेंद्र कश्यप द्वारा कांग्रेस में शामिल होने से कहीं न कहीं भाजपा समर्पित पार्षदों को कमलेंद्र कश्यप का कांग्रेस में शामिल होकर अध्यक्ष पद पर बने रहना रास नहीं आ रहा है। जिसके चलते यह सब हुआ है। कमलेंद्र कश्यप ने कहा कि उनके खिलाफ साजिश रचने से सही है कि वह स्वयं ही इस पद से इस्तीफा देते हैं।

### बिलासपुर में होगा बगटुर फेडरेशन कप

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन मार्शल आर्ट की बैठक का आयोजन बिलासपुर में किया गया। इसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन मार्शल आर्ट के प्रदेश महासचिव सराज अख्तर एवं जिला अध्यक्ष सुनंदा सुद ने की। इसमें विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन के सरंक्षक एचएएस धर्मपाल चौधरी ने शिरकत की। हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन के संरक्षक एचएएस धर्मपाल चौधरी को हिमाचली परंपरा अनुसार हिमाचली टोपी, हिमाचली शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संरक्षक एचएएस धर्मपाल चौधरी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना एवं ग्रामीण स्तर पर युवाओं को मंच प्रदान करने के लिए बिलासपुर में राष्ट्र स्तरीय बगटुर फेडरेशन कप मार्शल आर्ट की चैंपियनशिप का आयोजन जून में करवाया जाएगा। जिसमें लगभग भारत देश के लगभग 450 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## बिलासपुर पुलिस ने 5400 लीटर कच्ची लाहन नष्ट की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस ने शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। चुनाव आचार संहिता के बाद अब तक बिलासपुर पुलिस की टीम ने कुल 2505 बोतल अंग्रेजी व देशी शराब सहित 5400 लीटर कच्ची लाहन को नष्ट किया है। वहीं, बिलासपुर पुलिस के विभिन्न थानों में कुल 31 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि चुनाव आचार संहिता के नियमों की उल्लंघना करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा। बिलासपुर के डीएसपी मदन धीमान ने कहा कि पुलिस प्रशासन की विशेष टीम शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में लगी हुई है। पुलिस प्रशासन की विशेष टीम दिन रात कार्य कर रही है। वहीं, आपको यह भी बता दें कि डीएसपी मदन धीमान ने शराब माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए स्वयं एक विशेष टीम का गठन किया है। उन्होंने बिलासपुर की जनता से भी आग्रह किया है कि अगर कोई भी व्यक्ति शराब की अधिक खेप सहित नशे का कोई भी सामान बेचता है तो तुरंत इसकी जानकारी बिलासपुर पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस आंकड़ों की बात करें तो अभी तक कुल इंग्लिश शराब 55 बोतल, देशी शराब 2450 बोतल सहित 5400 लीटर कच्ची लाहन शराब पकड़ी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि इन सभी मामलों में कुल 32 लोगों की संलिप्तता पाई गई है।



जिले में कुल 2505 बोतल देशी व अंग्रेजी अवैध शराब पकड़ी है। जिले के थानों में कुल 31 मामले दर्ज किए गए हैं। चुनाव आचार संहिता के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है।

**-मदन धीमान, डीएसपी,बिलासपुर।**

## त्रिफालघाट चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**चंबा के किहार में चढ़ा पुलिस के हत्थे**

घुमारवी थाना क्षेत्र के त्रिफालघाट कस्बे में 16 मार्च की रात को दो दुकानों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि चोरी के अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस कार्रवाई जारी है। चोरी के मामले में युवक को चंबा जिला के किहार से पकड़ा गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी की आल्टो कार को भी कब्जे में ले लिया है।

गौर हो कि त्रिफालघाट कस्बे में 16 मार्च को दो दुकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी हो गया था। चोर नोटों के हार, अटेचियां, व अन्य कीमती सामान चुरा ले गए थे। चोरी की घटना के बाद पुलिस ने इस संदर्भ में जांच शुरू कर दी।

जांच के दौरान घुमारवीं पुलिस ने अन्य थानों से चोरी की वारदतों में शामिल चोरों के संदर्भ में जानकारी हासिल की। इनमें से कुछ एक मोबाइल नंबर जांचे गए। एक व्यक्ति का नंबर उस रात के डंप डाटा में मिल गया।

पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि अन्य जिलों में चोरी के मामलों में संलिप्त एक आरोपी का नंबर उस रात को त्रिफलघाट में एक्टिव था। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की और क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। जांच के दौरान कुछ अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे। जिसके बाद पुलिस ने चंबा जिले से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में तीन से चार अन्य लोगों की तलाश भी पुलिस कर रही है। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रपाल ने कहा कि चोरी के आरोप में चंबा जिला के 30 वर्षीय सोभिया को हिरासत में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

**फैसला** मेला कमेटी अध्यक्ष व एसडीएम गौरव चौधरी ने दी जानकारी

## होटल एम 4 यू में होंगी सांस्कृतिक संध्याएं

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं में पांच अप्रैल से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव में आयोजित होने वाली चार सांस्कृतिक संध्याएं अब घुमारवीं के एक निजी होटल एम 4 यू में आयोजित की जाएगी। मेला कमेटी अध्यक्ष व उपमंडलीय अधिकारी गौरव चौधरी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा मेलों के आयोजन में स्कूलों के खेल मैदान को इस्तेमाल करने की इजाजत देने से इंकार करने के बाद अब मेला समिति ने यह निर्णय लिया है कि घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव की चार सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन अब इस निजी होटल के प्रांगण में करवाया जाएगा।

पिछले 39 वर्षों से आयोजित किए जा रहे इस ग्रीष्मोत्सव को हाल ही में जिला स्तरीय से राज्य स्तरीय मेले का दर्जा मिला है। इन बीते वर्षों में घुमारवीं में आयोजित होने वाले इस मेले की सांस्कृतिक संध्याओं को साथ लगते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं बाल के प्रांगण में ही आयोजित किया जाता रहा है, लेकिन हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा इन आयोजनों के लिए स्कूलों के खेल मैदान को इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दिए जाने के बाद मेला समिति के समक्ष इन संध्याओं के आयोजन को लेकर मुश्किल खड़ी हो गई थी। हालांकि 2022 में भी एक बार ऐसा हो चुका है जब कोर्ट द्वारा स्कूल के मैदान में ऐसे आयोजन पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि उस समय मेला समिति तथा तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष राकेश चोपड़ा द्वारा स्कूल ग्राउंड के पीछे खेतों में किसी तरह इन संध्याओं का आयोजन करवा दिया गया था, लेकिन अब एक वर्ष बाद फिर से प्रशासन के सामने फिर वही समस्या खड़ी हो गई थी। इसके बाद प्रशासन इन संध्याओं के आयोजन के लिए उचित स्थान ढूंढ रहा था, लेकिन मेले के आसपास कोई भी उचित स्थान न होने के कारण मेले को लेकर प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई थी।

### जिला स्तरीय अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव आज से

**डंगार चौक।** भराड़ी में दो से चार अप्रैल तक होने वाले जिला स्तरीय अजमेरपुर ग्रीष्मोत्सव की तैयारियों को लगभग पूरा कर लिया गया हैं। मेला कमेटी के प्रधान करतार सिंह चौधरी ने बताया कि इस बार मेले को और आकर्षक बनाने के लिए कमेटी के हर सदस्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। अजमेरपुर के तहत आने वाली हर पंचायत को मेले से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि मेले का शुभारंभ दो अप्रैल को उपमंडलाधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी करेंगे, चार अप्रैल को समापन गो सेवा समिति पडयालग के प्रधान, व्यवसायी व समाजसेवी राम चंद बरूर करेंगे। दो अप्रैल को रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्यातिथि शगुन चड्डा विनायका पब्लिक स्कूल लदरौर के चेयरमैन होंगे, तीन अप्रैल को दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मुख्यातिथि आशीष सिंह राजपूत परवाणू के व्यवसायी व निजी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर होंगे। तीन अप्रैल को रात्रि कार्यक्रम के मुख्याथिति समाजसेवी व व्यवसायी कमलदेव राव होंगे। चार अप्रैल को अंतिम सांस्कृतिक संध्या के मुख्यातिथि समाजसेवी रजत ज्वेलर्स के मालिक व रजत बॉयोटेक लैब के संचालक सतीश सोनी, विनोद सोनी होंगे। उन्होंने बताया कि अजमेरपुर मेले में हिमाचली कलाकारों को महत्व दिया जाता है ताकि हमारी संस्कृति जीवंत रहे। चार अप्रैल को होने वाला दंगल भी इस बार आकर्षक होगा।

## संपादकीय

# राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारी हिमाचल सरकार से नाराज क्यों?

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारी प्रदेश सरकार से काफी नाराज हैं और इसका कारण बोर्ड की माली हालत का दिन-प्रतिदिन खराब होना है। बोर्ड की खराब होती आर्थिक स्थिति को लेकर इसके कर्मचारी बहुत चिंतित हैं और इसके लिए सरकार को सीधा जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। कर्मियों का कहना है कि सरकार की लोकलुभावनी नीतियों के कारण ही बिजली बोर्ड की आर्थिकी कमजोर हो रही है। सरकार बोर्ड को तो उपभोक्ताओं को फ्री बिजली देने के लिए बाध्य कर रही है, मगर स्वयं बोर्ड को इसका भुगतान नहीं कर रही। बिजली बोर्ड स्वयं महंगे दाम पर बिजली खरीदकर आगे सस्ते दाम पर बेचता है, जिस कारण इसे भारी घाटा हो रहा है। वर्तमान में बिजली बोर्ड खुद तो 4600 करोड़ रुपए की बिजली खरीद रहा है, लेकिन इसे बेचकर बोर्ड को सिर्फ 1100 करोड़ रुपए की ही कमाई हो रही है। बोर्ड की आमदनी तो अठन्नी है, पर खर्चा रुपए से भी कहीं ज्यादा हो रहा है।

अब सवाल यह है कि बोर्ड को बिजली खरीद पर इतने ज्यादा रुपए क्यों खर्च करने पड़ रहे हैं, तो इसका जवाब यह है कि हिमाचल बिजली बोर्ड कुल मांग का मात्र 18 फीसदी उत्पादन ही कर पाता है, जबकि 82 प्रतिशत बिजली बोर्ड को सरकार और अन्य पावर कंपनियां मुहैया करवा रही हैं। बोर्ड की पतली होती वित्तीय स्थिति को लेकर बिजली बोर्ड संयुक्त मोर्चा के पदाधिकरियों का कहना है कि अगर राज्य सरकार ने समय रहते इस ओर कोई आवश्यक कदम नहीं उठाए, तो आने वाले समय में बिजली बोर्ड का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। मोर्चा की मानें तो सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को 125 यूनिट फ्री बिजली देने की योजना और अन्य दी जाने वाली सब्सिडी पर करीब 1100 करोड़ रुपए सालाना खर्च होते हैं, जिसे बोर्ड को स्वयं वहन करना पड़ रहा है, क्योंकि बोर्ड तो उपभोक्ताओं को मुफ्त में बिजली बांट रहा है, मगर सरकार की ओर से इस फ्री बिजली के बदले बोर्ड को कुछ नहीं दिया जा रहा है।

बिजली बोर्ड पिछले कई दशकों से प्रदेश सरकार के हिस्से की बिजली का लगभग 650 से 950 मिलियन यूनिट उपभोक्ताओं को सस्ती दरों में देता रहा है, लेकिन 13 मार्च की मंत्रिमंडल में लिए फैसले से इस वर्ष से प्रदेश सरकार ने अपने हिस्से की बिजली को बोर्ड को देने से मना कर दिया। मोर्चा के पदाधिकरियों की मानें तो बिजली बोर्ड के इस वित्तीय संकट का कारण अफसरशाही के गलत निर्णय हैं। प्रदेश के अफसर सरकार को गलत राय देकर राज्य बिजली बोर्ड की तालाबंदी करने में लगे हुए हैं। इससे एक ओर जहां बिजली बोर्ड से जुड़े लगभग 50 हजार कर्मचारियों और पेंशनर्स में उनकी सामाजिक सुरक्षा को लेकर अनिश्चितता का माहौल पनप रहा है, वहीं बिजली उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता और सब्सिडी में भी भारी गिरावट आ सकती है।

मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि बोर्ड के 54 सालों के इतिहास में इतनी खराब स्थिति पहले कभी नहीं देखी गई। अब पहली अप्रैल से जो नई बिजली दरें लागू हो गई हैं, कर्मचारी उनसे भी नाराज हो गए हैं। दरअसल, विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की जिन दरों को बढ़ाने का फैसला किया है, उसका भुगतान राज्य सरकार सब्सिडी के तौर पर करेगी। आयोग ने बढ़ाई गई बिजली दरों की अंतर राशि लगभग 1200 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। इस तरह प्रदेश सरकार की कुल वार्षिक सब्सिडी 2300 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पहले 1100 करोड़ रुपए थी। अब इस पूरी राशि का भुगतान प्रदेश सरकार को बिजली बोर्ड को तय समय पर करना होगा। अगर सरकार समय पर भुगतान नहीं कर पाई तो कर्मचारियों का वेतन और पेंशनर्स की पेंशन रुक सकती है। बोर्ड को राज्य सरकार का मुंह ताकने की नौबत आ सकती है। इन सब बातों को लेकर ही बिजली बोर्ड के कर्मचारी सरकार से नाराज हैं।

# राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

भारतीय राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं, लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरा तो अवश्य करे, पर जब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आए, तब नैतिकता के मायने बदल दिए जाते हैं।

भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था, जबकि दिल्ली के शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है। इस उदाहरण को आदर्शवादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं है। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वह राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आए हैं, लेकिन अब जब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जाएगी।

दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोप प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है।


लेखक : सुरेश हिंदुस्तानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हम यह भली-भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वह ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं, लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अन्ना हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अन्ना हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अन्ना हजारे की ओर से साफ-सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अन्ना हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अन्ना हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तब ही धुंआ उठता है और इस धुएं की कालिमा किस-किस के शक्ल को बिगाड़ने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है।

केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्रवाई राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया। यह बात सही है कि राजनीतिक तौर पर तर्क तो कई दिए जा सकते हैं, लेकिन इन तर्कों का आधार क्या है? यह कोई नहीं बता पाता।

भारत की राजनीति की यह विसंगति ही मानी जाएगी कि उसे ऐसे नायक के रूप में प्रस्तुत करते दिखाई देते हैं, जैसे वह समाज के लिए आदर्श बन गया हो। ऐसे तमाम उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिसमें नेता जमानत पर बाहर आकर राजनीतिक वातावरण को स्वच्छ करने की बात करते हैं। क्या वास्तव में ऐसे राजनेता देश के राजनीतिक वातावरण को सकारात्मक दिशा देने का सामर्थ्य रखते हैं, कदाचित नहीं क्योंकि आज के राजनीतिक माहौल में राजनेता जैसा अपने आपको दिखाने का प्रयास करते हैं, वैसा सिद्धांततः होता नहीं है। उनके क्रियाकलाप केवल और केवल भ्रमित करने वाली राजनीति करने की ही होती है। देश में एक समय यह आम धारणा बन चुकी थी कि राजनीतिक भ्रष्टाचार इस देश की नियति बन चुकी है, लेकिन पिछले दस साल में इस धारणा को बदलने की सुगबुगाहट भी सुनाई देने लगी है। यह सुगबुगाहट कई राजनीतिक दलों को पसंद नहीं आ रही। ऐसे कई राजनेता हैं जो भ्रष्टाचार के दोषी सिद्ध हो चुके हैं और देश की राजनीति को सुधारने की कवायद कर रहे हैं।

अब सवाल यह भी आता है कि क्या बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की बात करने का साहस दिखा सकते हैं। इसका उत्तर नहीं ही होगा, लेकिन वे फिर राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। भारत में साफ-सुथरी राजनीति के क्या यही मायने हैं? क्या ऐसे नेता राजनीति को सही दिशा दे सकते हैं, इसका उत्तर हमें स्वयं तलाश करना होगा। ऐसे ही दिल्ली सरकार के घोटाला में होता हुआ लग रहा है, क्योंकि यह स्पष्ट रूप से कहा जा रहा कि गोवा में 45 करोड़ रुपए हवाला के माध्यम से दिए गए। ऐसे में सवाल यही है कि क्या यही साफ-सुथरी राजनीति के मायने हैं? तर्क कुछ भी हों, परंतु अब ऐसी राजनीति से देश को अलग करने का समय आ गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# 'ऑटिज्म' बीमारी से नौनिहालों को बचाने की चुनौती

चिंतनीय है सालाना करीब 10 हजार बच्चे जन्मजात लाइलाज बीमारी 'ऑटिज्म' के साथ पैदा हो रहे हैं। यह आंकड़ा विगत वर्षों में और बढ़ा है। इस बीमारी की न तो कोई दवा है और न ही प्रॉपर इलाज। सिर्फ जागरूकता और बचाव ही साधन है। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से 2 अप्रैल को 'विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता' यानी विश्व ऑटिज्म दिवस' को मनाना आरंभ किया, ताकि जनमानस इस खतरनाक बीमारी के प्रति जागरूक हो सके।

आज इस खास दिवस के जरिए ही ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जाता है जिससे पीड़ित एक अभिन्न अंग के रूप में पूर्ण और सार्थक जीवन जी सकें। अप्रैल-1988 में राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने पहली उद्घोषणा जारी कर 2 अप्रैल को 'राष्ट्रीय ऑटिज्म जागरूकता' माह घोषित किया। यह महत्वपूर्ण प्रगति थी और जागरूकता का एक नया युग शुरू हुआ, जिसने ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के लिए पूर्ण और अधिक उत्पादक जीवन जीने के अवसर खोले। भारत में लगभग 18 मिलियन बच्चे ऑटिज्म से पीड़ित हैं। 2 से 9 वर्ष की आयु के लगभग 1 से 1.5 प्रतिशत बच्चों में ऑटिज्म यानी एएसडी है। दुनिया की लगभग एक फीसदी आबादी इस समय ऑटिज्म स्पेक्ट्रम से पीड़ित हो चुकी है। सन 2022 में सीडीसी द्वारा किए गए शोध के मुताबिक, कुल संख्या 75,000,000 से अधिक पहुंच गई है।


लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

रिपोर्ट की माने तो प्रत्येक 100 बच्चों में से एक को ऑटिज्म है। विश्व में ऑटिज्म निदान की उच्चतम दर वाला देश कतर है और सबसे कम दर वाला देश फ्रांस है। दुनिया भर में ऑटिज्म पीड़ितों की दर बहुत हो गई है। इसकी समझ, जानकारी और जागरूकता का अभाव रोगी, लोग, परिवार, और समुदाय पर बहुत गहरा पड़ रहा है। यहां तक कि इससे होने वाले भेदभाव का असर भी इसके निदान और उपचार आदि पर पड़ने लगा है।

यह बीमारी डरावनी भी होती जा रही है। बहरहाल, ऑटिज्म सामान्य रोग नहीं हैं, बल्कि कई बार तो लगता है कि यह रोग नहीं बल्कि ताउम्र रहने वाला विकार है। समय की मांग यही है कि इस रोग के लिए भी उचित दवाइयों और उपचारों की खोज की जाए, ताकि कई बच्चों का जीवन जन्म से ही बेकार न हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## गजल


रवि वर्मा
उपनिदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तरी क्षेत्र, धर्मशाला

**वक्त** की पहेली का नाम है जिंदगी,
खुशी और गम का पैगाम है जिंदगी।
रश्क करते हैं जीने पर खुशनसीब,
बदकिस्मतों में बदनाम है जिंदगी।
जर के मालिकों की जानिब देखिए,
और कुछ नहीं आराम है जिंदगी।
पसीने में सराबोर एक तन बोला,
अजी बस काम ही काम है जिंदगी।
जो जला मुहब्बत में तिल-तिल,
उसके लिए खाली जाम है जिंदगी।
कहीं आंसू कहीं हंसी की फुलझड़ियां,
कुछ ऐसा दोहरा दाम है जिंदगी।
लाख नाम दे ले जिंदगी को कोई,
खाली पेट को गुमनाम है जिंदगी।
जब नजर आई आखिरी दहलीज,
तब लगे ढलती शाम है जिंदगी।
चाहत के लफ्जों को गर सहेजा तो,
गजले इश्क का कलाम है जिंदगी।
वसूल करते जाओ करते जाओ,
खुदा का हसीन इनाम है जिंदगी।

# राजनीतिक गतिविधियां लोकतंत्र महापर्व का डंका बजते ही चढ़ चुकी परवान

भारत में लोकतंत्र महापर्व का डंका बजते ही राजनीतिक गतिविधियां परवान चढ़ चुकी हैं। भाजपा, कांग्रेस इंडिया महागठबंधन के बीच यह महादंगल होने जा रहा है। कांग्रेस इंडिया महागठबंधन की चुनावी लड़ाई राष्ट्रवाद, हिंदुत्व का हमेशा नारा बुलंद करने बाले ज्यादातर राम भक्तों के साथ है। 18 से 29 साल के 20 मिलियन मतदाता पहली बार मतदान किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार फिर सत्ता पर काबिज होने के लिए 400 पार का नारा बुलंद किए हैं। वह किसानों के विरोध का सामना भी कर चुके हैं।

इंडिया महागठबंधन नेताओं का मानना है कि इस बार भाजपा 180 सीटों पर सिमटकर रह जाएगी। नेताओं के दावों में कितनी सच्चाई है, यह समय भी अब दूर नहीं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण होने से विदेशों तक आज इसकी गूंज सुनाई दे रही है। कांग्रेस नेताओं को सिर्फ यही शंका हमेशा रहती है कि ईवीएम मशीनें भाजपा पक्ष में चलकर उन्हें विजयी बनाती हैं। दरअसल कांग्रेस पिछले दस सालों में यह समझ नहीं पाई है कि भाजपा की जीत का मुख्य कारण क्या है? कांग्रेस नेता भाजपा का फंडा अगर समझ गए होते तो पिछले लोकसभा चुनावों में मुंह की न खानी पड़ती। भाजपा का सदैव मूल मंत्र राष्ट्रवाद, हिंदुत्व रहा है, जिसके चलते वह भगवा फहराने में कामयाब बन रही है। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाकर, तीन तलाक का कानून बनाकर मुस्लिम समुदाय को अपना पक्षधर बनाकर कांग्रेस बोट बैंक में सेंधमारी की है। कांग्रेस का बोट बैंक भाजपा दिन-रात हथियाने में प्रयासरत रही है। कांग्रेस आलाकमान हमेशा इसके विपरीत काम करके अपनी कोई खास छाप नहीं छोड़ पा रही है। जिस राजनीतिक दल के राष्ट्रीय नेता को यह मालूम न हो कि उनकी पार्टी के किस नेता का स्वर्गवास हो चुका है और वह सार्वजनिक मंचों पर उल्टा सीधा भाषण देकर हास्य का पात्र ही बनेगा।


सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

कांग्रेस इंडिया महागठबंधन ने रविवार को दिल्ली स्थित राम लीला मैदान में चुनावी शंखनाद का श्री गणेश किया। इस रैली का प्रमुख एजेंडा तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ था। बड़ी हैरानी की बात है जब लोकसभा के चुनाव आते हैं, तब नेता, वकील लोकतंत्र और न्यायापालिका को खतरे में बताते हैं। रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी की शहादत की प्रशंसा करते हुए राहुल गांधी को भी शहीद करार देकर लोगों को दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष इससे पूर्व भी राहुल गांधी को शहीद बताकर हास्य के पात्र बन चुके हैं। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व को यह बात समझनी होगी बहुसंख्यक आवादी के विपरीत जाकर सत्ता हासिल नहीं की जा सकती है। कुल मिलाकर भाजपा भगवान श्रीराम का नारा बुलंद करके अपनी रणनीति में सफल बनने की अटूट कोशिश कर रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कमीशनखोरी के कारण विकास की उम्मीद बेमानी

वर्तमान समय में समाज और क्षेत्र में अनेक कुरीतियां और समस्याएं देखने को मिलती हैं, उनमें से एक है अनेक विभागों में कमीशनखोरी और अनेक रूपों में भ्रष्टाचार का बोलबाला। आज यह एक ऐसी लाइलाज बीमारी बन चुकी है, जो विभाग के वजूद और सरकार के सरकारी खजाने को दीमक की तरह खत्म करने के लिए आतुर है। कितनी विडंबना और दुख होता है कि हर मां-बाप अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दिन-रात समर्पित रहते हैं और वही युवा आगे चलकर भ्रष्टाचार जैसे घटनाओं को अंजाम देते हैं, तो उन तमाम मां-बाप, क्षेत्र और समाज को कितना दुख होता होगा कि जिस अधिकारी व कर्मचारी से माता-पिता को क्षेत्र को और समाज को बहुत सारी अपेक्षाएं रहती हैं कि भविष्य में वह हम सभी को अपने सेवाभाव, ईमानदारी, इच्छाशक्ति और उच्च शिक्षा के अनुभवों से गौरवान्वित महसूस करवाएगा, तो वहीं दूसरी ओर किसी भी क्षेत्र और समाज में एक अधिकारी व कर्मचारी अन्य लोगों के लिए और खासकर युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी माने जाते रहे हैं।

आज यह विकट स्थिति देवभूमि हिमाचल प्रदेश के कुछेक विभागों में भी देखने को मिलती है, जो परिस्थितियां किसी से शायद छुपी नहीं हैं। यहां आज हम अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों को भी इतने ही सहभागी समझते हैं, क्योंकि आज जो विभागों में कमीशनखोरी और विभागों को आर्थिक रूप से खोखला करने में तुले हुए हैं, उसमें इनकी भी अहम भूमिका देखने व सुनने को मिलती है, परंतु आज भी जो अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी हमारे प्रदेश के अनेक विभागों में ईमानदारी, निष्पक्षता, अनुभवों के साथ दिन-रात मेहनत करके अपने वेतन में संतुष्ट होकर और प्रदेश और विभागों में अपने सेवा भाव और ईमानदारी के लिए जाने जाते हैं, उन तमाम अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों को कितनी पीड़ा और उस भ्रष्टाचार में रहना कितना मुश्किल होता होगा, जहां कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का बोलबाला मानो चरम सीमा पर हो। इस बात को आज सभी युवाओं और समाज को समझने की भी परम आवश्यकता है कि आखिर यह परिस्थितियां क्यों उत्पन्न होती है, जिसमें संभवतः बहुत से कारण रहते हैं। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित अगर कोई वर्ग होता है, तो वह है आम आदमी और गरीब व्यक्ति, जहां उस गरीब और असहाय व्यक्ति को अनेक विभागों में इन तमाम परिस्थितियों का शिकार होना पड़ता है, जिसमें वर्तमान समय में उस आम व्यक्ति की कार्यालय में समय से सुनवाई नहीं होती है और बार-बार अधिकारी से लेकर कर्मचारियों तक आश्वासनों और टालमटोल करके उस गरीब और असहाय व्यक्ति की समस्या और पीड़ा को नहीं समझा जाता है, तो वहीं दूसरी ओर विभाग में अगर कोई राजनीतिक प्रभावशाली व्यक्ति या फिर धनपति को अपने कोई भी कार्य करवाना हो तो वह कार्य बिना विलंब किए कुछ क्षणों में ही हो जाता है, जो कि एक जमीनी सच्चाई है। आखिर समानता का अधिकार है तो समानता जमीनी स्तर पर दिखनी भी चाहिए, परंतु यहां आम आदमी और गरीब व्यक्ति को आए दिन कुछेक विभाग में इन सभी कुरीतियों और समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। आज हम सभी के लिए कितने दुर्भाग्य और शर्म की बात है कि जहां आज भी हमारे देश व प्रदेश में आर्थिक स्थिति सही नहीं है और प्रदेश सरकार प्रदेश को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने और संसाधनों को खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, तो वहीं आज भी अनेक विभागों में खबरें सुर्खियों में रहती हैं।


हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इस देश को हमारे तमाम स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों ने अपनी शहादत देकर भारत को अंग्रेजों से मुक्त किया था, उस देश व प्रदेश को हमारे ही देश के उन चंद भ्रष्टाचारियों द्वारा आर्थिक रूप से खोखला करने में तुले हुए हैं। इस प्रकार आज प्रदेश और केंद्र सरकार को भ्रष्टाचार को लेकर आज के परिप्रेक्ष्य में कड़े कानून और कड़ी सजा का प्रावधान करना चाहिए, ताकि चंद अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में एक खोफ पैदा हो, जिस भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को करने से पहले एक अधिकारी व कर्मचारी सौ बार सोचेगा कि उसका अंजाम क्या होगा। इस मानसिकता से कहीं न कहीं बाहर निकलने का प्रयास भी करेंगे, तो आज हम सभी को भी अपने अधिकारों और समस्यायों पर इस व्यवस्था और इन तमाम दोषियों के खिलाफ समय-समय पर अपनी आवाज बुलंद करने का प्रयास करना चाहिए, ताकि भविष्य में आम लोगों और समाज को कुछ न कुछ राहत जरूर मिलती रहे, ऐसी उम्मीद और आशा जरूर करते हैं।

यह स्थिति प्रदेश के भी कुछेक विभागों में देखने को मिलती हैं, उसमें भी कुछ खास क्षेत्रों में जहां कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का वातावरण और इस तरह का क्रम चलता है, जिसमें एक क्रमानुसार इन घटनाओं को अंजाम दिया जाता है,परंतु आज इस बात को समझने और चिंतन करने की भी परम आवश्यकता है कि समय-समय पर जिन भी तमाम अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी को अंजाम दिया है, उनका हश्र बहुत ही बुरा होता आया है। इतिहास गवाह है कि इनके जीवन में ईश्वर द्वारा ऐसे दुख और समस्याएं पैदा होती हैं जिसका वे किसी से साझा भी नहीं कर सकते और फिर अनंत जीवनभर के लिए अपने ऊपर दाग लगाकर क्षेत्र व समाज में गुमनामी के शिकार भी हो जाते हैं। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'मूर्ख दिवस' का दिलचस्प है इतिहास, फ्रांस से हुई शुरुआत

'मूर्ख दिवस' मनाने की परंपरा कब, कैसे और कहां प्रचलित हुई, इस बारे में दावे के साथ तो कुछ नहीं कहा जा सकता, पर माना यही जाता है कि इस परंपरा की शुरुआत फ्रांस में 16वीं सदी के उत्तरार्ध में हुई थी। माना जाता है कि एक अप्रैल 1564 को फ्रांस के राजा ने मनोरंजक बातों के जरिये एक-दूसरे के बीच मैत्री और प्रेम भाव की स्थापना के लिए एक सभा का आयोजन कराया था। इसके बाद निर्णय लिया गया कि अब से हर वर्ष इसी दिन ऐसी ही सभा का आयोजन होगा, जिसमें सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकतें करने वाले व्यक्ति को 'मास्टर ऑफ फूल' की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इस सभा में शिरकत करने वाले व्यक्ति अनोखी और विचित्र वेशभूषाएं धारण करके अपनी अजीबोगरीब हरकतों से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया करते थे और सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकत करने वाले व्यक्ति को 'मूर्खों का अध्यक्ष' चुना जाता था, जिसे 'बिशप ऑफ फूल्स' की उपाधि से नवाजा जाता था। इस सभा के बाद 'गधा सम्मेलन' का भी आयोजन होता था, जो करीब एक सप्ताह चलता था। सम्मेलन में लोग अपने चेहरे पर गधे के मुंह की आकृति के मुखौटे लगाकर गधे की आवाज निकालते थे। इस दिन वहां कर्मचारी, अधिकारी सभी एक-दूसरे का मजाक उड़ाने को स्वतंत्र होते थे।

यह भी मान्यता है कि 1564 में फ्रांस के सम्राट चार्ल्स के आदेश पर लागू हुए ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुआत एक जनवरी से की जाने लगी, जबकि उससे पूर्व चूंकि वर्ष में सिर्फ 9 ही महीने होते थे, अतः नया साल एक अप्रैल से ही शुरू होता था, लेकिन ग्रेगेरियन कैलेंडर लागू किए जाने के बाद भी जो लोग एक अप्रैल को ही नववर्ष के रूप में मनाते रहे, दूसरे लोगों ने उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया और इस तरह 1 अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' के रूप में मनाए जाने की परंपरा शुरू हो गई। कुछ पश्चिमी राष्ट्रों में वे लोग, जो जूलियन कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुआत 25 मार्च से मानते हैं, वे वसंत के आगमन के साथ ही नए साल के आने की खुशियां मनाते हैं और एक सप्ताह तक चले इन मनोरंजक कार्यक्रमों का समापन वे एक अप्रैल को ही करते हैं। 'एनसाइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजन' तथा 'एनसाइक्लोपीडिया ऑफ ब्रिटानिका' के अनुसार भी एक अप्रैल को 'मूर्ख दिवस' मनाने का सीधा संबंध वसंत के आगमन से ही है, जब प्रकृति मनुष्य को अपने अनियमित मौसम से मूर्ख बनाती है।


लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कुछ लोग अप्रैल फूल मनाने की परंपरा की शुरुआत इटली से हुई मानते हैं। प्राचीन समय से ही इटली में एक अप्रैल को एक मनोरंजन उत्सव मनाया जाता है, जिसमें स्त्री-पुरुष सभी जमकर शराब पीते हैं और नाच-गाकर खूब हुड़दंग मचाते हैं। रात के समय दावतों का आयोजन भी किया जाता है। यूरोप के कुछ देशों में भी प्राचीन काल से ही 'मूर्ख दिवस' मनाए जाने का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि इस दिन वहां मालिक नौकर की और नौकर मालिक की भूमिका अदा करता था और नौकर इस दिन मालिक से अपने मनचाहे काम कराते थे, जिन्हें मालिक भी बिना किसी विरोध के खुशी-खुशी किया करते थे।

यूनान में 'मूर्ख दिवस' की शुरुआत कैसे हुई, इस संबंध में कई किस्से प्रचलित हैं। ऐसे ही एक किस्से में कहा जाता है कि यूनान में एक व्यक्ति को खुद की बुद्धि और चतुराई पर बहुत घमंड था। एक बार उसके कुछ दोस्तों ने उसे सबक सिखाने का निश्चय किया और उससे कहा कि मध्य रात्रि के समय पहाड़ की चोटी पर आज देवता अवतरित होंगे और वहां जितने भी लोग उपस्थित होंगे, उन्हें वह मनचाहा वरदान देंगे। अपने दोस्तों की बात पर विश्वास करके वह अगले दिन सुबह होने तक पहाड़ की चोटी पर देवता के प्रकट होने का इंतजार करता रहा और जब निराश होकर वापस लौटा तो दोस्तों ने उसका खूब मजाक उड़ाया। जिस दिन यह घटना हुई, उस दिन पहली अप्रैल थी। माना जाता है कि तभी से यूनान में एक अप्रैल को लोगों को मूर्ख बनाने की परम्परा शुरू हुई।

स्कॉटलैंड में अप्रैल फूल को 'अप्रैल गोक' कहा जाता है, जिसका अर्थ है पपीहा और पपीहा को यहां बुद्धूपन का प्रतीक माना गया है। इस अवसर पर लोग यहां कई प्रकार की मनोरंजक व आश्चर्यजनक अफवाहें उड़ाते हैं, जिन पर लोगों को आसानी से विश्वास भी हो जाता है। आज तो दुनिया के बड़े-बड़े टी.वी चैनल और प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाएं भी अपने दर्शकों व पाठकों के साथ एक अप्रैल को ऐसी हंसी-ठिठौली करने में पीछे नहीं रहते। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आधुनिक** युग में लोगों की जीवन शैली काफी बदल चुकी है। सुविधाओं से भरपूर जिंदगी की लालसा हर आदमी की इच्छा बन गई है। हालांकि, आधुनिक युग में भागदौड़ तो है, लेकिन यह भागदौड़ जिंदगी को व्यवस्थित नहीं बल्कि अव्यवस्थित कर रही है। हर आदमी हद से ज्यादा मसरूफ है और यही जिंदगी बीमारी का सबसे बड़ा कारण है।

छोटी उम्र में लोग बड़ी-बड़ी बीमारियों के रोगी बन गए हैं। ऐसा नहीं कि हम इस अव्यवस्थित जीवन को व्यस्थित नहीं कर सकते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है अपने आप से काउंसलिंग करना, अपने आप को समझना अपने जीवन को समझना। इसके साथ सबसे जरूरी है, जीवन में नियमित अनुशासन और व्यवस्था को लाना। जब आदमी जीवन को व्यवस्थित करने के लिए इन दो नियमों को लागू कर लेगा, वह रोग मुक्त होने लगेगा क्योंकि व्यवस्थित जीवन ही मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से सही कर सकता है। इसकी प्राप्ति के लिए हमें नियमित रूप से व्यायाम करते रहना होगा।

**– मिट्ठू शर्मा, बनूरी**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मंडल आयुक्त कांगड़ा अबूशाइनामौल चंबा के दौरे पर

**चंबा।** लोकसभा चुनाव 2024 के मध्यस्थ से मंडल आयुक्त कांगड़ा अबूशाइनामौल चंबा के दौरे पर पहुंचे है। इस दौरान उनके द्वारा चंबा के विभिन्न पोलिंग बूथों पर जाकर विभिन्न सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है, ताकि पोलिंग में आसानी हो और लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाए। इस दौरान मंडल आयुक्त कांगड़ा अबूशाइनामौल के साथ एसडीएम चंबा अरुण शर्मा और विभागीय टीम द्वारा चंबा के चौगान और कसाकड़ा सहित अन्य बूथों का दौरा किया गया। इसकी जानकारी देते हुए बीएलओ कसाकड़ा वार्ड राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौरान ऑब्जर्वर द्वारा उन्हें विभिन्न दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### फरहान मिर्जा को यूथ आईकान किया नियुक्त

**चंबा।** लोकसभा चुनाव-2024 में मतदाता सहभागिता वृद्धि के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा द्वारा जिला में विभिन्न श्रेणियों के चार स्वीप आइकॉन नियुक्त किए गए हैं यह जानकारी उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि जिला में विभिन्न वर्गों के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक व आकर्षित करने के उद्देश्य से इन आइकान की नियुक्ति की गई है। सामान्य आइकान में पदम श्री श्रीमती ललिता वकील, कला और संस्कृति में पद्मश्री मुशाफिर राम और पद्मश्री डा विजय शर्मा को आइकॉन नियुक्त किया गया है। जबकि एशियन शूंटिंग चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल विजेता फरहान मिर्जा को यूथ आइकॉन नियुक्त किया गया है।

### मांगों को लेकर उपायुक्त चंबा को सौंपा ज्ञापन

**चंबा।** नगर परिषद चंबा के अधीन सुल्तानपर मोहल्ले के लोगों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर आवाज बुलंद की है। सोमवार को मोहल्ले के लोगों ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसबाल के साथ मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन से अवगत करवाते हुए मोहल्ला वासियों ने कहा कि सुल्तानपुर मोहल्ले की सड़कों पर बेसहारा पशुओं की संख्या में रोजाना इजाफा हो रहा है। ऐसे मे न केवल वाहन चालकों बल्कि राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मोहल्ले में आवारा कुत्तों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त सुल्तानपुर मोहल्ले में बीते कुछ समय से लोगों के घरों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। गंदा पानी पीने से मोहल्ले में बीमारी फैलने का अंदेशा बढ़ गया है। उपायुक्त से जल शक्ति विभाग को इस विषय में आदेश जारी करने का आह्वान भी किया।

### सूही माता मंदिर में की साफ-सफाई

**चंबा।** प्रेरणा द इंस्पीरेशन संस्था के सदस्यों ने नगर परिषद चंबा व स्थानीय लोगों के साथ जिसमें बच्चो ने भी सूही माता मंदिर के समीप फैली गंदगी को साफ किया। वहीं, संस्था ने लोगों को जागरूक भी किया। संस्था संस्थापक दीपक भाटिया ने कहा कि यह मंदिर हमारी पौराणिक धरोहर है व मंदिर को साफ रखना व समय समय पर सफाई के लिए अपना श्रमदान दें। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने अपना श्रम दान दिया, फैली गंदगी में प्लास्टिक व कांच की बोतल की मात्रा काफी थी, जो बहुत समय से वहां पड़ा था। संस्था आप सभी लोगों से अनुरोध करती है के आप प्लास्टिक जैसी चीजों का कम प्रयोग करे व नशे जैसे परदर्थो का सेवन न करें और कचरे को कूड़ेदान में ही डाले। आपका यह प्रयास हमारे पुराणिक धरोहरों व वातावरण के लिए अच्छा साबित होगा। इस मौके पर संस्था के भुवनेश पुरी, शेर सिंह, पंडित हरि, दीक्षा मेहरा, प्रणव, आस्था, नगर परिषद चंबा के कर्मचारी व स्थानीय लोग अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**चंबा।** राज्य पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन इकाई खंड चंबा की मासिक बैठक तीन अप्रैल को पेंशनर्स कार्यालय डे केयर सेंटर चंबा में होगी। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान व राज्य प्रवक्ता पीसी ओबरॉय करेंगे। संगठन का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने जा रहा है। बैठक में आगामी चुनाव कराने की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी। संघ के महासचिव तजबीज सिंह पठानिया ने बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा समस्त कार्यकारिणी व अन्य सदस्यों से आग्रह भी किया कि बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

### लोकसभा चुनावों को लेकर आयोजित की बैठक

**चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम चंबा अरुण शर्मा की अध्यक्षता मे विभिन्न राजनीतिक दलों प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला महासचिव गोवर्धन आहूजा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासचिव दीपक कुमार, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा व भाजपा मंडल अध्यक्ष महाराज बडियाल उपस्थित रहे। बैठक में नायब तहसीलदार निर्वाचन संजय शांडिल व नोडल अधिकारी कुलदीप ठाकुर भी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार द्वारा पार्टी प्रतिनिधियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न कार्यकलापों के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अंतर्गत मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष की व्यवस्था, मतदाता सूची से छूटे मतदाताओं के नाम दर्ज करवाने की अंतिम तिथि सहित, दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने की सुविधा के अलावा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित घर पर ही मतदान की सुविधा सहित पोस्टल बैलट से संबंधित जानकारियां साझा की गई। इसके अतिरिक्त आईपीसी की धारा 171 व के अनुसार किसी राजनीतिक दल द्वारा किसी भी प्रकार का प्रलोभन दिए जाने व बड़ी चुनावी रैली के आयोजन के लिए 48 घंटे पहले स्वीकृति लिए जाने के बारे जानकारी दी गई। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदान की गई जानकारी पर पार्टी प्रतिनिधियों ने अपनी संतुष्टि व सहमति व्यक्त की।

# चंबा-तीसा सड़क पर हवा में लटका ट्रक

## मंधूवाड़ के पास डंगा धंसने से पेश आया हादसा; चार घंटे थमे रहे गाड़ियों के पहिये, लोगों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना

**आजम डार, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंबा-तीसा मुख्यमार्ग मंधूवाड़ के समीप एक ट्रक सड़क का डंगा धसने से लटक गया। इस वजह दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी लाइने लग गई। ट्रक के फंस जाने के कारण गाड़ियों की आवाजही पूरी तरह से ठप हो गई जिस वजह से लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंचना मुश्किल हो गया। वहीं, डंगा धंसने से हवा में लटक ट्रक।

सड़क पर ट्रक लटकने से कभी भी हो सकता था बड़ा हादसा। वहीं, इस दौरान सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। इस दौरान लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, प्रशासन ने तुंरत जेसीबी मशीनों की मदद से ट्रक को बाहर निकाला। (अनंत ज्ञान)



डंगा धंसने से हवा में लटका ट्रक। इस दौरान ट्रक को जेसीबी से खिंचते हुए।

### सड़क बहाल होने के बाद लोगों ने ली राहत की सांस

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंबा-तीसा मुख्यमार्ग मंधूवाड़ के समीप एक ट्रक सड़क का डंगा धसने से लटक गया। ट्रक के लटकने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, चार घंटे लगातार कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक को मशीनों की मदद से बाहर निकाला और सड़क किनारे लगाया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली

## कोड़ला-उरई-घटोर संपर्क मार्ग कई दिनों से बंद, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

कोड़ला उरई घटोर सड़क पिछले कई महीनों से बंद होने के कारण लोगों को आने-जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हाल में ही हुई भारी बारिश के कारण जगह-जगह पर हुए लैंडसलाइड के चलते सड़क पूरी तरह से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई है। यही नहीं जगह-जगह हुए भारी भू-स्खलन के कारण कई जगह पर लोगों को पैदल आने-जाने के लिए भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी सुरजन कुमार, परश राम, ओमप्रकाश, पवन कुमार, मनीष कुमार का कहना है कि पिछले कई दिनों से भारी बारिश के चलते यह सड़क बंद हो गई है। इसके कारण लोगों को रोजमर्रा की चीजों को मजबूरी में पीठ पर उठाकर घर पहुंचना पड़ रहा है। उन्होंने कहा है सड़क बंद होने के कारण मरीजों व गर्भवती महिलाओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर मशीन भेज कर इस सड़क को बहाल किया जाए। इस बारे में सहायक अभियंता भालचंद ने कहा है कि उनके ध्यान में मामला आया है एक-दो दिन में मशीन भेज कर सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दी जाएगी।

## विधायक ने आज तक पांगी वासियों का नहीं पूछा कुशलक्षेम

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिला मुख्यालय से कटे जनजातीय क्षेत्र पांगी के लोग सर्दियों में अपने विधायक से नहीं मिल पाए। अब गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में लोग यही आस लगाए बैठे हैं कि शायद विधायक अब उनका कुशलक्षेम पूछने के लिए पांगी पहुंचेंगे। अभी तक विधायक की तरफ से पांगी दौरे को लेकर घोषणा नहीं की गई है। लोकसभा चुनाव में मंडी संसदीय सीट में भरमौर और पांगी के लोग भी अपने मत का प्रयोग करते हैं।

ऐसे में भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगने के लिए विधायक पांगी का दौरा कर सकते हैं। सर्दी के मौसम में पिछले चार महीनों से पांगी घाटी जिला मुख्यालय से कटा है। तब से आज तक विधायक ने एक बार भी पांगी में जाकर मतदाताओं का हालचाल नहीं जाना। पांगी में बिजली और पानी की व्यवस्था चरमरा चुकी है। कई गांव पिछले कई दिनों से अंधेरे में हैं। कई गांवों तक सड़कें बंद है। पांगी वासियों में अजय कुमार, भीम राव, लेखराज, दलीप सिंह, पुष्पेंद्र, रवि, विशाल, रोहित, तरसेम व विजय कुमार ने कहा कि जनजातीय पांगी क्षेत्र के मतदाताओं को विधानसभा व लोकसभा चुनाव में केवल मतदान के अतिरिक्त अन्य किसी नजरिए से नहीं देखा जाता है। इसके चलते जब भी विधायक अथवा सांसद की क्षेत्र वासियों को आवश्यकता पड़ती है तो उन्हें कभी भरमौर तो कभी मंडी जिला का रुख करना पड़ता है। हैरानी की बात तो यह है कि इस तथ्य को राज्य व केंद्र सरकार दोनों जानते हुए भी वोट बैंक के चक्कर में आंखें मूंद कर बैठे हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में पांगी के हित की पैरवी करने वाली पार्टी को ही पांगी की जनता जहां अपना मत देगी।

## स्वीप टीम भट्टियात ने कंडेई क्षेत्र का दौरा कर बताया मतदान का महत्व

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

सोमवार को भट्टियात में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से कम मतदान प्रतिशत वाले 14 मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। डॉ. आकाश दीप शर्मा, नोडल अधिकारी एवं टीम के सदस्य बलवान सिंह और पंकज सूद ने पिछले संसदीय चुनाव में लगभग 56 प्रतिशत कम प्रतिशत के कारणों को जानने के लिए क्षेत्र का दौरा किया।

टीम ने आगामी चुनावों में मतदान प्रतिशत में सुधार के प्रयासों का भी विश्लेषण और चर्चा की। स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करने के बाद, प्राथमिक विद्यालय कंडेई में एक बैठक बुलाई गई जिसमें स्थानीय पर्यवेक्षक विपन, बीएलओ गणेश, वरिष्ठ नागरिक अमरनाथ और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया है कि इस क्षेत्र में तरवाड़ और कंडेई सहित दो मुख्य गांव शामिल हैं। बहुत से लोग या तो इस क्षेत्र से स्थानांतरित हो गए हैं या अपनी कमाई के लिए शहरों में चले गए हैं। जबकि तरवाड गांव बिना सड़क वाली पहाड़ी से तीन किमी और उससे भी आगे दो किलोमीटर ऊपर स्थित है। जो पोलिंग स्टेशन से लगभग पांच कि मी दूर हो जाते हैं। तरवाड़ गांव का भ्रमण और लोगों से बातचीत से पता चला कि इतनी दूरी से पूरा रास्ता पैदल चलना बहुत कठिन है। हालांकि, बहुत कम लोग वोट डालते हैं, लेकिन संसदीय चुनावों के दौरान यह अनुपात हर बार गिर जाता है। इस पर नोडल अधिकारी डॉ. आकाश दीप शर्मा ने टीम के साथ मुख्य मार्ग से स्वयं उस स्थान का दौरा किया और कुछ लोगों से बातचीत कर उन्हें चुनावी भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान के बाद नारों के साथ डाक टिकट छाप अभियान भी चलाया गया।

वहीं, डॉ. आकाश दीप शर्मा ने विभिन्न मुद्दों को स्वीकार किया और लोगों को उच्च अधिकारियों के समक्ष मुद्दों को उजागर करने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)



लोगों से बातचीत करते स्वीप टीम के अधिकारी।

## स्टाफ न होने से उलांसा डिस्पेंसरी पर लटता ताला

**भरमौर।** उलांसा आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी में पिछले चार सालों से स्टाफ न होने के कारण डिस्पेंसरी पर ताला लग गया है। हैरानी की बात यह है कि पिछले कुछ समय से यहां पर चपरासी की नियुक्ति भी नहीं हो पाई है। स्टाफ के अभाव के चलते यहां यहां पर लोगों का स्वास्थ्य राम भरोसे ही चल रहा है। स्टाफ न होने की वजह के कारण लोगों को छोटी-छोटी दवाइयां के लिए भी मिलो का सफर तय करना पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि यहां पर लोगों को सर्दी हो जुकाम जैसी छोटी-मोटी दवाइयों के लिए भी यहां से करीब दस किलोमीटर दूर गरोला जाना पड़ रहा है। पंचायत समिति सदस्य गरोला पवन शर्मा ने कहा है कि यहां पर पिछले चार सालों से स्टाफ न होने की वजह से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### रनुहकोठी टीम की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**भरमौर।** युवा आजाद क्लब सामरा द्वारा क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन रविवार को धूमधाम से किया गया। प्रतियोगिता में पुष्प कुमार हिमाचल एकता मंच जिलाध्यक्ष चंबा ने मुख्यातिथि की रूप में शिरकत की। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि पुष्प कुमार ने युवा आजाद क्लब को क्रिकेट किट भेंट की। प्रतियोगिता के फाइनल में रनुहकोठी टीम ने युवा आजाद क्लब की टीम को 20 रनों से हराया। युवा आजाद क्लब के अध्यक्ष अश्वनी कुमार सोई ने मुख्यातिथि को बैच ओर टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर हिमाचल एकता मंच के मंडल भरमौर अध्यक्ष ठानू राम और मंडल भटियात के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

## नागरिक अस्पताल बाथरी में सुविधाएं न मिलने से लोग परेशान



नागरिक अस्पताल बाथरी का फाइल फोटो।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

नागरिक अस्पताल बाथरी के मौजूदा हालातों को देखते हुए स्थानीय क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। यहां पर लोगों को नामात्र की सुविधाएं मिल रही है।

भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष पंकज कश्यप ने प्रदेश सरकार को चेताया है कि प्रदेश सरकार ने नागरिक अस्पताल डलहौजी को डॉक्टरों से तो नवाज दिया। किंतु इसकी विपरीत नागरिक अस्पताल बाथरी के साथ सौतेला व्यवहार आखिर क्यों। क्या सरकार को पता नहीं की राष्ट्रीय उच्च मार्ग एनएच-154 ए पर स्थित नागरिक हॉस्पिटल बॉथरी में अच्छे डॉक्टर एवं अच्छी सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। जोकि मौजूदा समय में बिलकुल भी देखने को नहीं मिल रही है। हालांकि रोजाना करीब सैकड़ों मरीज इलाज के लिए बाथरी आते हैं। जो नाम की सुविधाओं को पाकर निराशा ही पाते हैं। इसलिए भाजपा युवा मोर्चा के पवन कश्यप ने सरकार को चेताया है कि जल्द अगर उन की इस समस्या का समाधान नहीं किया तो बहुत जल्द युवा साथियों सहित धरना प्रदर्शन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## सड़क नहीं तो लोकसभा चुनावों में वोट भी नहीं

**ओपी शर्मा, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर की पंचायत गरोला के वार्ड गवाड़ में सड़क न पहुंचने के कारण ग्रामीणों का गुस्सा फूटना शुरू हो गया है। जनजातीय क्षेत्रों में विकास की रफ्तार व सड़कों के निर्माण की धीमी गति को लेकर ग्रामीणों ने विभाग व प्रशासन के खिलाफ मुंह खोलना भी शुरू कर दिया है।

गरोला पंचायत के वार्ड गवाड़ में सड़क न होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर लोगों को रोजमर्रा की चीजों को मजबूरन चार किलोमीटर की सीधी चढ़ाई चढ़कर घर पहुंचाने पड़ रही है। वहीं स्कूली बच्चों को भी रोज मीलों का सफर करके स्कूल व घर पहुंचना पड़ रहा है। सड़क सुविधा ना होने के कारण यहां पर मरीजों को पालकी पर बिठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2013 में इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए बजट का प्रावधान करके काम शुरू किया गया था। लेकिन दस वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां पर मात्र एक किलोमीटर तक ही सड़क का निर्माण हुआ है। स्थानीय निवासी व वार्ड पंच सुरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा है कि यहां पर सरकारें आई और गई पर यहां की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है, जो बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने कहा है सीजर सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो वह आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 का समस्त ग्रामीणों के साथ बहिष्कार करेंगे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से भी सवाल किया है कि आज तक विभाग ने ना जाने कितनी सड़कों को नाबार्ड, पीएमजेएसवाई व दूसरी बड़ी परियोजना में शामिल करके उसकी मंजूरी को सरकार को भेजा है तो क्यों नहीं इस सड़क डीपीआर बनाकर बड़ी परियोजना की स्वीकृति के लिए भेजी है। वहीं, वार्ड मेंबर सुरेंद्र कुमार ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान किया जाए। (अनंत ज्ञान)

**सख्ती** | समस्या से निजात पाने को लेकर उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण

## गंदा पानी पीने को मजबूर जनसाली-हटनाला के लोग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

नगर परिषद चंबा अधीन वार्ड हटनाला व जनसाली के लोगों को दूषित पेयजल ग्रहण करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि इस दिशा वार्ड वासियों ने वार्ड पार्षदों सहित जल शक्ति विभाग चंबा को इस समस्या से अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन इसके बावजूद भी कोई समाधान न होता देख सोमवार को हटनाला व जनसाली वार्डों के प्रतिनिमंडल ने संयुक्त रूप से उपायुक्त चंबा मुकेश रेस्पपाल को ज्ञापन सौंप दूषित पेयजल समस्या से अवगत करवाया गया।

हटनाला व जनसाली वार्डों के प्रतिनिमंडल ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेस्पपाल को बताया कि दोनों वार्डों में डली पेयजल पाइप लाइनें बहुत पुरानी हो चुकी है। वहीं, पेयजल पाइप लाइनों के संग भूमिगत डली सीवरेज लाइनों में रिसाव होने से सीवरेज लाइनों का दूषित जल पेयजल पाइप लाइनों से होता हुआ लोगों के घरों में पहुंच रहा है। इसके चलते लोग दूषित पेयजल ग्रहण कर बीमार हो रहे हैं।

इस समस्या से स्थानीय लोग काफी परेशान है। इस समस्या से निजात पाने के लिए स्थानीय लोगों ने उपायुक्त चंबा से इस मसले में हस्तक्षेप कर जल शक्ति विभाग को उचित कदम तत्काल प्रभाव से उठाने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि वार्ड हटनाला व जनसाली में पेयजल व सीवरेज दोनों लाइनों का निरीक्षण करने सहित उन्हें जहां बदला जाएं वहीं अस्थाई तौर पर पेयजल आपूर्ति का इंतजाम किया जाएं। उधर, उपायुक्त चंबा मुकेश रेस्पपाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस दिशा में जल्द ही उचित कदम उठाने के लिए जल शक्ति विभाग चंबा को निर्देश जारी किए जाएंगे। बहरहाल, नगर परिषद चंबा अधीन वार्ड हटनाला व जनसाली के लोगों को दूषित पेयजल ग्रहण करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं, इस मांग को लेकर उपायुक्त चंबा मुकेश रेस्पपाल को ज्ञापन सौंप दूषित पेयजल समस्या से अवगत करवाया गया।



समस्या को लेकर हटनाला व जनसाली के लोग डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए।

### डीसी ने किए विभिन्न श्रेणियों के चार स्वीप आइकॉन नियुक्त

**चंबा।** लोकसभा चुनाव-2024 में मतदाता सहभागिता वृद्धि के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा द्वारा जिला में विभिन्न श्रेणियों के चार स्वीप आइकॉन नियुक्त किए गए हैं यह जानकारी उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि जिला में विभिन्न वर्गों के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक व आकर्षित करने के उद्देश्य से इन आइकान की नियुक्ति की गई है। सामान्य आइकान में पदम श्री श्रीमती ललिता वकील, कला और संस्कृति में पद्मश्री मुशाफिर राम और पद्मश्री डा विजय शर्मा को आइकॉन नियुक्त किया गया है जबकि एशियन शूंटिंग चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल विजेता श्री फरहान मिर्जा को यूथ आइकॉन नियुक्त किया गया है। उपायुक्त चंबा ने बताया कि सभी आइकॉन के द्वारा जिला में मतदाता जागरूकता अभियान और अधिक बल मिलेगा।

### सूडोकु 0020 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0019 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

2 अप्रैल, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** अष्मी (08:11) : **नक्षत्र :** पूर्वाषाढ़ा (10:49), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** परिघ (06:34) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:59-12:49), राहुकाल (03:32 -05: 06)।

### विशेष दिन

- 2 अप्रैल 2024 को शीतला सप्तमी।
- 2 अप्रैल 2024 विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस।

**मेष :** आज आपके अच्छे कार्यों से आपका व आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा।

**वृषभ:** आज आपको संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण का और उनकी सफलता का यश और हर्ष होगा। आमदनी के नए मार्ग बनेंगे।

**मिथुन:** यदि कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है।

**कर्क :** यदि आपकी उन्नति रुकी हुई है तो आज अवश्य हो जाएगी। इसके अतिरिक्त आज आप किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे।

**सिंह:** यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरी पेशा है तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ व सम्मान मिलेगा।

**कन्या :** आज आपके अधिकारों में वृद्धि के साथ साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शान-शौकत के लिए आप धन का अपव्यय कर सकते हैं।

**तुला :** आज काफी सोच विचार कर काम करने के उपरांत भी नुकसान होने की संभावना रहेगी। अकस्मात कोई राजकीय दंड भी प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज किसी बहुमूल्य वस्तु से लाभ होने की संभावना रहेगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद एवं अधिकारों में वृद्धि होगी।

**धनु :** आज का दिन गुरु के प्रति निष्ठा एवं भक्तिभाव पूर्ण रहेगा। इस समय में आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**मकर:** आज आपमें शारीरिक शक्ति एवं उत्साह अधिक रहेगा किंतु ऐसे अनावश्यक खर्च सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

**कुंभ :** आज आप विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किये गये कार्य से हानि होने की संभावना रहेगी।

**मीन :** यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से आर्थिक सहायता लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा।

# अनूठी संस्कृति अपने आप में अलग पहचान

## लाहौल घाटी के उदयपुर में धूमधाम से मनाया शरद उत्सव, डीसी लाहौल-स्पीति ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

**कमलेश वर्मा, उदयपुर**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर में सोमवार को शरद उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

एसडीएम (नागरिक) केशव राम ने मुख्यातिथि को टोपी एवं खतग पहनाकर स्वागत किया। डीसी ने एकदिवसीय इस शरद उत्सव के आयोजन को लेकर उपमंडलीय प्रशासन व स्थानीय लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र की अनूठी संस्कृति अपने आप में एक अलग पहचान लिए हुए हैं इसके संरक्षण व संवर्धन को लेकर प्रशासन भी प्रयासरत है और विश्व के पर्यटन मानचित्र पर एक अलग मुकाम हासिल करने के लिए लाहौल-स्पीति में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में यहां पर शरद उत्सव का भी आयोजन किया गया है। जिले में धार्मिक पर्यटन एवं स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से स्नो फेस्टिवल लाहौल शरद उत्सव के प्रथम चरण का केलांग में सफल आयोजन किया गया था। तृतीय व चतुर्थ चरण के शरद उत्सव की तिथियां भी जल्द निर्धारित की जाएंगी। यहां के परंपरागत लोकनृत्य एवं मधुर स्वर लहरियां, वेशभूषा एवं परिधान पर्यटकों को सहज ही आकर्षित करती हैं और लोगों की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित बनाई जा रही है। लाहौल-स्पीति में पर्यटन की अपार संभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए तथा इस क्षेत्र के अनछुए पर्यटन स्थलों को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उजागर करने की दृष्टिगत प्रशासन की ओर से कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वर्षभर में यहां कई मेले व त्योहार तथा उत्सव मनाए जाते हैं।


लाहौल घाटी के उदयपुर में आयोजित शरद उत्सव का शुभारंभ करते डीसी।

### पर्यटकों की आमद बढ़ने के लिए प्रयासरत

शरद ऋतु में प्राचीनकाल से इस देवधरा में धार्मिक रीति-रिवाजों का निर्वहन व अपनी अनूठी संस्कृति को लेकर हर एक जनपद में धूमधाम से तीज, त्योहार व मेले आयोजित किए जाते हैं। धार्मिक पर्यटन व शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा शरद ऋतु में मनाए जाने वाले इन त्योहारों के संग पर्यटकों की आमद बढ़ने के लिए प्रयासरत है, ताकि इस क्षेत्र में रोजगार को और बढ़ावा मिल सके और लोग यहां की वैभवशाली संस्कृति को जान सके। इसी कड़ी में प्रशासन की ओर से उदयपुर उपमंडल में द्वितीय चरण में शरद उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम केलांग, परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास विभाग मनोज वन मंडल अधिकारी अनिकेत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रदर्शनियां व अन्य स्टॉल रहे आकर्षण का केंद्र

शरद उत्सव केलांग व अब उदयपुर में विभागीय प्रदर्शनियां, पारंपरिक कलाकृतियां हस्तशिल्प और हथकरधा, स्थानीय पारंपरिक लजीज व्यंजन के स्टॉल, हिमशिल्प, तीरअंदाजी, महिला मंडल व युवक मंडलों के रंगारंग स्थानीय लोक नृत्य मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे।



### मृकुला माता मंदिर में नवाया शीश

शरद उत्सव के शुभारंभ से पूर्व उदयपुर में स्थित मृकुला माता मंदिर में डीसी ने शीश नवाया और शोभायात्रा की भी अगुआई की और सैकड़ों ग्रामीणों ने विशेष कर स्थानीय महिलाओं की ओर से स्थानीय परिधानों में सज धज कर हर्षोल्लास के साथ भाग लिया तथा खेल मैदान में लगी विभिन्न विभागों तथा स्वयं सहायता समूह व महिला मंडलों की प्रदर्शनियों का भी उन्होंने अवलोकन किया।

# विद्यालय में शैक्षिक वातावरण को गुणवत्ता प्रदान करना प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, आनी**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी का शिक्षा सत्र 2023-24 का शिक्षा संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चमन शर्मा ने की। विद्यालय प्रधानाचार्य जवाहर ठाकुर ने कहा कि विद्यालय को अच्छा शैक्षिक वातावरण प्रदान करने एवं ढांचागत सुविधाएं, जिसमें विशेषकर विद्यालय भवन, जिसके लिए सात करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। उसे शीघ्र संबंधित विभाग को स्थानांतरित करने तथा भवन निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू करने के लिए अपना संकल्प दोहराया। इसी शिक्षा संवाद कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जवाहर ठाकुर ने नवीं और ग्यारहवीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए तथा नए शैक्षिक सत्र में अनुशासन तथा उत्साह के साथ और अधिक मेहनत करने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया, जिससे



उनका स्वर्णिम भविष्य सुनिश्चित हो सके। वर्तमान में विद्यालय में विज्ञान अध्यापक मेडिकल का जो पद रिक्त चल रहा था वह भर गया है तथा पीईटी और ड्राइंगमास्टर के पद भी पिछले वर्ष भर गए थे। विद्यालय में शिक्षक भले अवकाश पर रहे हो या किसी अन्य गतिविधि में व्यस्त रहे हो।

इसी वर्ष विद्यालय में डीपीई और म्यूजिक टीचर का पद भी सृजित हो तथा सीनियर असिस्टेंट का पद जो खाली चल रहा है। उसको भरने के लिए संबंधित प्राधिकरण से नियम अनुसार पत्राचार किया जाएगा। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों का हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना हमारा ध्येय है।

## न्यूज ब्रीफ

### योग-ध्यान के महत्व पर भी प्रकाश डाला

**कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन कुल्लू चैप्टर का प्रतिनिधमंडल डीसी कुल्लू से मिला और इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों पर डीसी से चर्चा की। इस चर्चा के दौरान वर्तमान में जिले में तेजी से फैलते हुए नशे के प्रकोप के संदर्भ में विस्तार से चर्चा हुई। इस बारे में नशा मुक्त भारत के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के सक्रिय रूप से जुड़ाव के बारे भी चर्चा हुई। इस बाबत डीसी को सभी संस्थानों और विशेषकर शिक्षा संस्थानों को आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर की ओर से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के आयोजन के लिए हर संभव सहायता करने के लिए उचित निर्देश जारी करने के लिए प्रार्थना पत्र दी गई। तकरीबन दो वर्षों से सरकारी नशा मुक्ति सेंटर भुंतर में लगातार चलाए जा रहे योग उपचार सत्र के बारे में भी डीसी को अवगत करवाया गया। इसके अतिरिक्त भुंतर तथा शमशी में फुटपाथ निर्माण के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए भी प्रार्थना पत्र दी गई। चर्चा के दोहरान वर्तमान में तेजी से बढ़ रहे मानसिक समस्या के बारे में तथा योग-ध्यान के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया तथा डीसी को वर्तमान में चलाए जा रहे हर घर ध्यान नामक ध्यान सत्र के महत्व के बारे में तथा पूर्व में डीसी कुल्लू द्वारा जारी निर्देश के बारे में भी अवगत करवाया गया।

### लक्ष्मी नारायण की निकाली शोभायात्रा



**सैंज।** कुल्लू की सैंज घाटी के रैला में सोमवार को भगवान लक्ष्मी नारायण के जन्मदिवस के रूप के मनाए जाने वाले मूल उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर घाटी के हजारों श्रद्धालुओं ने देव दर्शन के लिए भाग लिया। ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान लक्ष्मी नारायण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने निराहार व्रत रखकर भगवान लक्ष्मी नारायण के दर्शन किए। भगवान लक्ष्मी नारायण के कारदार जगरनाथ ने बताया कि चैत्र मास के मूल नक्षत्र को हर वर्ष भगवान लक्ष्मी नारायण के जन्मतिथि मूल पर्व का आयोजन किया जाता है, जिसमें सर्वप्रथम नारायण के मधेउल सर्चणिग्रा से बागी नामक स्थान तक देवधूनों के साथ भव्य शोभायात्रा ले जाई गई। ब्राह्मण पुजारियों ने देवगीतों से देव परंपरा का निर्वहन किया। लक्ष्मी नारायण के पालसरा यान सिंह, गुर तमेश्वर शर्मा, धामी जुगत राम, गंगा राम नेगी, किशन सिंह, पुजारी लीलाधर शर्मा, बाजा नबाज प्रमुख शिव राम ने कहा कि इस दिन सभी कारकुन व श्रद्धालु निराहार व्रत रखकर नारायण के पास आते हैं।

### संतोष तोशी के गानों पर थिरके स्टूडेंट्स

**कुल्लू।** कुल्लू के ढालपुर में स्थित लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में पार्वती वैली छात्र संगठन ने धूमधाम के साथ वार्षिक समारोह 2023-24 मनाया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि गिरीश ठाकुर अध्यक्ष युवा कांग्रेस, गेस्ट ऑफ ऑनर राजू राम और मुख्यातिथि सुशील कुमार एमडी सरस्वती पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना ओर दीप प्रज्वलित कर हुई। इसके बाद कार्यक्रम के सभी अतिथियों को कुल्लवी परंपरा के अनुसार सम्मानित किया। इस अवसर पर लोक गायक संतोष तोशी मुख्य आकर्षण रहे तथा उन्होंने एक से बढ़कर एक गाने सुनाकर कला केंद्र में उपस्थित सभी स्टूडेंट्स को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

# शिमला बिजली बोर्ड टीम ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता


जगतसुख के चचौली मेले में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता को सम्मानित करते।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मेले हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। मेले के आयोजनों से आपसी मेलजोल और भाईचारा बढ़ता है, जो कि हमारी संस्कृति के लिए आवश्यक है। यह बात एडी परियोजना के डिप्टी जनरल मैनेजर अरविंद शर्मा ने कही।

अरविंद शर्मा मेले के पहले दिन बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए और विजेताओं को सम्मानित किया। मेले जीवन में हर्ष, उल्लास, प्रेमभाव तथा खुशियों का संचार करते हैं। कुल्लू रियासत की पहली राजधानी जगतसुख का ऐतिहासिक चचौली मेला धूमधाम से संपन्न हो गया। मेले के समापन में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष हरी चंद शर्मा मुख्यातिथि पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को मेले की बधाई दी और मेले में आयोजित खेलों में भाग लेने वाले विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। वॉलीबाल के रौचक मुकाबले में शिमला से बिजली बोर्ड की टीम ने ट्राफी पर कब्जा किया। लाहौल की टीम दूसरे स्थान पर रही।

# सिस्सू सेल्फी प्वाइंट के पास धंसने लगी सड़क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के सिस्सू में सेल्फी प्वाइंट के पास करीब 60-70 मीटर क्षेत्र में सड़क धंस रही है। सड़क सकी दरारें लगातार बढ़ रही हैं।

जानकारी के अनुसार अगर सड़क पूरी तरह से धंस जाती है तो यहां से वाहनों की आवाजाही बंद हो जाएगी, जबकि अभी भी यहां से वाहनों की आवाजाही किसी खतरे से कम नहीं है। स्थानीय लोगों की माने तो जिस तरह से दरार बढ़ रही है , ससे सड़क का काफी बड़ा हिस्सा कभी भी चंद्रा नदी में समा सकता है और मनाली-केलांग मार्ग यातायात के लिए बंद हो जाएगा। उधर, एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि सिस्सू सेल्फी प्वाइंट में सड़क में दरार आ गई है जहां से आवाजाही खतरे से भरी हुई बनी हुई है। उन्होंने यहां से आने-जाने वालों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उधर, चंडीगढ़-मनाली फोरलेन में लेफ्ट बैंक कुल्लू के रामशिला के पास भूस्खलन हो गया है। इस कारण यह मार्ग एकतरफा बंद हो गया है, ऐसे में दूसरी लेन से वाहनों की आवाजाही हो रही है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय कुल्लू के रामशिला के पास फोरलेन पर स्लाइडिंग हो गई है, जिससे फोरलेन में से टू लेन बंद हो गया है और अब वाहनों की आवाजाही टू लेन से हो रही है। हालांकि मार्ग को बहाल करने का कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन ऊपर से लगातार भूस्खलन हो रहा है। वहीं, हिमपात के चलते बंद हुई अटल टनल रोहतांग पर्यटकों के लिए बहाल हो गई है। हालांकि, आज अभी फोर बाय फोर वाहनों में ही पर्यटकों को अटल टनल की ओर भेजा, लेकिन हालात सामान्य होते ही बुधवार को सभी पर्यटक वाहनों को अटल टनल सहित लाहौल घाटी के पर्यटन स्थलों में जाने की अनुमति दे दी जाएगी। आज हालांकि कुछ एक फोर बाय फोर पर्यटक वाहन ही सोलंगनाला से आगे भेजे, जिस कारण सोलंगनाला में पर्यटकों की आमद अधिक होने से ट्रैफिक जाम की समस्या भी गहराई। मनाली से बाहंग के बीच मे बीआरओ का सड़क मरम्मत कार्य चल रहा है। इस कारण सुबह व शाम को भारी ट्रैफिक जाम लगा।


लाहौल-स्पीति के सिस्सू स्थित सेल्फी प्वाइंट के पास सड़क में आई दरारें।

### हालात का लिया जायजा

मनाली पुलिस की माने तो सड़क की हालत सुधरते ही बुधवार को सभी वाहन टनल की ओर जा सकेंगे। सोमवार को अधिकतर पर्यटकों ने सोलंगनाला व अंजनी महादेव में ही बर्फ के दीदार किए। ताजा हिमपात के बाद लाहौल सहित मनाली की वादियां बर्फ से निखर उठी हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि फोर बाय फोर वाहनों के लिए अटल टनल बहाल हो गई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को टनल का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया जाएगा। हालात सामान्य हुए तो बुधवार को सभी पर्यटक वाहनों को टनल की ओर भेजा जाएगा।

# मार्कंडेय की पार्टी में एंट्री हुई, तो लाहौल स्पीति कांग्रेस कमेटी देगी इस्तीफा : कारदो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति कांग्रेस के महासचिव सुरेश कारदो ने कहा कि पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय की यदि कांग्रेस में एंट्री होती है और उन्हें टिकट मिलता है, तो ऐसी स्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी सामूहिक इस्तीफा देंगे।

सोमवार को कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रेस क्लब भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने हाईकमान से आग्रह किया कि किसी भी सूरत से मार्कंडेय को कांग्रेस में शामिल न किया जाए। इस तरह से नेताओं का एक पार्टी से दूसरी पार्टी में आने-जाने का खेल बिलकुल सही नहीं है, इससे नेताओं को तो कोई परेशानी नहीं है, लेकिन जनता बिना मतलब के पिस रही है। वहीं, उन्होंने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए और अब भाजपा के टिकट से लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक रवि ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि रवि ठाकुर को पूर्ण बहुमत के साथ जीता कर विधायक बनाकर विधानसभा भेजा था, लेकिन उन्होंने पार्टी के साथ गद्दारी कर समस्त लाहौल-स्पीति की जनता को शर्मसार किया है। रवि के इस कदम से आज लाहौल-स्पीति की जनता को हर जगह तरह-तरह की नकारात्मक बातें सुननी पड़ रही हैं, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। आज यदि लाहौल-स्पीति में उपचुनाव हो रहे हैं, जिससे सरकार पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है, तो उसका कारण रवि ठाकुर हैं। उन्होंने हाईकमान से आग्रह करते हुए कहा कि लाहौल स्पीति कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं में से ही किसी योग्य उम्मीदवार को उपचुनाव के लिए टिकट दिया जाना चाहिए, ताकि पार्टी से जुड़े समर्पित कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ सके।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए लाहौल-स्पीति कांग्रेस महासचिव सुरेश कारदो।

### सात को लाहौल स्पीति में पल्स पोलियो अभियान

**कुल्लू।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी लाहौल-स्पीति डॉ. रोशन लाल ने कहा कि जिले में सात अप्रैल से पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान तीन मार्च को होना था, जोकि बर्फबारी से स्थगित करना पड़ा था। अब यह अभियान सात अप्रैल जिला लाहौल एवं स्पीति में होना निश्चित हुआ है।

इस अभियान में जिले के 50 बूथों में 1270 बच्चों (लाहौल-641, स्पीति-629) को सात को सभी बूथ में तथा आठ और नौ अप्रैल को घर-घर पर जाकर पोलियो की दो बूंद पिलाई जाएंगी। सभी तरह के लाजिस्टिकस तथा पोलियो वैक्सीन को सात अप्रैल से पहले हर पोलियो बूथ तक पहुंचा दिया जाएगा।

# 3, 228 अफीम के पौधे किए नष्ट, तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बंजार**

कुल्लू की सैंज घाटी की तलाड़ा पंचायत में अवैध अफीम की खेती के तीन मामले सामने आए हैं। पुलिस ने पंचायत में तीन लोगों पर अवैध अफीम की खेती करने पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार जब सैंज पुलिस का दल तलाड़ा पंचायत के पनवी क्षेत्र में गश्त पर था, तो इस दौरान पुलिस ने खेतों में अफीम की खेती लहलाती हुई देखी। पुलिस ने खेतों में जाकर तीन मामलों में अफीम के 3228 पौधे नष्ट किए और सेंपल भी लिए। यह तीनों मामले पनवी के हैं, जिसमें पहले मामले में आधा बीघा भूमि से 1535 पौधे नष्ट कर खेत मालिक खेम राज

**सैंज घाटी की तलाड़ा पंचायत के तीनों मामले**

पुत्र बालू राम के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जबकि दूसरे मामले में पनवी में ही आधा बीघा भूमि से 1200 पौधे नष्ट किए, जिसके चलते खेत मालिक लाल चंद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, तीसरे मामले में भी इसी गांव में तीन विस्बा भूमि पर 493 पौधे बरामद किए, जिसके चलते भूमि मालिक रामदास पुत्र स्व. परस राम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि अफीम की खेती को लेकर पुलिस ने तीनों मामले दर्ज किए हैं।

# विशेष हस्ताक्षर अभियान का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष हस्ताक्षर अभियान का आगाज हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार ने लोकसभा एवं विधानसभा उपचुनाव को लेकर मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत आज विशेष हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। डीसी ने शरद उत्सव के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लाहौल स्पीति में 41 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहां पर गत निर्वाचन के दौरान 62 प्रतिशत ही मतदान हुआ, लेकिन इस मर्तबा जिले में सभी मतदान केंद्र पर 75 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज उदयपुर उपमंडल के खेल मैदान में शरद उत्सव के दौरान विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जिले के समस्त मतदाताओं से आग्रह किया कि मत प्रतिशतता बढ़ाने में आगे आएं और मतदान के महत्व को भी समझे।

लोकसभा व विधानसभा के उपचुनावों के लिए पूर्ण रूप से तैयारी कर ली गई है। इस मौके पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी रजनीश शर्मा, एसडीम उदयपुर केशव राम परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजातीय विकास विभाग मनोज कुमार, वन मंडल अधिकारी अनिकेत वानवे, स्वीप कार्यक्रम नोडल अधिकारी खुशविंदर सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी व सैकड़ों की तादात में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।




### छह अप्रैल को दिव्यांगता शिविर का आयोजन

**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल में दिव्यांगता शिविर का आयोजन होने जा रहा है। सोमवार को चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू डॉ. नरेश चंद ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में 6 अप्रैल को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. कल्याण सिंह ठाकुर, डॉ. नीतीश कुमार व डॉ. नेहा वर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतुष्ट शर्मा व डॉ. अशोक कुमार, आंख नाक गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुमित वालिया, डॉ. दीप आदि अपनी सेवाएं देंगे।

**कार्यक्रम** सांफिया फाउंडेशन ने धूमधाम से मनाया अपना पांचवां स्थापना दिवस

# दिव्यांग बच्चों को फिजियोथैरेपी की सुविधा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के बचत भवन में सांफिया फाउंडेशन की ओर से अपना पांचवां स्थापना दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की भी जानकारी ली। सांफिया फाउंडेशन की निदेशक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि आश बाल विकास केंद्र के माध्यम से कुल्लू में दिव्यांग बच्चों के मानसिक विकास व शारीरिक विकास के लिए यह फाउंडेशन काम कर रहा है। यह केंद्र वर्ष 2019 से लेकर दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रहा है, जिसमें मूलतः दिव्यांग बच्चों को फिजियोथैरेपी ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थेरेपी एवं काउंसिलिंग जैसी सुविधाएं दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त आमजनों में भी दिव्यांगता के प्रति जागरूकता के क्षेत्र में समावेशी कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिस पर अलग-अलग स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाता है। साथ ही देश की पहली थेरेपी बस का भी संचालन आश विकास केंद्र द्वारा कुल्लू में किया जा रहा है, ताकि घर द्वारा पर ऐसे बच्चों को थेरेपी का लाभ मिल सके। (अनंत ज्ञान)



सांफिया फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर मुख्यातिथि महिलाओं को सम्मानित करते हुए।

### बच्चे देश का भविष्य

वहीं, मुख्यातिथि पहुंचे सहायक आयुक्त कुल्लू शशि पाल नेगी ने कुल्लू में संस्था के पदाधिकारियों को भी उनके द्वारा दी जा रही सेवाओं के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। दिव्यांग बच्चों के अधिकार, देखभाल और शिक्षा के बारे में प्रशासन की ओर से भी जनता को जागरूक किया जाता है। यह सभी बच्चे देश का भविष्य हैं। इसलिए यह जरूरी है कि उन्हें प्यार दिया जाए और उनकी देखभाल की जाए, जिससे वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें। अगर विशेष बच्चों की पहचान समय पर हो जाए, तो विभिन्न प्रकार की थेरेपी के माध्यम से उस परेशानी को दूर किया जा सकता है।




न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्। कार्यते ह्यवश: कर्म सर्व प्रकृतिजैर्गुणै:।।

भावार्थ : कोई भी मनुष्य क्षण भर भी कर्म किए बिना नहीं रह सकता। सभी प्राणी प्रकृति के अधीन हैं और प्रकृति अपने अनुसार हर प्राणी से कर्म करवाती है और उसके परिणाम भी देती है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 2 अप्रैल 2024


# शीतला अष्टमी व्रत करने से दूर होते हैं समस्त शीतला जनित दोष

**शीतला** अष्टमी पर्व 2 अप्रैल को मनाया जाएगा। शीतला अष्टमी पर्व के दिन शीतला माता का व्रत एवं पूजन किया जाता है। इस दिन माता को बासी ठंडा खाना ही भोग लगाया जाता है, जिसे बसौड़ा कहा जाता है और यही बसौड़ा प्रसाद रूप में वितरित किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार इनकी अर्चना लोक कल्याण के लिए भगवान शिव द्वारा रचित शीतलाष्टक स्तोत्र से की जाती है।

शीतला देवी ने हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाड़ू) तथा नीम के पत्ते धारण किए होती हैं तथा गर्दभ की सवारी किए यह अभय मुद्रा में विराजमान हैं। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व देवी को भोग लगाने के लिए बासी खाने का भोग 'बसौड़ा' उपयोग में लाया जाता है। अष्टमी के दिन बासी वस्तुओं का नैवेद्य शीतला माता को अर्पित किया जाता है। इस दिन व्रत उपवास किया जाता है तथा माता की कथा का श्रवण होता है। कथा समाप्त होने पर मां की पूजा अर्चना होती है तथा शीतलाष्टक को पढ़ा जाता है। पूजा को विधि विधान के साथ पूर्ण करने पर सभी भक्तों के बीच मां के प्रसाद बसौड़ा को बांटा जाता है। इस व्रत को करने से देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में समस्त शीतला जनित दोष दूर हो जाते हैं, ज्वर, चेचक, नेत्र विकार आदी रोग दूर होते हैं। शीतला माता की पूजा के दिन घर में चूल्हा नहीं जलाया जाता। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ के कृष्ण पक्ष की अष्टमी शीतला देवी की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित होती है, इसलिए यह दिन शीतलाष्टमी के नाम से विख्यात है।

## शीतला अष्टमी को बसौड़ा भी कहा जाता

**मां** दुर्गा के अनेक रूपों में से एक है शीतला माता। उनकी आराधना के दिन शीतला अष्टमी को बसौड़ा भी कहा जाता है। माता शीतला को आरोग्य और शीतलता की प्रदाता माना जाता है। माता शीतला की पूजा करने से सुख-समृद्धि का वरदान प्राप्त होता है। माता शीतला अपने अंदर छिपे रोग रूपी असुर का नाश करती है। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त माता शीतला की सच्चे मन से और पूरे विधि-विधान से उपासना करता है, उसके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं और सारे रोगों का निवारण मिल जाता है।



### समस्त पापों को जला कर भस्म करता

# पापमोचनी एकादशी व्रत

**पापमोचनी** एकादशी व्रत चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को किया जाता है। स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने इसके फल एवं प्रभाव को अर्जुन के समक्ष प्रस्तुत किया था। पापमोचनी एकादशी व्रत साधक को उसके सभी पापों से मुक्त कर उसके लिए मोक्ष के मार्ग खोलती है।



इस एकादशी के दिन भगवान विष्णु जी का पूजन करना चाहिए। कथा के अनुसार भगवान अर्जुन से कहते हैं, राजा मान्धाता ने एक समय में लोमश ऋषि से जब पूछा कि प्रभु यह बताएं कि मनुष्य जो जाने अनजाने पाप कर्म करता है उससे कैसे मुक्त हो सकता है।

राजा मान्धाता के इस प्रश्न के जवाब में लोमश ऋषि ने राजा को एक कहानी सुनाई कि चैत्ररथ नामक सुंदर वन में च्यवन ऋषि के पुत्र मेधावी ऋषि तपस्या में लीन थे। इस वन में एक दिन मंजुघोषा नामक अप्सरा की नजर ऋषि पर पड़ी तो वह उन पर मोहित हो गई और उन्हें अपनी ओर आकर्षित करने के लिए यत्न करने लगी। कामदेव भी उस समय उधर से गुजर रहे थे कि उनकी नजर अप्सरा पर गई और वह उसकी मनोभावना को समझते हुए उसकी सहायता करने लगे।

अप्सरा अपने यत्न में सफल हुई और ऋषि कामपीड़ित हो गए। काम के वश में होकर ऋषि शिव की तपस्या का व्रत भूल गए और अप्सरा के साथ रमण करने लगे। कई वर्षों के बाद जब उनकी चेतना जगी तो उन्हें अहसास हुआ कि वह शिव की तपस्या से विरत हो चुके हैं। उन्हें तब उस अप्सरा पर बहुत क्रोध हुआ और तपस्या भंग करने का दोषी जानकर ऋषि ने अप्सरा को पिशाचिनी होने का श्राप दे दिया। श्राप से दुखी होकर वह ऋषि के पैरों पर गिर पड़ी और श्राप से मुक्ति के लिए अनुनय करने लगी।

अप्सरा की याचना से द्रवित हो मेधावी ऋषि ने उसे विधि सहित चैत्र कृष्ण एकादशी का व्रत करने के लिए कहा। भोग में निमग्न रहने के कारण ऋषि का तेज भी लोप हो गया था अत: ऋषि ने भी इस एकादशी का व्रत किया, जिससे उनका पाप नष्ट हो गया।

उधर, अप्सरा भी इस व्रत के प्रभाव से पिशाच योनि से मुक्त हो गई और उसे सुंदर रूप प्राप्त हुआ व स्वर्ग के लिए प्रस्थान कर गई।

# मृगशिरा नक्षत्र में जन्मा जातक बनता है सफल राजनीतिज्ञ




**मृगशिरा** नक्षत्र का स्वामी मंगल है वहीं राशि स्वामी शुक्र इन दोनों ग्रहों के साथ यदि जन्म लग्न का स्वामी भू अनुकूल हो तो ऐसा जातक सफल, राजनीतिज्ञ माना जाता है। नक्षत्र स्वामी मंगल की दशा इस नक्षत्र पर 3 वर्ष 6 माह स्थितिनुसार जन्म के समय भोगना पड़ती है। मंगल यदि अनुकूल स्थिति में हो तो कष्ट नहीं होता। यदि मंगल नीच राशि में होकर द्वितीय या सप्तम या अष्टम भाव में हो तो जन्म के समय मृत्युतुल्य कष्ट भोगना पड़ता है।

मंगल के बाद राहू, फिर गुरु की महादशा चलती है। यदि राहू की स्थिति उत्तम हुई तो ऐसा बालक चतुर, ज्ञानी समझदार भी होगा। मंगल जन्म लग्न में मकर, धनु, मीन, सिंह, मेष, वृश्चिक का होकर नवम पंचम, लग्न दशम भाव में उत्तम फलदाता होगा। चतुर्थ भाव में भी उच्च का छोड़कर शुभ परिणाम देगा। नीच का मंगल तृतीय भाव में हो तो भाइयों का सुख नहीं देगा, लेकिन भाग्यशाली बनाएगा। शुक्र जो राशि स्वामी है वो वृषभ, तुला, मीन, मकर, कुंभ राशि का होकर शुभ स्थान में पड़ा हो तो शुभ परिणामों को बढ़ाने वाला होगा। मृगशिरा नक्षत्र के प्रथम 2 चरण वृषभ राशि में आते हैं। मेष लग्न में मंगल लग्न, दशम, नवम, पंचम, तृतीय भाव में शुभ परिणाम देगा।

वृषभ में तृतीय भाव में सुख, चतुर्थ और नवम भाव में शुभ परिणाम देगा, मिथुन लग्न में एकादश, दशम, पंचम, षष्ट भाव में अनुकूल परिणाम मिलेंगे। कर्क लग्न में पंचम, नवम, सप्तम तृतीय भाव में शुभ परिणाम देगा। सिंह लग्न में नवम पंचम, लग्न चतुर्थ, तृतीय भाव में शुभ परिणाम देगा। कन्या लग्न में चतुर्थ भाव में कुछ शुभ परिणाम देगा। तुला लग्न में अकाकर होगा, वृश्चिक लग्न में पंचम लग्न में हो तो शुभ परिणाम देगा। धनु लग्न में, पंचम भाव में नवम भाव में, चतुर्थ भाव में, तृतीय भाव में शुभ परिणाम देगा। मकर लग्न में स्थिति अनुसार स्वयं को परिणाम मिलेंगे। कुंभ लग्न में सप्तम, चतुर्थ दशम पंचम भाव में द्वादश भाव में परिणाम शुभ रहेंगे। मीन लग्न में लग्न नवम, दशम, तृतीय भाव में शुभ परिणाम देगा। भारत के राष्ट्रपति रहे स्व. डॉ. राजेंद्र प्रसाद भी मृगशिरा नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्मे थे।

# सिद्धचानो मंदिर में होता है 'हर बाधा' का निवारण

**जाहू**-भोटा रोड पर अग्हार में स्थित बाबा सिद्धचानो के मंदिर में लोगों के कष्टों का निवारण तांत्रिक और वैदिक दोनों पद्धतियों से किया जाता है। जिन लोगों के रोग दवाई खाने पर भी ठीक नहीं हो रहे या पितृ दोष, ग्रह दोष आदि का गारंटी शुद्धा निवारण किया जाता है। इसके साथ ही डाकिनी-शाकिनी, भूत-प्रेत, पिशाच, ब्रह्म राक्षस, बेताल व योगियों की बाधा का भी विधिपूर्वक निवारण करवाया जाता है। मंदिर के पुजारी अजय कुमार व सह पुजारी सन्नी पटियाल ने बताया कि दरबार में जो भी दुखिया आता है खाली हाथ नहीं जाता। मंदिर में मिट्टी के घड़े में हवन करवाया जाता है। यहीं पितृ दोष, ग्रह दोष आदि का निवारण भी करवाया जाता है।

हैरान करने वाली बात यह है कि मंदिर के साथ चकोर, मुर्गे, कुत्ते, बंदर रहते हैं, इसके साथ ही गौरी और नंदा गाय भी पाली है। मंदिर की आय का कुछ भाग गरीब कन्याओं की शादी में भी खर्च किया जाता है।

## सिद्धचानो बाबा की कथा

**द्वापर** युग में कैलाश नाम का एक राजा मक्का-मदीना में राज करता था। राजा कैलाश ने भगवान शिवजी की तपस्या कर 4 पुत्रों की प्राप्ति का वरदान पाया। उसके बाद राजा कैलाश की पत्नी ने चार पुत्रों कानो, वानो, सदुर और छोटे पुत्र चाणुर को जन्म दिया। राजा के दरबार में रूक्को नाम की दाई थी, जिसने इन बालकों का पालन पोषण किया। समय के साथ चारों बालक जवान हुए। चाणुर इन सब में बड़ा तेजस्वी और बलवान था। चाणुर की शक्ति से तीनों भाई ईर्ष्या करते थे।

एक बार माता अंबरी ने चाणुर को बगीचे से फल लाने के लिए भेजा, लेकिन फल पेड़ पर बहुत ऊंचे लगे थे। बालक चाणुर के फल तक नहीं पहुंच पाने के कारण वह पेड़ को जड़ से उखाड़ कर माता के पास ले आए यह देखकर माता हैरान रह गई। भाइयों को यह डर सताने लगा कि अगर चाणुर की ताकत ऐसे ही बढ़ती गई तो एक दिन वह उनका राजपाठ छीन लेगा और उनको राज्य से बाहर निकाल देगा। इस पर बड़े भाइयों ने चाणुर को अपने से अलग रखने की रणनीति बनाई। एक दिन चारों भाई शिकार खेलने के लिए निकले। रास्ते में मरी हुई हथिनी पड़ी मिली जिसके कारण रास्ता बंद था।

बड़े भाई ने कहा कि हम सबमें सबसे शक्तिशाली कौन है जो हथिनी को रास्ते से हटा दे। तभी बड़े भाईयों की साजिश से अंजान चाणुर ने हथिनी को उठाया और आसमान की ओर फेंक दिया। तभी बड़े भाइयों ने कहा कि तूने यह क्या कर दिया, मरे हुए जानवर को उठाना क्षत्रियों का कार्य नहीं है। आज से तुम अछूत हुए, हमारे साथ उठने बैठने और खाने-पीने का अधिकार तुम खो चुके हो। उसी समय बड़े भाइयों ने चाणुर को अपने से अलग कर दिया। जब यह बात राजमहल पहुंची तो राजा ने तीनों भाइयों को समझाने का बहुत प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद यह फैसला किया गया कि चाणुर को चौथे पहर अपने साथ मिलने का अधिकार दिया जाए, लेकिन जब चौथा पहर आया तो बड़े भाइयों ने चालाकी से यह कह दिया कि चौथे पहर नहीं बल्कि चौथे युग में मिलने की बात कही गई थी। इस व्यवहार से दुखी होकर चाणुर ने संन्यास ले लिया और जंगलों की ओर चल पड़े। जंगलों में बाबा चाणुर ने भगवान शिव जी की घोर तपस्या की और शिवजी से अनेक शक्तियां हासिल कीं। इसके बाद बाबा सूर्य देश के राज्य में पहुंचे। वहां बाबाजी की भेंट सूर्य देश के राजा की कन्या लूणा से हुई।

राजकुमारी लूणा ने बाबा चाणुर की सुंदर और सुडौल कद काठी देखकर उनसे विवाह करने का प्रस्ताव रखा, लेकिन बाबा ने यह कहकर मना कर दिया कि मेरा रास्ता भक्ति का है। तब राजकुमारी लूणा ने यह आश्वासन दिया कि मैं आपके रास्ते में नहीं आऊंगी तो बाबा जी शादी के लिए तैयार हो गए। **( अनिल शर्मा, मंडी )**


## भगवान श्रीकृष्ण से 22 दिन तक किया था मलयुद्ध



**एक** बार राजा कंस ने तपस्या में बैठे बाबा चाणूर पर कई शक्तियां फेंकी लेकिन सब विफल रही तो कंस ने उन्हें अपना दोस्त बना लिया। राजा कंस ने बाबा को अपने दरबार चलने के लिए कहा। जब चलने के लिए उठे तो उनका शरीर इतना बड़ा हो गया कि बाबाजी का लंगोट फट गया तो बाबा जी ने राजा के सामने अपना तन ढकने का प्रस्ताव रखा। तब राजा ने 72 गज की पगड़ी दी लेकिन यह बाबाजी के शरीर को नही ढक पाई। तब बाबा ने यह भविष्यवाणी की कि आज से मैं शुद्र कहलाऊंगा। दरबार पहुंचने पर कंस ने बाबा जी को अपनी सेना का सेनापति बना दिया। कंस ने देवकी के पुत्र भगवान श्रीकृष्ण को मारने के लिए छिंज्जों का आयोजन करवाया।

बाबा चाणुर श्रीकृष्ण से मलयुद्ध करने अखाड़े में आए। 22 दिन तक युद्ध चलता रहा लेकिन चाणुर ने हार नहीं मानी। तभी श्रीकृष्ण ने भगवान शिवजी का ध्यान किया। तब भगवान शिवजी ने बताया कि इसका भेद मैं नहीं जानता, लेकिन एक पुरुष का भेद उसकी पत्नी के पास होता है। उसके बाद श्रीकृष्ण मनमोहक छलिये का रूप धारण कर बाबा चाणुर की पत्नी लूणा के पास पहुंच गए और बातों में उलझाकर भेद जान लिया। चाणुर की पत्नी लूणा ने श्रीकृष्ण को बताया कि मेरे पति को दुनिया में कोई नहीं हरा सकता क्योंकि उसकी जड़ें पताल में हैं और चोटी आसमान में है। वह धरती और आसमान के बीच खड़ा है। भेद जानकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए। युद्ध दोबारा शुरू हुआ तो श्रीकृष्ण ने चोटी को हटाने के लिए चूहे भेजे तो चाणुर ने उन्हें मारने के लिए चिड़िया लगा दी। श्रीकृष्ण ने पाताल से हटाने के लिए चींटियां भेजी तो बाबा चाणुर ने चींटियों को मारने के लिए मुर्गों को लगा दिया। अब तक बाबाजी भगवान श्रीकृष्ण को पहचान चुके थे। आखिर 22 दिन के बाद बाबा जी ने अपना घुटना जमीन पर लगा दिया और अपनी हार मान ली। उन्होंने श्रीकृष्ण से क्षमा मांगी और घर चले गए। भगवान श्रीकृष्ण ने बाबाजी को कहा कि मैं तुम्हें वरदान देता हूं कि कलयुग में आप न्याय के देवता एवं सच्ची सरकार के रूप में जाने जाओगे, जिस भी व्यक्ति को कोर्ट कचहरी में न्याय नहीं मिलता हो वह आपके दर पर आकर न्याय पाएगा। आप को सिद्धचानो के नाम जाना जाएगा।

# कुंडली में छिपा है जेल योग




**जीवन में कई बार ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित हो जाती हैं, जिनके कारण जातक के साथ-साथ पूरा परिवार जेल यात्रा करता है। जिन जातकों के जीवन में बड़े उत्कर्ष का समय होता है, उनके जीवन में जीवन साथी के कारण पूरे परिवार को जेल यात्रा करनी पड़ती है...**

**ज्योतिष** शास्त्र में ऐसे अनेक योग व उदाहरण व्याप्त हैं, जो अति प्राचीनता को प्रमाणित करते हैं। जीवन में कई बार ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित हो जाती हैं, जिनके कारण जातक के साथ-साथ पूरा परिवार जेल यात्रा करता है। इन घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए कारणों को तलाशना शुरू किया तो पाया गया कि जिन जातकों के जीवन में बड़े उत्कर्ष का समय होता है। उनके जीवन में जीवन साथी के कारण पूरे परिवार को जेल यात्रा करनी पड़ती है। जीवन में ऐसे कई मोड़ आते हैं जो भविष्य की दशा और दिशा दोनों को बदलने में देर नहीं लगाते। स्वयं तो सारा जीवन धर्म-कर्म, दान-पुण्य करते रहे, कभी गलत का साथ नहीं दिया, जिस कारण मन में संतुष्टि और जीवन सुखमय व खुशहाल था, लेकिन अपने ही किसी सगे-संबंधी के कारण बिना किए अपराध का दंड भोगना पड़ा। इस कारण को समझने के लिए उपरोक्त जातक की कुंडली से समझा जा सकता है। जातक की कुंडली में कर्क लग्न से सप्तम भाव में शनि बलवान होकर बैठा है। फिर भी इसकी पत्नी ने आत्महत्या की, क्योंकि सप्तम भाव जीवन साथी का लग्न माना जाता है। जहां मकर राशि है। यहां से अष्टम से हम जीवन साथी की आयु को देखेंगे। सप्तम से अष्टम का स्वामी सूर्य नीच राशि में राहु-शनि से दृष्ट होकर पाप ग्रहों से पीड़ित है। इसलिए राहु ग्रह की महादशा के साथ मंगल ग्रह की अंतर्दशा में (20-10-99 से 7-11-2000) पत्नी ने आत्महत्या की और जातक को जेल जाना पड़ा। यहां गौरतलब है कि जातक की कुंडली में राहु-मंगल एक-दूसरे से षडाष्टक योग बना रहे हैं और मंगल की दृष्टि भी राहु पर है। जातक के साथ माता-पिता भी जेल गए, क्योंकि पितृ कारक सूर्य नीचस्थ होकर दशम भाव को देख रहा है। नवमेश गुरु पर भी शनि की दृष्टि है। चौथा भाव अर्थात माता के स्थान पर नीचस्थ सूर्य पर शनि की दृष्टि है। अत~ माता-पिता दोनों को साथ में जेल जाना पड़ा। **-विभूति शर्मा, भडियाड़ा**

# द्वादश ज्योतिर्लिंग के नाम से मशहूर बिलासपुर का शिव धाम पन्याला मंदिर

**द्वादश** ज्योतिर्लिंग के नाम से मशहूर शिव धाम पन्याला हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के अंतर्गत तहसील घुमारवीं में पड़ता है। यह पवित्र स्थान घुमारवीं सरकाघाट रोड पर है। घुमारवीं से लगभग आठ किलोमीटर तथा कुठेड़ा से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आज यह शिवधाम लोगों में आस्था का केंद्र बन गया है।

इस मंदिर के बारे में एक बहुत प्रचलित कथा है। कहा जाता है कि पहले सड़क की दूसरी तरफ यह प्राचीन मंदिर होता था जिसको कि कामदानाथेश्वर के नाम से जाना जाता था। जब घुमारवीं से सरकाघाट हाईवे सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ तब वहां पर कार्यरत ठेकेदार और कामगारों को एक छोटा सा शिवलिंग मिला। उन्होंने शिवलिंग को वहां से उठाकर सड़क के दूसरी तरफ रख दिया। मंदिर के पुजारी बाबा धर्मवीर कहते हैं कि पहले यहां बहुत छोटा सा मंदिर होता था। सड़क निर्माण के कारण इसका निर्माण सड़क के दूसरी तरफ किया गया। लोगों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। पहले मंदिर में एक ही शिवलिंग होता था। सन 1995 में इस मंदिर का जीरोंद्वार किया गया और यह मंदिर धीरे-धीरे लोगों की आस्था का केंद्र बनता गया।



कैप्टन जय महलवाल
गांव वेकल, घुमारवीं

बाबा धर्मवीर जी ने बताया कि यह बात सन 2003 की है कि एक गाड़ी में लोग 11 शिवलिंगों को लेकर जा रहे थे। वह जैसे ही इस स्थान पर पहुंचे तो आगे भारी बारिश के कारण सड़क मार्ग अवरुद्ध हो चुका था और उनको वहीं पर रुकना पड़ा। क्योंकि सड़क मार्ग को खुलने में दो से तीन दिन लगे थे इसलिए वे लोग इन शिवलिंगों को यहीं पर छोड़कर वापस चले गए। इस कारण इन 11 शिवलिंगों को भी इस मंदिर में स्थापित कर दिया गया और तब से इस मंदिर को द्वादश ज्योतिर्लिंग के नाम से भी जाना जाता है। आज के समय में यह शिव धाम लोगों की आस्था का ऐसा केंद्र बन गया है कि जो भी यात्री इधर से गुजरते हैं वह इस मंदिर में अवश्य ही अपना शीश झुकाते हैं और भगवान भोलेनाथ का प्रसाद लेकर ही जाते हैं। यह 12 ज्योतिर्लिंग इस प्रकार से हैं काशी विश्वनाथ, बैद्यनाथ, नागेश्वर, भीमाशंकर, रामेश्वर ,ममलेश्वर, त्रंबकेश्वर, घृष्णेश्वर , मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, केदारनाथ और सोमनाथ। जहां एक और मंदिर के सौंदर्यकरण के लिए शिव मंदिर सेवा दल कमेटी का गठन किया गया है वहीं दूसरी तरफ दूर-दूर से श्रद्धालु अपना शीश नवाने इस द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव धाम पनयाला में आते हैं। मंदिर के प्रांगण की खूबसूरती देखते ही बनती है। मंदिर में 12 शिवलिंगों के अलावा भगवान श्री कृष्णा, श्री गणेश, हनुमान की सुंदर मूर्तियां भी स्थापित की गई है। यहां के पुजारी बताते हैं कि पहले स्थान पर घना जंगल होता था। स्थानीय लोग इस पहाड़ी को फेटी धार के नाम से भी जानते हैं। साथ ही पन्याला में एक नाला भी बहता है जिसमें की सोने के कण भी पाए जाते हैं।



## मंदिर के साथ टीले पर रखी हैं शिव-पार्वती की मूर्तियां

**मंदिर** के साथ ही छोटे से टीले पर भगवान शिव और पार्वती की मूर्तियां रखी गई है जिसको कैलाश पर्वत का नाम दिया गया है और वहां पर कैलाश परिक्रमा के लिए अलग-अलग रास्ता बनाया गया है।

इस मंदिर के प्रांगण में और कैलाश परिक्रमा के आसपास रुद्राक्ष, अर्जुन, जामिया पाम, साइकस पाम,फॉक्सटेल पाम, बिल्व, कदंब इत्यादि पेड़ लगाए गए हैं जो कि मंदिर की सुंदरता को चार चांद लगाते हैं। महाशिवरात्रि के दिन तो इस मंदिर में सुबह से ही भक्तों की इतनी कतार लग जाती है कि शाम तक वह कतार खत्म होने का नाम ही नहीं लेती है।

कहा जाता है कि भगवान भोलेनाथ के द्वादश ज्योतिर्लिंगों को स्पर्श करने से पूजा का विशेष महत्व हो जाता है जिससे कि मनुष्य के भौतिक, दैविक और आध्यात्मिक तापों की निवृत्ति होती है।

# स्वप्न संसार

- जो व्यक्ति आग की उठती हुई लपटें देखता है उसे अनेक प्रकार की सुख-सुविधाएं प्राप्त होती हैं। संतान की प्राप्ति होती है।
- यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में किसी को चेक लिखकर देता है, उसे विरासत में धन की प्राप्ति होती है तथा व्यवसाय में वृद्धि होती है।
- यदि कोई व्यक्ति स्वप्न में किसी ज्योतिषी से अपना भविष्य जंचवाता है, तो उसके सामने कठिनाइयां ही कठिनाइयां होती है।
- स्वप्न में बच्चे का रुदन सुनना बीमारी अथवा परेशानी का कारण बनता है।
- स्वप्न में यदि किसी को गड़ा अथवा छिपा हुआ धन दिखाई दे तो उसके धन में वृद्धि होती है।
- यदि व्यक्ति स्वप्र में नई झाड़ू लेकर अपने आपको खड़ा देखता है, तो यह सौभाग्य प्रतीक होता है।

# नेशनल हाईवे पर अवैध डंपिंग बनी खतरा

## नगर निगम की लापरवाही से मिट्टी के पहाड़ हुए खड़े, जिला प्रशासन ने लगाई रोक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नेशनल हाईवे बाईपास सोलन में सब्जी मंडी के नजदीक भवन निर्माण की अवैध डंपिंग आसपास के लोगों के लिए चिंता व परेशानी का सबब बन गई है।

यहां निगम की लापरवाही से हजारों टनों के हिसाब से सड़क किनारे मलबा गिराया गया। निगम ने कुछ वर्ष पहले कंस्ट्रक्शन वेस्ट को गिराने को अधिकृत किया था पर इसका सही तरीके से निस्तारण नहीं हुआ। अब हालात यह हैं कि हाईवे किनारे मिट्टी का पहाड़ खड़ा हो गया। इसे आसपास के ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इतना ही नहीं फोरलेन का काम पूरा होने के बाद भी यहां मिट्टी और कंस्ट्रक्शन वेस्ट डंप करना जारी है। इससे नीचे के एक गांव को बड़ा खतरा पैदा हो गया। इस कारण प्रशासन ने अब यहां पर डंपिंग पर रोक लगा दी है। साथ ही निगम के अधिकार को भी समाप्त किया है। (अनंत ज्ञान)



नेशनल हाईवे-पांच पर सब्जी मंडी के नजदीक करते अवैध डंपिंग।

### शुल्क लेने पर राजस्व हो सकता था उत्पन्न

सोलन एमसी के पूर्व उपमहापौर और पार्षद राजीव कोड़ा का कहना है कि अगर साइट का उपयोग करने वालों से कुछ शुल्क लिया जाता, तो इससे राजस्व उत्पन्न हो सकता था। इससे अवैध डंपिंग पर भी रोक लग सकती थी। यह स्थल एक नाले के सामने है और मलबे का ढेर बारिश के साथ ढह सकता है, जिससे पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो सकता है। निगम ने इस जगह डंपिंग साइट के साथ मैदान बनाने की योजना बनाई थी पर अन्य विभागों से सहयोग नहीं मिला। साइट पर अवैध डंपिंग को रोकने के लिए तत्काल उपाय किए जाने चाहिए।

### शहर में नहीं डंपिंग साइट

तेजी से भवन निर्माण के बावजूद सोलन नगर निगम के पास कोई अधिकृत डंपिंग साइट नहीं है। ऐसे में भवन निर्माण के दौरान प्लाट कटिंग से निकल रही मिट्टी सड़क किनारे और गली मोहल्लों के इर्द-गिर्द गिराई जा रही है। इससे बारिश का पानी अवरुद्ध होकर घरों को नुकसान पहुंचा सकता है। साथ अवैध डंपिंग से शहर की सुंदरता पर भी धब्बा लग रहा है।

### ग्रामीणों के लिए खतरा

नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने कहा कि यह साइट अब नगर निकाय के पास नहीं है और इसे हाल ही में जिला प्रशासन ने वापस ले लिया है। वे अब यहां अवैध डंपिंग को नियंत्रित नहीं कर सकते। मेयर ने अनियंत्रित डंपिंग पर भी चिंता व्यक्त की क्योंकि इससे नीचे के गांव को खतरा हो सकता है और साथ ही पास का नाला भी अवरुद्ध हो सकता है।

# विनोद की किताब 'गांधी इन शिमला' पर नई दिल्ली में चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

गांधी समारक निधि की स्थापना की डायमंड जुबली पर नई दिल्ली में गांधी पीस फाउंडेशन में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में सोलन के लेखक विनोद भारद्वाज की किताब गांधी इन शिमला पर चर्चा हुई।

सम्मेलन की अध्यक्षता गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष रामचंद्र राही ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन गांधी स्मारक निधि के महासचिव संजय सिंह ने किया। सम्मेलन में देश के 19 राज्यों के 60 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विनोद भारद्वाज ने इस सम्मेलन में शिरकत की। अपनी पुस्तक की जानकारी देते हुए विनोद भारद्वाज ने गांधी के शिमला प्रवास पर लिखी अपनी पुस्तक गांधी इन शिमला पर चर्चा करते हुए बताया कि गांधी वर्ष 1921 से 1946 तक 10 बार शिमला आए। पुस्तक में शिमला से जुड़ी उनकी यादें, स्थानों व पहाड़ की जनता में ग्राम स्वराज, आपसी भाईचारे, खादी के उपयोग की विस्तार से जानकारी दी गई। गांधी द्वारा शिमला पर लिखे लेख 500वीं मंजिल के बारे में अपने विचार साझा किए। इस पुस्तक का प्रकाशन हिमाचल राज्य संग्रहालय ने वर्ष -2021 में किया था। सम्मेलन में देशभर से आए 60 गांधीवादी वक्ताओं ने गांधी दर्शन सहित वर्तमान चुनौतियों, समस्याओं और उनसे निजात पर अपने-अपने विचार रखे।



नई दिल्ली में गांधी पीस फाउंडेशन में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में सोलन के लेखक विनोद भारद्वाज अपने वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा मुक्ति केंद्र के कर्मी को चाकू से किया घायल

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के गुन्नूघाट में नशा मुक्ति केंद्र के एक कर्मी को उस दौरान एक युवक ने चाकू मार दिया, जब उसे नशा मुक्ति केंद्र ले जा रहे थे। घटना के बाद गंभीर हालत में कर्मी को मेडिकल कालेज एवं अस्पताल नाहन ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रेफर किया गया है। पुलिस ने घायल कर्मी के सहकर्मियों के बयान पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। नशा मुक्ति केंद्र जोहड़ों को नाहन के एक परिवार द्वारा युवक को केंद्र भेजे जाने को लेकर संपर्क किया गया, जिसके बाद टीम आई, जैसे ही टीम युवक को अपने साथ ले जाने लगी तभी युवक ललित शर्मा ने चाकू निकाला और एक कर्मी हनी निवासी अंबाला हरियाणा के पेट में मार दिया। पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन ने मामले की पुष्टि और कहा कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### ट्रांसफार्मर में आग से 20 हजार का नुकसान

**बीबीएन।** मानपुरा थाना के तहत पुलिस लाइन के साथ लगते ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगने से आस पास के क्षेत्र में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। ट्रांसफार्मर में आग से बिजली बोर्ड को 20 हजार का नुकसान हुआ। सूचना मिलते ही फायर डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया। फिलहाल ट्रांसफार्मर में आग लगने का कारण अज्ञात है।

### ड्रॉप रोबॉल में हिमाचल रहा तीसरे स्थान पर



**सोलन।** कुरूक्षेत्र के श्री कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित 14वीं सीनियर नेशनल ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। यह स्थान प्रदेश की टीम ने युगल मुकाबले में हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन 29 से 31 मार्च तक किया गया। प्रदेश ड्रॉप रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोबिंद सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 25 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। हिमाचल इस आधुनिक भारतीय खेल में ऊंचाइयों की तरफ अग्रसर हो रहा है। यह खेल प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है। यह खेल कम खर्चीला और छोटे ग्राउंड में खेले जाने वाला भारतीय मिट्टी का अपना पहला खेल है। युवा इस खेल से जुड़कर नशे सहित तमाम बुराइयों से बच सकते हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

**सोलन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने बताया कि सोलन के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन परिसर तथा कंडाघाट, अर्की, कसौली और नालागढ़ न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामले, धन वसूली आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, वेतन, भत्तों और सेवानिवृत्त से संबंधित मामलों की सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा।

# बच्चों के साथ प्रेम व अनुशासन से युक्त व्यवहार करना आवश्यक

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

दून वैली पब्लिक स्कूल नालागढ़ में बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यापकों और अभिभावकों ने हिस्सा लिया, जिसमें बाल मनोवैज्ञानिक डॉ. शिल्पा सूरी ने विशेषज्ञ की भूमिका निभाई।

उन्होंने अलग-अलग सत्रों में अभिभावकों और अध्यापकों के साथ बच्चों की मानसिकता और उनके व्यवहार से संबंधित विस्तृत बिंदुओं को सिलसिलेवार और व्यवस्थित तरीके से साझा किया। बच्चों के साथ संयम धैर्य, प्रेम और अनुशासन इन सभी गुणों से युक्त व्यवहार करना आवश्यक है, जैसा व्यक्तित्व हम अपने बच्चों के सामने प्रदर्शित करेंगे वैसा ही व्यक्तित्व उनका भी बनेगा। प्रिंसिपल देवेंद्र महल ने बताया कि आज के बदलते परिवेश में बच्चे के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक विकास के प्रति सजगता बढ़ाने के उद्देश्य से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं स्कूल के अध्यापकों के लिए इस विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया।



दून वैली स्कूल में विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लेते अभिभावक।

# ट्रक चालक से 19.738 किलो चूरा पोस्त बरामद

**बीबीएन।** बरोटीवाला पुलिस ने ट्रक से 19.738 किलो ग्राम चूरा पोस्त बरामद की है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार करते हुए एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

आरोपी की पहचान हुसन चंद निवासी बरोटीवाला से हुई। जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम रूटीन गश्त पर थी, तो एक ट्रक की तलाश ली, तो ट्रक के अंदर से भारी मात्रा में चूरा पोस्त बरामद किया, जिसकी वजन 19.738 किलोग्राम था। पुलिस ने तुरंत ट्रक चालक को गिरफ्तार करते हुए मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मैदानी क्षेत्रों में फायर सीजन से निपटने के लिए मुस्तैद हुआ फायर डिपार्टमेंट

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सोलन के मैदानी क्षेत्र बद्दी-नालागढ़ में गर्मी तेजी से बढ़ना शुरू हो चुकी है। गर्मियों में फायर सीजन के चलते अब अग्निशमन विभाग भी पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। दमकल विभाग ने वाहनों का रखरखाव सही कर दिया है, वहीं फायर हाईड्रेंट की जांच कर ली गई है, ताकि आग लगने की परिस्थिति में तुरंत निपटा जा सके।

मार्च-अप्रैल माह में ही गर्मी दस्तक दे देती है, लेकिन मई व जून में बीबीएन में अत्यधिक व भीषण गर्मी पड़ती है और फायर सीजन में आगजनी की घटनाएं भी होती हैं। ऐसे में दमकल विभाग ने अपनी तैयारियों को पूरा कर लिया है। औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन के तहत नालागढ़ व बद्दी में दो फायर स्टेशन हैं और दोनों ही फायर स्टेशनों में वाहनों को दुरुस्त बना दिया गया है। फायर बिग्रेड नालागढ़ के फायर ऑफिसर जयपाल एवं फायर ऑफिसर बद्दी जोगिंद्र ने कहा कि फायर सीजन को लेकर तैयारियां मुकम्मल कर दी हैं और फायर हाईड्रेंट की जांच की जा चुकी है, ताकि आग की घटनाओं पर काबू पाया जा सके।

### स्टाफ व गाड़ियां

दमकल विभाग नालागढ़ के तहत मौजूदा समय में एक वॉटर बाऊजर, एक सीओटू कंबाइंड डीसीपी वाटर टेंडर व एक क्यूआरबी, दो वाटर टेंडर हैं, जबकि एक फायर आफिसर, तीन लीडिंग फायरमैन, आठ फायरमैन, छह होमगार्ड के जवान और सात चालक हैं। वहीं बद्दी के तहत दो वॉटर बाऊजर, एक क्यूआरबी, एक रेस्क्यू टेंडर, दो वाटर टेंडर हैं। फायर बिग्रेड बद्दी में दो फायर आफिसर, तीन लीडिंग फायरमैन, सात फायरमैन, सात होमगार्ड के जवान व आठ ड्राइवर हैं।

# 831 ग्राम गांजा किया बरामद

**पांवटा साहिब।** पुलिस थाना पुरुवाला की टीम ने गश्त के दौरान 831 ग्राम गांजा बरामद किया है।

इसमें आरोपी मुकेश, पुत्र रमेश, निवासी बंगाला कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, सुरेंद्र और रमन, पुत्र भीम सेन निवासी पंजाब से 870 ग्राम भुक्की पकड़ी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ पांवटा आईपीएस अदिति सिंह ने कहा कि नशे को रोकने के लिए पुलिस प्रयासरत है और लगातार कार्रवाई की जा रही है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सिरमौर फुटबॉल एसोसिएशन की मांग, दीपक को किया जाए बर्खास्त

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव नाहन से संबंध रखने वाले दीपक शर्मा पर महिला खिलाड़ियों के साथ मारपीट करने के आरोप लगे हैं, जिसके बाद सिरमौर फुटबॉल एसोसिएशन ने दीपक शर्मा को प्रदेश एसोसिएशन समेत अन्य सभी पदों से बर्खास्त करने की मांग उठाई है और मामले में निष्पक्ष जांच करते हुए सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

महिला खिलाड़ियों से मारपीट के मामले में दीपक शर्मा को गोवा में गिरफ्तार भी किया जा चुका है। अध्यक्ष नरेंद्र थापा ने फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दीपक द्वारा की गई खिलाड़ियों के साथ मारपीट को शर्मनाक बताया है। उनको जल्द फुटबॉल एसोसिएशन के पदों से बर्खास्त कर मामले में निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। महिला खिलाड़ियों की कहीं भी टीम जाती है, तो महिला अधिकारी या फिर फुटबॉल कोच अवश्य साथ होती है, लेकिन दीपक शर्मा ने ऐसा नहीं किया वह महिला खिलाड़ियों को अकेले ही बस में सवार कर रवाना हो गए। दीपक शर्मा हिमाचल से रवाना होते हुए दिल्ली तक जमकर शराब पीते गए। इसके पश्चात गोवा पहुंचने के बाद भी नशे की हालत में बिना किसी सूचना महिला खिलाड़ियों के कमरे में घुसकर मारपीट की।

# दीपक के समर्थन में उतरा समानांतर संघ

**अनंत ज्ञान, नाहन**

महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के आरोपों के बाद गोवा पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दीपक के समर्थन में अब समानांतर संगठन सिरमौर जिला फुटबॉल एसोसिएशन उतर आया है।

नाहन में फुटबॉल एसोसिएशन के जिला महासचिव राकेश पाहवा आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में फुटबॉल खिलाड़ी मौजूद रहे। फुटबॉल एसोसिएशन का कहना है कि दीपक शर्मा पर लगाए जा रहे हैं सभी आरोप भी बेबुनियाद हैं और जब तक कोई जांच रिपोर्ट सामने नहीं आती, तब तक उनके खिलाफ कुछ भी कहना और निलंबन की मांग करना जल्दबाजी है। उन्होंने यह भी कहा कि नाहन में पत्रकार वार्ता कर कुछ लोगों द्वारा जो आरोप दीपक शर्मा पर लगाए गए थे वह पूरी तरह गलत हैं साथ ही आरोप लगाने वाले लोग सिरमौर फुटबॉल एसोसिएशन का हिस्सा नहीं हैं। दीपक शर्मा कई सालों से फुटबॉल खेल को लेकर समर्पित रहे हैं और कई नए खिलाड़ी प्रदेश के अलग-अलग जिलों को दिए हैं और उनका हमेशा फुटबॉल के प्रति समर्पण रहा है।



नाहन में पत्रकार वार्ता करते फुटबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# 24 घंटे के भीतर बांगरन पुल पर बंद हो ओवरलोडिंग : नाथूराम

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब उपमंडल को आंजभोज की दर्जनों पंचायतों से जोड़ने वाला बांगरन पुल कभी भी गिर सकता है क्योंकि उस पुल पर ओवरलोडेड ट्रक चलते हैं और प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

यह बात समाजसेवी नाथूराम चौहान ने पांवटा में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। इस दौरान उन्होंने कहा लगभग एक वर्ष पहले उन्होंने इस मामले को लेकर एक सप्ताह का धरना भी दिया था। उस दौरान एसडीएम मौके पर पहुंचे और उन्होंने आश्वासन दिया कि ओवरलोडेड ट्रक बंद किए जाएंगे और इस पर कारवाई होगी। साथ ही नाथूराम चौहान ने आरोप लगाया कि बांगरन पुल के मरम्मत में केवल 19 लाख रुपए का खर्चा आया, जबकि डेढ़ करोड़ का बजट पास किया गया था। इसको लेकर एसडीएम ने कहा था कि इसको लेकर विशेष जांच कमेटी बनाई जाएगी। यह प्रेस कान्फ्रेंस में उन्होंने प्रशासन पर भी सवाल उठाए कि मामला उठाने के बाद एक वर्ष में भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया। 24 घंटे के भीतर प्रशासन को बांगरन पुल पर ओवरलोडिंग रोकनी होगी और वहां पुलिस को तैनात करना होगा अन्यथा एक बार फिर वे धरने पर उतरेंगे। पुल की मरम्मत कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच की जानी चाहिए।



# सोलन में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन**

> मौसम खराब होने की स्थिति में तिथि व समय में किया जा सकता बदलाव

हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन को आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत बिजली मंडल सोलन के कुछेक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

यह जानकारी बिजली मंडल सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। राहुल ने बताया कि प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक माल रोड, अपर बाजार, पुराना उपायुक्त कार्यालय, आनंद कांप्लेक्स, न्यायालय परिसर, लोक निर्माण विभाग कालोनी, क्लीन, सेर क्लीन, सन्नी साइड, विवान्ता मॉल, चिल्ड्रन पार्क, पुस्तकालय, , गण की सेर, मनसार, झोखड़ी, हॉट मिक्स के आस-पास के क्षेत्र, ग्रानी, सलोगड़ा के कुछ क्षेत्र, सेवला, बरड बस्ती, तरण-तारण, पडग, विनसम होटल, दाउंसी, गलोथ, कोडहारी, कोठी, कथोग, ऑफिसर कालोनी, कोटलानाला, कथेड, मिनी सचिवालय, लक्कड़ बाजार, गंज बाजार, शिल्ली मार्ग, उपायुक्त आवास क्षेत्र, मोहन कालोनी, मधुबन कालोनी, हरि मंदिर क्षेत्र, राजगढ़ मार्ग, नगर निगम क्षेत्र, रेनॉल्ट शोरूम तथा आस-पास के क्षेत्र, चौक बाजार, सर्कुलर मार्ग, धोबीघाट, आईटीआई, पुराना बस अड्डा, सेंट ल्यूक्स, खनोग, मतियूल, खलीफा लॉज, जेबीटी मार्ग, सूर्य विहार, तहसील परिसर, टैंक रोड, खुंडीधार, सांईटिस्ट कालोनी, नया बस अड्डा, पुलिस लाइन, सब्जी मंडी, सेरी, चंबाघाट चौक, बसाल मार्ग, हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र बसाल, घडयाल, डांगरी, शिरी, धाला, पट्टी, दयोली की सेर, गारा, पोकन, बाडा, धरोट, सलुमना, बावरा, गरीब बस्ती आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में अथवा किन्हीं अन्य अपरिहार्य कारणों के दृष्टिगत निर्धारित तिथि व समय में बदलाव किया जा सकता है।

# करोड़ों कर्ज के बावजूद सरकार के रुके पड़े विकास के काम : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

> बागवानों की मांगों को सुनने वाला कोई नहीं

हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने एक बार फिर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बेसब्री से उन सब गारंटी को पूरा करने का इंतजार कर रही है, जिसके दम पर 2022 में यह सरकार सत्ता में आई थी। सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में बिंदल पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



बिंदल ने कहा कि पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियां को देने का वादा किया था मगर नौकरियां देने की बात, तो दूर नौकरियां देने वाले संस्थान ही इस सरकार ने बंद कर दिए। बिंदल ने आरोप लगाया कि डेढ़ साल के कार्यकाल में मौजूदा सरकार नौकरियां नहीं दे पाई है। 10 गारटियां देते हुए कांग्रेस ने जगह-जगह दीवारें रंग दी और आज भी वह गारंटियां दीवारों पर दिख रही हैं। मांगों को लेकर प्रदेश भर में धरने प्रदर्शन चले हुए हैं। उनकी मांग सुनने वाला कोई नहीं है। प्रदेश में ओलावृष्टि से किसानों-बागवानों को बड़ा नुकसान हो रहा है मगर कोई भी बात सुनने वाला नहीं है। प्रदेश के लिए वह काला दिन था, जिस दिन कांग्रेस की सरकार प्रदेश के भीतर चुनी गई क्योंकि उसके बाद प्रदेश में विकास को ही ब्रेक लग गई।

**आगाज** चरू स्थापना के साथ धार्मिक स्थल गुरु इतवार नाथ मठ ठौड़ निवाड़ में शांत महायज्ञ आरंभ

# कुरुड़ को कंधे पर उठाकर मंदिर की शिखा तक पहुंचाया

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

राजगढ़ विकास खंड की ठौड़ पंचायत निवाड़ी में स्थित लगभग आठ सौ साल पुराने ऐतिहासिक पारंपरिक एवं धार्मिक स्थल गुरु इतवार नाथ मठ ठौड़ निवाड़ में शांत महायज्ञ आरंभ हो गया।

इसका शुभारंभ चरू स्थापना के साथ हुआ। यह जानकारी देते हुए मठ के पुजारी भुपेंद्र गिरी ने बताया कि इस मठ के मुख्य संरक्षक बलसन (घोड़ना) के राणा विक्रम सिंह हैं। यह मठ ठियोग व बलसन क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र है और वे गुरु इतवार नाथ को अपना गुरु मानते हैं और गुरु महाराज की पूजा करते हैं। इस मठ का निर्माण भी बलसन क्षेत्र के लोगों द्वारा किया गया था। आज से सैकड़ों वर्ष पहले इस मठ के निर्माण के लिए लकड़ी व पत्थर भी बलसन क्षेत्र से ही लाया गया था। यहां काबिले गौर है कि ठौड़ निवाड़ से बलसन की दूरी लगभग 120 कि.मी है और उस जमाने में बलसन क्षेत्र के लोगों ने इस मठ के लिए पत्थर व लकड़ी पीठ पर लाद कर लाए थे। इस बार भी इस मठ के निर्माण के लिए लकड़ी व पत्थर बलसन क्षेत्र से ही लाया गया है और मंदिर के शिखर लगने वाला सबसे कुरूड़ भी बलसन से ही लाया गया। इसी कड़ी में कुरूड़ बलसन क्षेत्र से कल देर रात्रि को यहां पहुंचा और चरू स्थापना के साथ कुरूड़ का स्वागत हुआ। आज सुबह यहां सबसे पहले रेखा पूजन व ज्वाला माता रवाना की पालकी व क्षेत्र के प्रसिद्ध आराध्य देव शिरगुल महाराज शाया की छड़ी का आगमन हुआ और स्थानीय लोगों द्वारा छड़ी व पालकी का पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ स्वागत किया गया। उसके बाद कुरूड़ शोभायात्रा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के निकाली गई। (अनंत ज्ञान)



मठ पर कुरुड़ की स्थापना करते ब्राह्मण एवं मंदिर के कारीगर।

### यह मठ 800 साल पुराना

बलसन क्षेत्र से आए लोगों ने पूरी वैदिक एवं दैविक विधि के साथ कुरूड़ को कंधे पर उठाकर मंदिर की शिखा तक पहुंचाया और उसके बाद मंदिर निर्माण के कारीगरों ने मंदिर के शिखर पर कुरुड़ की स्थापना की उसके बाद शिखा पुजन, शुद्धि हवन, गुरु गद्दी प्रतिष्ठा व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यहां काबिले जिक्र है कि शांत महायज्ञ यहां तभी आयोजित होता है, जब कहीं नए मंदिर का निर्माण पूर्ण होता है या फिर किसी प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार होता है। यहां यह मठ आठ सौ साल पुराना है और इससे पहले इसका जीर्णोद्धार कब हुआ होगा इसके बारे में कोई भी प्रमाण आज के समय में उपलब्ध नहीं है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-17 राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में खेलेगा तन्मय

**घुमारवीं।** जिला बिलासपुर के तन्मय शर्मा का चयन पांडुचेरी में आयोजित होने वाली अंडर 17 राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक होगी। तन्मय शर्मा मूलतः उपमंडल घुमारवीं के गांव बरोटा का निवासी है। तन्मय के चयनित होने पर पूरी क्षेत्र में खुशी की लहर है। 15 वर्षीय तन्मय शर्मा फिलहाल डीएवी पब्लिक स्कूल घुमारवीं में दसवीं कक्षा का छात्र है तथा इससे पहले भी वह है स्कूल की तरफ से दो बार एथलेटिक्स तथा बास्केटबॉल में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले चुका है। फिलहाल तन्मय नाहन में आयोजित हो रहे बास्केटबॉल कैंप में भाग ले रहा है ।

### जरूरत पड़ने पर ही ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करेंगे धोनी : क्लार्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आक्रामक पारी के बाद महेंद्र सिंह धोनी को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की



मांग उठ रही है लेकिन माइकल क्लार्क का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स का यह पूर्व कप्तान जरूरत पड़ने पर ही ऐसा करेगा। धोनी ने दिल्ली के खिलाफ आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंद पर नाबाद 37 रन बनाए लेकिन उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद धोनी के प्रशंसक उनसे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए आने की अपील कर रहे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान क्लार्क का मानना है कि यह दिग्गज भारतीय खिलाड़ी पहले की तरह फिनिशर की भूमिका निभाता रहेगा।

### धोनी की बल्लेबाजी हमारे लिए सकारात्मक पहलू : फ्लेमिंग

**विशाखापत्तनम ।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि जब खेल के प्रति जागरूकता की बात आती है तो फिर महेंद्र सिंह धोनी का कोई सानी नहीं, जिन्होंने आईपीएल के इस सत्र में पहली बार बल्लेबाजी करते हुए अपने बल्ले की चमक बिखेरी। भारत की तरफ से 2019 में अपना आखिरी मैच खेलने वाले धोनी ने पिछले साल अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। फ्लेमिंग ने कहा,'' यह खूबसूरत पारी थी। वह टूर्नामेंट शुरू होने से पहले अभ्यास सत्र से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने गंभीर चोट से उबरकर वापसी की है। उनकी बल्लेबाजी शानदार रही। इससे एक मुश्किल दिन के आखिर में टीम को सकारात्मक ऊर्जा मिली।''

### आईएसएल : मुंबई सिटी को रोकने उतरेगी हैदराबाद एफसी

**हैदराबाद।** मुंबई सिटी एफसी की टीम आज शाम गाचीबोवली स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के मुकाबले में मेजबान हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी। आइलैंडर्स 19 मैचों से 41 अंक अर्जित करके तालिका में शीर्ष पर हैं। मोहन बागान सुपर जायंट 18 मैचों में 39 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। लिहाजा, मुंबई सिटी एफसी सीजन के इस चरण में कोई भी चूक बर्दाश्त नहीं कर सकती है।

### झटका : रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने इस्तीफा दिया

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद ) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को अपना त्याग पत्र भेज दिया है। त्याग पत्र में उन्होंने लोकतंत्र को समाप्त नहीं होता देखने की बात कही है।
लोकसभा चुनाव 2024 का चुनावी बिगुल बज चुका है। इस चुनावी सियासत में लगातार नेताओं को दल बदलने और सियासी धड़ेबाजी देखने को मिल रही है। राष्ट्रीय लोकदल में यह सिलसिला नहीं थम रहा है।

### खालिस्तानी पोस्टर के संबंध में पंजाबी ढाबा मालिक को पकड़ा

**गुवाहाटी ।** पंजाब के रहने वाले एक ढाबा मालिक को खालिस्तानी समर्थक होने के संदेह में असम के बोंगाईगांव जिले से पकड़ा गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बोंगाईगांव के पुलिस अधीक्षक मोहन लाल मीणा के मुताबिक, उस व्यक्ति ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर गेरुकाबारी चौकी के पास स्थित सड़क किनारे बने अपने ढाबे में खालिस्तानी विचारक जरनैल सिंह भिंडरावाले और अन्य के पोस्टर रखे थे। इसकी जांच की जा रही है। मीणा ने कहा, संदिग्ध की पहचान पंजाब के तरनतारन जिले के गुरमुख सिंह के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि सिंह के पास से दिवंगत विवादास्पद गायक सिद्धू मूसेवाला की तस्वीर भी मिली है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने 6.30 करोड़ का सोना जब्त किया

मुंबई। सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने पिछले पांच दिनों में मुंबई एयरपोर्ट में अलग-अलग 22 मामलों में विदेशी मुद्रा सहित 6.30 करोड़ रुपए मूल्य का 10.68 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। इसे चेक-इन बैग, हैंडबैग, पहने हुए कपड़ों, यात्रियों के शरीर, बॉडी कैविटी और पैडलॉक में छुपाकर लाया गया था। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम विभाग की टीम कर रही है।

### रिजर्व बैंक ने बाहरी अनिश्चितताओं से निपटने में मदद की : सीतारमण

**मुंबई ।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई)



के पेशेवर प्रबंधन ने बाहरी असंतुलन और अनिश्चितताओं से निपटने संबंधी भारत की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है। केन्द्रीय मंत्री सीतारमण ने आरबीआई के 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में बैंकों की बैलेंस शीट की समस्याओं को सुधारने में केंद्रीय बैंक की भूमिका की सराहना की। सीतारमण ने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता प्रबंधन और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई ढांचा सभी बड़े कदम हैं, जिसे रिजर्व बैंक ने अच्छी तरह से क्रियान्वित किया है। आरबीआई के 1 अप्रैल को 90वें स्थापना दिवस पर मुंबई में आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भारत के केंद्रीय बैंक के तौर पर आरबीआई की स्थापना वर्ष 1935 में हुई थी। इसका एक जनवरी 1949 को राष्ट्रीयकरण किया गया था।

---

**आईपीएल-2024** लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बेंगलुरु के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

# जीत की तलाश में रॉयल चैलेंजर्स

**एजेंसी, बेंगलुरु**

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

आरसीबी की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फॉफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम नहीं आंका जा सकता है, लेकिन उसके खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।

उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं, लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसिस ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है। पाटीदार की खराब फॉर्म जारी है और आरसीबी उनको विश्राम देकर सुयस प्रभुदेसाई जैसे खिलाड़ियों को मौका दे सकता है।

आरसीबी की चिंता केवल बल्लेबाजी को लेकर नहीं है क्योंकि उसके मुख्य गेंदबाज भी अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसका तेज गेंदबाजी विभाग मोहम्मद सिराज पर निर्भर है जिन्होंने अभी तक तीन मैच में दो विकेट लिए हैं। यही नहीं वह रनों पर अंकुश लगाने में भी नाकाम रहे हैं। सिराज ने अभी तक 10 रन प्रति ओवर की दर से रन लुटाए हैं।

सिराज के साथ नई गेंद संभालने वाले अलजारी जोसेफ ने भी अभी तक केवल एक विकेट लिया है और 9.4 रन प्रति ओवर की दर से रन लुटाए हैं। आरसीबी वैस्ट इंडीज के इस तेज गेंदबाज के स्थान पर रीस टॉपले या लॉकी फर्ग्यूसन को अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार कर सकता है। लखनऊ की अपने कप्तान लोकेश राहुल की फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई है जिनका उपयोग अभी वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट के रूप में कर रहा है।

उनकी अनुपस्थिति में निकोलस पूरन कप्तानी का जिम्मा संभाल रहे हैं। यह देखना होगा कि लखनऊ राहुल का उपयोग इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही करता है या फिर वह कप्तान, विकेटकीपर और बल्लेबाज की तीनों भूमिकाओं में वापसी करेंगे। यह लखनऊ ही नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट के लिए भी अच्छी खबर है कि तेज गेंदबाज मयंक यादव 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे हैं। वह चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी अपनी रफ्तार का जादू दिखाने के लिए तैयार होंगे।




**संभावित टीमें**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फॉफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मयंक डागर, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन में से।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रूणाल पांड्या, यश ठाकुर, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, मैट हेनरी में से।

### पंत पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर



चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। दिल्ली ने यह मैच जीत कर इस सत्र में अपना खाता भी खोला।

### मैड्रिड की बार्सिलोना पर बढ़त बरकरार

**मैड्रिड ।** विनीसियस जूनियर की अनुपस्थिति में रोड्रिगो ने शानदार खेल का नजारा पेश करते हुए दो गोल किए जिससे रियाल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 2–0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने कट्टर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना पर आठ अंक की बढ़त बरकरार रखी।

वीनीसियस जूनियर पीले कार्ड मिलने के कारण एक मैच का निलंबन झेल रहे थे लेकिन रोड्रिगो ने उनकी कमी नहीं खलने दी। बार्सिलोना ने एक अन्य मैच में लास पामास को 1–0 से पराजित किया।

## पेरिस ओलंपिक में खेलेंगी मीराबाई चानू

**कुकेट ( थाईलैंड )।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप–बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की।



चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है।

अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है। क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा विश्व कप के समापन के बाद होगी जब ओक्यूआर अपडेट किया जाएगा। प्रत्येक भार वर्ग से शीर्ष 10 भारोत्तोलक पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे।

### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 से

नई दिल्ली। राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (एनईएससी) 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ (ईएसएफआई) ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर–स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।
ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल–एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। विजेता क्षेत्रीय क्वालीफायर में आगे बढ़ेंगे जहां वे 11 नवंबर से सऊदी अरब के रियाद में अन्य एशियाई देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## ऑल इंडिया क्रॉसमिंटन नेशनल चैंपियनशिप में छाए प्रदेश के खिलाड़ी

**गरली, सालबिया शर्मा**

इंडस बैली पब्लिक स्कूल नोएडा में आयोजित ऑल इंडिया क्रॉसमिंटन नेशनल चैंपियनशिप में हिमाचल के खिलाड़ियों ने स्वर्ण व रजत पदक जीतकर देशभर में अपनी काबलियत का लोहा मनवाया। ऊना के जशन दीप सिंह कांग ने उत्तर प्रदेश के रचित ढींगरा को हराकर स्वर्ण पदक जबकि स्वास्तिक राणा अंडर–18 में दिल्ली के अजीन को हराकर रजत पदक जीता।

50 प्लस पुरुष मुकाबले में नैहरन पुखर के हरीश राणा ने रजत पदक जीता। मिश्रित युगल में नैहरनपुखर की अंजू राणा और जशन दीप सिंह कंग ने रजत पदक हासिल जीता। 40 प्लस महिला एकल में नैहरनपुखर की अंजु राणा ने रजत पदक जीता।जशनदीप सिंह कांग और स्वास्तिक राणा ने टीम इवेंट में रजत पदक हासिल किया। (अनंत ज्ञान)




अपने जीते पदकों के साथ हिमाचल के खिलाड़ी।


## चेतावनी : इस साल 20 दिन रहेगी हीटवेव

**एजेंसी, नई दिल्ली,**

भारतीय मौसम विभाग ने इस साल ज्यादा गर्मी का अनुमान लगाया है। अप्रैल से मई के बीच तापमान ज्यादा रहेगा। वहीं इस बार 20 दिनों तक हीटवेव की संभावना जताई गई, जो अमूमन 8 दिनों तक रहती है।

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन महीनों में देश के छह राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में गर्मी का ज्यादा असर रहेगा। अगले हफ्ते तापमान 2 से 5 डिग्री तक बढ़ सकता है।

अप्रैल–जून के दौरान भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है। मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलेगी।



#### गेहूं की तैयार फसल पर कोई प्रभाव नहीं

भारतीय मौसम विभाग ने कहा कि तापमान में बढ़ोत्तरी से गेहूं की तैयार फसल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारतीय मौसम विभाग के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय मोहपात्रा ने कहा, मध्य प्रदेश में इस समय तापमान 37-40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है और अगले सप्ताह 42 डिग्री तक जाने की संभावना है। चूंकि राज्य में गेहूं की कटाई का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है, इसलिए कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर तापमान 35 डिग्री से ऊपर चला गया तो भी पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

#### देश में हीटवेव से 31 साल में 24 हजार मौतें

यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज के स्कॉलर रमित देबनाथ की स्टडी के मुताबिक भारत में गर्मी की वजह से 31 सालों में 24 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। भारत का 90 फीसदी इलाका अत्यधिक गर्मी वाले खतरनाक जोन में आता है। भारत अधिक गर्मी को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हीटवेव को आपदा में शामिल करना होगा।

#### भारत में हीटवेव की स्थिति

भारत में जब किसी मैदानी क्षेत्र का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुंच जाता है तो इसे हीटवेव की स्थिति माना जाता है। इसके अतिरिक्त सामान्य तापमान से 7 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे अधिक की बढ़ोत्तरी को गंभीर हीटवेव की स्थिति माना जाता है

## भारत के रक्षा निर्यात ने 32 .5 फीसदी की छलांग लगाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत का रक्षा निर्यात वित्तीय वर्ष 2023–24 में 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी है। भारतीय रक्षा निर्यात बढ़ने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन दर्ज किया है। रक्षा मंत्रालय ने भारत के रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं।
सरकार की नीतिगत पहलों और रक्षा उद्योग के सहयोग से भारत ने वित्त वर्ष 2022–23 में रक्षा निर्यात में अहम उपलब्धि हासिल की थी। पिछले वित्त वर्ष में भारत का रक्षा निर्यात लगभग 16 हजार करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था, जो वित्त वर्ष 2021–22 की तुलना में लगभग 3,000 करोड़ रुपए ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात 2016–17 के बाद से 10 गुना से ज्यादा बढ़ा है। भारत फिलहाल 85 से ज्यादा देशों को हथियार प्रणालियों का निर्यात कर रहा है।



## गाजा में फलस्तीनियों के लिए सहायता आपूर्ति लेकर पहुंचे जहाज

**एजेंसी, दीर अल बलाह**

साइप्रस के विदेश मंत्री सी. कोम्बोस ने सोमवार को कहा कि युद्ध प्रभावित गाजा में फलस्तीनियों की मदद के लिए सैकड़ों टन सहायता आपूर्ति लेकर कई जहाज पहुंचे हैं। कोम्बोस ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि तीन जहाजों को सहायता आपूर्ति उतारने की अनुमति मिल गई है। इजराइल–हमास युद्ध के कारण गाजा की अधिकांश आबादी विस्थापित हो गई है और एक तिहाई निवासी भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। अमेरिका की 'चेरिटी वर्ल्ड सेंट्रल किचन' के मुताबिक, इन जहाजों पर 10 लाख लोगों से अधिक के लिए भोजन की सामग्री लदी हुई है, जिसमें चावल, पास्ता, आटा और सब्जियां शामिल हैं।



## चुनाव आयोग से राहुल के खिलाफ शिकायत

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग वाले कमेंट के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई है। भाजपा के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण कुमार ने अपनी शिकायत में आयोग से मांग की है कि राहुल गांधी को नोटिस न भेजकर उनके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाए। रामलीली मैदान पर विपक्षी गठबंधन की महारैली हुई थी। रैली में राहुल ने कहा था कि यहां मैच फिक्स है। चुनाव आयोग में सरकार के अपने ही लोग हैं। ईवीएम के बिना भाजपा चुनाव नहीं जीत सकती है।



**शानदार** सालाना आधार पर वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में 11.5 फीसदी का उछाल दिखा

# मार्च में 1.78 लाख करोड़ रहा जीएसटी राजस्व संग्रह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मार्च** में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर जीएसटी संग्रह में 11.5 फीसदी का उछाल दिखा है, जबकि मासिक आधार पर जीएसटी कलेक्शन का यह दूसरा सबसे उच्चतम स्तर है।

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि मार्च में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.65 लाख करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18.4 फीसदी अधिक है। घरेलू लेन–देन बढ़ने की वजह से मार्च में जीएसटी राजस्व संग्रह बढ़ा है। ये अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी राजस्व संग्रह है। इससे पहले सर्वाधिक जीएसटी राजस्व संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये रहा था। मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ने के साथ ही समूचे वित्त वर्ष 2023–24 में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपए रहा, जो वित्त वर्ष 2022–23 की तुलना में 11.7 फीसदी अधिक है।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक मार्च 2024 के 1.78 लाख करोड़ रुपए के जीएसटी कलेक्शन में सीजीएसटी 34,532 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 43,746 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 87,947 करोड़ रुपए( माल के आयात पर संग्रह किए गए 40,322 करोड़ रुपए सहित) और सेस सेस 12,259 करोड़ रुपए रहा है, जिसमें माल के आयात से मिले 996 करोड़ रुपए शामिल हैं।




#### आयकर व्यवस्था में एक अप्रैल से कोई नया बदलाव नहीं

वित्त मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, व्यक्तिगत करदाता अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। वित्त मंत्रालय की ओर से 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में यह स्पष्टीकरण सोशल मीडिया मंच पर जारी उन सूचनाओं के बाद आया है, जिसमें एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी नई कर व्यवस्था में कुछ बदलावों का दावा किया गया है।
मंत्रालय ने कहा है कि नई आयकर व्यवस्था 'डिफॉल्ट' कर व्यवस्था है। हालांकि, करदाता उस आयकर व्यवस्था (पुरानी या नई) को चुन सकते हैं, जो उन्हें लगता है कि उनके लिए फायदेमंद है।

### कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का रुख है। ब्रेंट क्रूड का भाव उछल कर 88 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब है।

हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल–डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल का भाव 94.72 रुपए और डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए और डीजल 90.76 रुपए प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए और डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है।